CMYK

तापमान अधिकतम :38°C
न्यूनतम: 25°C

सेंसेक्स 82,429.90
निफ्टी 24,924.70

सोना 95,812
चांदी 97,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, मंगलवार 13 मई 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 41 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 14 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## सिंधु जल संधि पर पाक को मोदी का साफ इशारा

# पानी और खून एक साथ नहीं बहेगा

### राष्ट्र के नाम पीएम का संबोधन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद अपने पहले संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तान के साथ ही दुनिया को सीधा संदेश दे दिया है। उन्होंने कहा है कि टेरर और टॉक एक साथ नहीं हो सकते हैं। टेरर और ट्रेड एक साथ नहीं चल सकते। पानी और खून भी एक साथ नहीं बह सकते, अगर पाकिस्तान से बात होगी, तो आतंकवाद पर होगी। पाकिस्तान से बात होगी, तो पीओके पर होगी।

कोई भी न्यूक्लियर ब्लैकमेल भारत नहीं सहेगा। भारत सटीक और निर्णायक प्रहार करेगा। हम आतंक की सरपरस्त सरकार और आतंक के आकाओं को अलग-अलग नहीं देखेंगे। सीजफायर के 51 घंटे बाद पीएम मोदी ने सोमवार रात 8 बजे देश को संबोधित किया। ऑपरेशन सिंदूर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि जिन आतंकियों ने हमारी मां-बहनों का सिंदूर मिटाया, हमने उन्हें मिटा दिया। हमारे ऑपरेशन में 100 से ज्यादा खूंखार आतंकवादी मारे गए हैं। सीजफायर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान की गुहार पर भारत ने संघर्ष रोकने की सहमति दी है। उन्होंने कहा कि भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ मिलिट्री एक्शन को केवल स्थगित किया है। पाकिस्तान का रवैया देखकर आगे का एक्शन तय करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान की तरफ से न्यूक्लियर धमकी सहन नहीं की जाएगी। भारत की तीनों सेनाएं सभी हालात से निपटने के लिए तैयार हैं। मोदी बोले कि हर प्रकार के आतंकवाद के खिलाफ हम सभी का एकजुट रहना, हमारी एकता की सबसे बड़ी शक्ति है। निश्चित तौर पर ये युग युद्ध का नहीं है, लेकिन ये युग आतंकवाद का भी नहीं है। टेररिज्म के खिलाफ जीरो टालरेंस एक बेहतर दुनिया की गारंटी है। पाकिस्तानी फौज, पाकिस्तान की सरकार जिस तरह आतंकवाद को खाद पानी दे रहे हैं, वो एक दिन पाकिस्तान को ही समाप्त कर देगा। पाकिस्तान को अगर बचना है, तो उसे अपने टेरर इन्फ्रास्ट्रक्चर का सफाया करना ही होगा, इसके अलावा शांति का कोई रास्ता नहीं है। भारत का मत एकदम स्पष्ट है, टेरर और टॉक एक साथ नहीं हो सकते हैं, टेरर और ट्रेड एक साथ नहीं चल सकते। पानी और खून भी एक साथ नहीं बह सकता। विश्व समुदाय से भी कहूंगा हमारी घोषित नीति रही है कि अगर पाकिस्तान से बात होगी, तो टेररिज्म पर ही होगी, अगर बात होगी, तो पीओके पर ही होगी। मैं एक बार फिर भारत की सेना और सशस्त्र बलों को सैल्यूट करता हूं। मैं भारतवासियों के हौसले, एकजुटता, संकल्प को नमन करता हूं। बहुत-बहुत धन्यवाद। भारत माता की जय। ऑपरेशन सिंदूर ने आतंक के खिलाफ लड़ाई में नई लकीर खींच दी है। न्यू नॉर्मल कर दिया है। पहला, आतंकी हमला हुआ, तो मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। अपने तरीके से अपनी शर्तों पर जवाब देकर रहेंगे, हर उस जगह जाकर कठोर कार्रवाई करेंगे, जहां से आतंकी जड़ें निकलती हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया ने पाकिस्तान का घिनौना सच देखा है जब मारे गए आतंकियों को विदाई देना पाकिस्तानी सेना के बड़े-बड़े अफसर उमड़ पड़े। स्टेट स्पॉन्सर आतंकवाद का ये बड़ा सबूत है। हम भारत और नागरिकों को किसी भी खतरे से बचाने के लिए लगातार निर्णायक कदम उठाते रहेंगे। युद्ध के मैदान पर हमने हर बार पाकिस्तान को धूल चटाई है। ऑपरेशन सिंदूर ने नया आयाम जोड़ा है। हमने न्यू एज वॉरफेयर में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। इस ऑपरेशन के दौरान हमारे मेड इन इंडिया हथियारों की प्रामाणिकता सिद्ध हुई। दुनिया देख रही है कि 21वीं सदी के वॉरफेयर में मेड इन इंडिया डिफेंस इक्विपमेंट का समय आ चुका है। पाकिस्तान ने हमारे गुरुद्वारों, घरों, मंदिरों और स्कूलों को निशाना बनाया। पाकिस्तान ने सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया, लेकिन इसमें भी पाकिस्तान खुद बेनकाब हो गया। दुनिया ने देखा कैसे पाकिस्तान के ड्रोन, मिसाइलें भारत के सामने तिनके की तरह बिखर गईं। भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने उन्हें आसमान में ही नष्ट कर दिया। पाकिस्तान की तैयारी सीमा पर वॉर की थी, लेकिन भारत ने पाकिस्तान के सीने पर वार कर दिया। भारत के ड्रोंस, मिसाइलों ने सटीकता के साथ हमला किया। पाकिस्तानी वायुसेना के एयरबेस को नुकसान पहुंचाया, जिस पर बहुत घमंड था। पहले तीन दिनों में ही पाकिस्तान को इतना तबाह कर दिया, जिसका उसे अंदाजा भी नहीं था। भारत की -शेष पृष्ठ दो पर

- मोदी बोले न्यूक्लियर ब्लैकमेल भारत नहीं सहेगा
- अपनी शर्तों पर देंगे करारा जवाब, पाक के खिलाफ कार्रवाई सिर्फ स्थगित, तीनों सेनाएं अलर्ट पर
- पाकिस्तान से बात होगी, तो आतंकवाद पर होगी
- पाकिस्तान से बात होगी, तो पीओके पर होगी
- जिन आतंकियों ने मां- बहनों का सिंदूर मिटाया, उन्हें मिटा दिया, 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए
- पीएम मोदी बोले- पाकिस्तानी वायुसेना के एयरबेस को हमारी सेना ने नुकसान पहुंचाया, जिस पर बहुत घमंड था





### अमेरिका व चीन में बनी ट्रेड डील पर सहमति

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### मुझे वो आंसू याद रहेंगे, जो तुमने कभी नहीं दिखाएः अनुष्का

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

### बीती रात जम्मू-कश्मीर और सीमाओं पर शांति रही : सेना

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने को लेकर बनी सहमति के बाद रविवार रात जम्मू-कश्मीर और सीमा पर शांति रही। सेना ने सोमवार सुबह बताया कि जम्मू-कश्मीर और अंतर्राष्ट्रीय सीमा से लगे अन्य इलाकों में रात काफी हद तक शांतिपूर्ण रही। किसी भी तरह की घटना की सूचना नहीं मिली है। सेना ने कहा है कि हाल के दिनों में यह पहली रात्रि है, जब सीमाओं पर शांति रही। उल्लेखनीय है कि पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में भारत द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान 100 से अधिक आतंकवादियों के मारे जाने के बाद से पाकिस्तान भारत के नागरिक और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर हमले कर रहा था।

### एसएमएस स्टेडियम को फिर मिली बम से उड़ाने की धमकी

**जयपुर।** राजस्थान के जयपुर में सोमवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम (एसएमएस) को बम से उड़ाने की फिर धमकी मिली है। इसके बाद पुलिस प्रशासन ने स्टेडियम को खाली कराया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार किसी व्यक्ति ने सोमवार को खेल परिषद कार्यालय में ईमेल भेजकर एसएमएस स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। खेल परिषद के अधिकारियों ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस नियंत्रण कक्ष को दी। इसके बाद पुलिस टीम एवं बम निरोधक दस्ता तथा अन्य टीमें एसएमएस स्टेडियम पहुंची एवं स्टेडियम को खाली कराया गया तथा सर्च अभियान शुरू किया।

### सिक्किम में भूकंप के तीव्र झटके महसूस

**गंगटोक।** सिक्किम में सोमवार तड़के भूकंप के तीव्र झटके महसूस किए गए। मौसम विज्ञान केन्द्र (आईएमडी) ने बताया कि राज्य में सोमवार तड़के महसूस किए गए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.7 मापी गई। भूकंप का केंद्र गंगटोक के दक्षिणी हिस्से के पास ताडोंग से लगभग 218 किलोमीटर की दूरी और जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई पर 29.02 डिग्री पूर्वी देशांतर और 87.48 डिग्री उत्तरी अक्षांश पर स्थित था। फिलहाल, पूर्वी हिमालयी राज्य में किसी के हताहत होने की तत्काल कोई सूचना नहीं है।

### कर्नाटक कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर को पाक का हिस्सा दिखाया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया, जिसमें जम्मू-कश्मीर को पाकिस्तान का हिस्सा दिखाने वाला नक्शा था। कन्नड़ में किए गए इस पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी और सरकार की आलोचना की गई थी, क्योंकि वे पाकिस्तान को अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से मिलने वाले लोन को रोकने में नाकामयाब रहे। हालांकि यह पोस्ट अब ग से हटा दी गई है। जब इस बारे में पूछा गया तो पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि यह गलत है। एक छोटी सी गलती थी। हमने सब कुछ हटा दिया है। किसी ने शरारत की थी।

# भारत और पाकिस्तान के DGMO ने दूसरी बार की वार्ता

- 10 मई को बनी सहमति के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के सैन्य अभियान महानिदेशकों (डीजीएमओ) ने सोमवार को आपस में बातचीत की।

ऐसी जानकारी मिली है कि दोनों डीजीएमओ ने सैन्य कार्रवाई और गोलीबारी रोकने के लिए दोनों पक्षों के बीच 10 मई को बनी सहमति के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया। भारत की ओर से डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने बात की। बता दें कि हॉटलाइन पर यह बातचीत पहले दोपहर 12 बजे होनी थी, लेकिन यह बातचीत शाम पांच बजे शुरू हुई। बातचीत के परिणाम के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं मिली है। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की हत्या कर दी गई थी। इस पर भारत ने बदला लेने के लिए पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हमला बोला था। 6 मई की देर रात शुरू हुई भारत की कार्रवाई में पाकिस्तान को काफी नुकसान पहुंचा। इसके बाद उसने शांति का प्रस्ताव रखा। तब पहली बार पाकिस्तान के डीजीएमओ ने भारत के डीजीएमओ को फोन पर बात कर संघर्ष विराम करने की अपील की थी।

### हमारा निशाना आतंकवादी थे, पाकिस्तानी सेना ने इसे अपनी लड़ाई बनाया




**नई दिल्ली।** भारतीय सशस्त्र सेनाओं ने सोमवार को कहा कि उनकी लड़ाई आतंकवाद और आतंकवादियों से थी और पाकिस्तानी सेना के आतंकवादियों के पक्ष में लड़ाई में उतरने के कारण भारत को उसके सैनिक ठिकानों को निशाना बनाना पड़ा जिसके लिए पाकिस्तानी सेना खुद जिम्मेदार है। भारतीय वायुसेना, नौसेना एवं थल सेना के सैन्य अभियान महानिदेशकों ने यहां एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि तुर्की के ड्रोन हों या कहीं की भी कोई अन्य शस्त्र तकनीक हो, हमारी स्वदेशी रक्षा प्रणाली, प्रशिक्षित योद्धा उससे मुकाबले के लिए तैयार हैं। ऑपरेशन सिंदूर में हमारा नुकसान बेहद मामूली रहा है।

### हमने किराना हिल्स पर हमला नहीं किया है, चाहे वहां कुछ भी हो: एयर मार्शल भारती

**नई दिल्ली।** वायुसेना के संचालन महानिदेशक एयर मार्शल एके भारती ने भारतीय सेनाओं द्वारा पाकिस्तान के किराना हिल्स में कथित तौर पर स्थित परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमला करने की अटकलों को खारिज कर दिया है। एयर मार्शल भारती ने सोमवार को यहां ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष ब्रीफिंग में सवालों के जवाब में यह बात कही। सोशल मीडिया पर चल रही इन खबरों के बारे में पूछे जाने पर कि क्या भारत ने किराना हिल्स में उस जगह को निशाना बनाया है, जहां परमाणु भंडारण सुविधा होने की बात कही जा रही थी, एयर मार्शल भारती ने कहा कि हमें यह बताने के लिए धन्यवाद कि किराना हिल्स में कुछ परमाणु प्रतिष्ठान हैं और हमें इसके बारे में पता नहीं था। हमने किराना हिल्स पर हमला नहीं किया है, चाहे वहां कुछ भी हो। एयर मार्शल ने कहा कि हमारी लड़ाई आतंकवादियों और उनके ढांचे से थी।

# विराट ने टेस्ट क्रिकेट को कहा अलविदा



**नई दिल्ली।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने सोमवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया। विराट कोहली के इस फैसले सभी को चौंका दिया है। कोहली ने अपने सोशल मीडिया मंच पर टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की जानकारी देते हुए लिखा कि 14 साल बीत गए, टेस्ट क्रिकेट में पहली बार बैगी ब्लू पहनी थी।

सच कहूं तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह प्रारूप मुझे ऐसी यात्रा पर ले जाएगा। इसने मुझे परखा, गढ़ा और जिंदगी भर साथ रहने वाले सबक सिखाए। उन्होंने कहा कि सफेद जर्सी में खेलना बहुत विशेष होता है। वे शांत संघर्ष, लंबे समय तक, और वो छोटे-छोटे पल जिन्हें शायद कोई नहीं देखता, लेकिन ये हमेशा दिल में रह जाते हैं। इस प्रारूप से अलग होना आसान तो नहीं था, लेकिन यह एक सही निर्णय है। मैंने इस प्रारूप को अपना सब कुछ दिया और इसने बदले में मुझे उससे कहीं ज्यादा दिया, जितनी मैंने कभी उम्मीद भी नहीं की थी। मैं इस खेल का, अपने साथ खेलने वाले हर साथी का और हर उस व्यक्ति का दिल से शुक्रगुजार हूं, जिसने इस सफर में मुझे सराहा।

# एल्विश यादव को हाईकोर्ट से झटका

प्रयागराज, वार्ता



- सांप से जहर निकालने के मामले में दर्ज एफआईआर नहीं होगी रद्द

**सोशल मीडिया** इंफ्लुएंसर और यू-ट्यूबर एल्विश यादव को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने एल्विश यादव की रेव पार्टी में ड्रग्स-सांप के जहर के इस्तेमाल मामले में चार्जशीट-समन रद्द करने की याचिका को खारिज कर दिया है।

इस मामले की सुनवाई इलाहाबाद हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने की। सोमवार को जस्टिस सौरभ श्रीवास्तव ने इस मामले में फैसला सुनाया। इस मामले में तीन नवम्बर 2023 को नोएडा के सेक्टर 49 में यू-ट्यूबर एल्विश यादव समेत कई लोगों पर प्राथमिकी दर्ज हुई थी। पीएफए ऑर्गेनाइजेशन के एनिमल वेलफेयर ऑफिसर गौरव गुप्ता ने सभी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। सभी पर रेव पार्टी में ड्रग्स, स्नेक वेनम के प्रयोग व जिंदा सांपों के साथ वीडियो बनाने का आरोप लगा था। एल्विश यादव के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम और आईपीसी व एनडीपीएस अधिनियम की कई धाराओं में मामला दर्ज है। इसी मामले में नोएडा सेक्टर-49 में एक थाने में दर्ज एफआईआर में एल्विश के खिलाफ चार्जशीट फाइल की गई है। साथ ही अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा समन भी जारी किया गया है। एल्विश की ओर से इस चार्जशीट और कार्रवाई को यह कहते हुए चुनौती दी गई है कि एल्विश के खिलाफ जानकारी देने वाला वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत एफआईआर दर्ज करने के लिए सक्षम नहीं था। यह दलील दी गई है कि आवेदक यानी कि एल्विश के पास से कोई सांप या नशीला पदार्थ बरामद नहीं हुआ है। वहीं एल्विश और अन्य सह-अभियुक्तों के बीच कोई संबंध स्थापित नहीं हुआ है। एल्विश की ओर से ये भी कहा गया है कि सूचना देने वाला व्यक्ति अब पशु कल्याण अधिकारी नहीं है, लेकिन उसने खुद को पशु कल्याण अधिकारी बताते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। एल्विश की ओर से कोर्ट में यह भी दलील दी गई कि आवेदक एक प्रभावशाली व्यक्ति है और टेलीविजन पर कई रियलिटी शो में दिखाई देता है। ऐसे में एफआईआर में एल्विश का नाम होने से मीडिया का इस ओर बहुत ध्यान गया। मीडिया की खबरों के चलते ही पुलिस अधिकारियों ने आवेदक को गिरफ्तार करने के तुरंत बाद धारा 27 और 27 ये एनडीपीएस अधिनियम को लागू करके मामले को और अधिक संवेदनशील बनाने का प्रयास किया। हालांकि, पुलिस अतिरिक्त आरोपों को साबित करने में फेल रही है।

# 32 नागरिक हवाई अड्डों पर उड़ाने शुरू

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने हिंडन, श्रीनगर, चंडीगढ़, जोधपुर, राजकोट और भुज समेत देश के 32 हवाई अड्डों को नागरिक विमान परिचालन के लिए फिर से खोल दिया है। सरकार ने पाकिस्तान के साथ सैन्य कार्रवाई के मद्देनजर इन हवाई अड्डों पर संचालन 15 मई 2025 को सुबह पांच बजकर 29 मिनट तक के लिए अस्थायी रूप से बंद कर दिया था। अब इस पाबंदी को हटा लिया है।



ये हवाई अड्डे अब तत्काल प्रभाव से नागरिक विमान परिचालन के लिए उपलब्ध हैं। नागर विमानन मंत्रालय ने सोमवार को अधिसूचना जारी कर कहा कि यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे एयरलाइनों से सीधे उड़ान की स्थिति की जांच करें और नियमित अपडेट के लिए एयरलाइन की वेबसाइटों पर नजर रखें। गौरतलब है कि विमानन प्राधिकरणों ने 10 मई को उत्तरी और पश्चिमी भारत के 32 हवाई अड्डों को सभी तरह के नागरिक उड़ान संचालन के लिए अस्थायी रूप से बंद करने की घोषणा की थी। प्राधिकरण ने जिन हवाई अड्डों पर परिचालन के लिए अस्थायी पाबंदी लगाई थी, उनमें उधमपुर, अम्बाला, अमृतसर, अवंतीपुर, बठिंडा, भुज,बीकानेर, चंडीगढ़, हलवारा, हिंडन, जैसलमेर, जम्मू, जामनगर, जोधपुर, कांडला, कांगड़ा (गग्गल), केशोद, किशनगढ़, कुल्लू मनाली (भुंतर), लेह, लुधियाना, मुंद्रा, नलिया, पठानकोट,पटियाला, पोरबंदर, राजकोट (हीरासर), सरसावा, शिमला, श्रीनगर, थोइस और उत्तरलाई शामिल थे।

# मप्र के 45 व राजस्थान के आठ जिलों में अलर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

- कई राज्यों में बारिश शुरू, 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलेंगी हवाएं, तापमान बढ़ेगा

**नई दिल्ली।** भीषण गर्मी के बीच कई राज्यों में बारिश का दौर शुरू हो गया है। मौसम विभाग ने सोमवार को मध्य प्रदेश के 45 और राजस्थान के 8 जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया है।

तेज हवाओं के साथ कुछ इलाकों में ओले भी गिरने की आशंका है। राजस्थान में रविवार सुबह से भीषण गर्मी रही। दोपहर के बाद नागौर, चितौड़गढ़, कोटा सहित 10 से ज्यादा जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश हुई। मध्य प्रदेश के 8 शहरों में तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश हुई। राजस्थान के हनुमानगढ़ और मप्र के अशोकनगर में ओले भी गिरे। उत्तर प्रदेश में पिछले 24 घंटे के दौरान लगभग 15 जिलों में तापमान 40 डिग्री के पार चला गया। वाराणसी 42.2 डिग्री के साथ सबसे गर्म शहर रहा। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 3 से 4 दिनों में राज्य के ज्यादातर इलाकों में तापमान में 5 से 6 डिग्री और बढ़ सकता है। मौसम विभाग ने सोमवार को 20 राज्यों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना जताई है। इनमें राजस्थान, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, असम, मेघालय, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, हरियाणा, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, केरल, महाराष्ट्र, पंजाब, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, झारखंड, तमिलनाडु और तेलंगाना शामिल हैं।

# हमने भारत-पाकिस्तान के बीच परमाणु जंग रोकी: ट्रम्प

## कहा: दोनों देशों को समझाया, लड़ाई नहीं रोकी, तो ट्रेड नहीं करेंगे, इस पर दोनों देश मान गए

वाशिंगटन, वार्ता



- मुझे आपको यह बताते हुए बहुत गर्व हो रहा है भारत और पाकिस्तान की लीडरशिप बहुत मजबूत और शक्तिशाली है

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच होने वाली परमाणु जंग रोक दी है। उन्होंने सोमवार को व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा कि अमेरिका ने दोनों देशों के बीच सीजफायर कराने में मदद की है। ट्रम्प ने कहा कि मुझे यकीन है कि यह सीजफायर स्थायी होगा।

दोनों देशों के पास बहुत सारे परमाणु हथियार हैं, इससे एक भीषण परमाणु जंग छिड़ सकती थी। लाखों लोग मारे जा सकते थे। ट्रम्प ने कहा कि मैंने दोनों से कहा कि चलिए इसे रोकते हैं, अगर आप इसे रोकते हैं, तो हम व्यापार कर रहे हैं। अगर आप इसे नहीं रोकते हैं, तो हम कोई व्यापार नहीं करेंगे। लोगों ने कभी भी बिजनेस का उस तरह से इस्तेमाल नहीं किया जैसा मैंने किया। ट्रम्प ने कहा कि मुझे आपको यह बताते हुए बहुत गर्व हो रहा है कि भारत और पाकिस्तान की लीडरशिप बहुत मजबूत और शक्तिशाली है। उनके पास हालात की गंभीरता को समझने की ताकत, बुद्धि और धीरज भरा नजरिया था। हमने बहुत मदद की। मैं उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और विदेश मंत्री मार्को रुबियो को उनके काम के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। ट्रम्प ने कहा कि मैंने कहा आइए, हम आप लोगों के साथ बहुत सारा व्यापार करने जा रहे हैं। हम अभी भारत के साथ बातचीत कर रहे हैं। हम जल्द ही पाकिस्तान के साथ बातचीत करने जा रहे हैं। ट्रम्प के बेटे ट्रम्प जूनियर ने रविवार को भारत-पाकिस्तान के बीच हुए सीजफायर का क्रेडिट पिता को दिया था। उन्होंने कहा था कि स्मार्ट लोग बातचीत की टेबल पर हैं और अमेरिका की वजह से दुनिया एक सुरक्षित जगह है। इससे पहले पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ ने भी ट्रम्प की तारीफ की थी। उन्होंने शनिवार को टीवी पर दिए गए भाषण में भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराने के लिए उनकी तारीफ की थी।

# पाकिस्तान को हथियार नहीं भेजे: चीन

- भारत से तनाव के दौरान कार्गो प्लेन भेजने को अफवाह बताया

**इस्लामाबाद।** चीन ने पाकिस्तान हथियार भेजने की खबरों को झूठा बताया है। चीनी सेना ने सोमवार को उन खबरों पर आपत्ति जताई है, जिसमें दावा किया गया था कि चीन का सबसे बड़ा कार्गो प्लेन Xian Y-20 पाकिस्तान को हथियार भेज रहा है।

चीन के रक्षा मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी एक बयान में कहा गया है कि ये सभी दावे बिल्कुल झूठे और निराधार हैं। चीनी सेना ने इन अफवाहों को लेकर कई सोशल मीडिया पोस्ट्स के स्क्रीनशॉट भी साझा किए, जिन पर लाल रंग में अफवाह लिखा गया था। इस बयान में चेतावनी दी गई है कि इंटरनेट कानून से परे नहीं है, जो भी सैन्य से जुड़ी अफवाहें फैलाएगा, उसे कानूनी जिम्मेदारी का सामना करना पड़ेगा। चीन ने भारत और पाक के बीच सीजफायर का स्वागत किया है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि सीजफायर से भारत और पाक दोनों देशों के हित पूरे होंगे। इससे इलाके में शांति और स्थिरता आएगी। भारत और पाकिस्तान हमेशा एक दूसरे के पड़ोसी हैं और रहेंगे।

# भारत ने आतंक के खिलाफ दिया सख्त संदेश

## ऑपरेशन सिंदूर से विश्व को सशक्त और निर्णायक संदेश पहुंचा: बीजेपी

**नई दिल्ली, वार्ता**

भारतीय जनता पार्टी ने ऑपरेशन सिन्दूर में भारतीय सशस्त्र बलों के पराक्रम की सराहना करते हुए सोमवार को कहा कि सेना ने देश की रक्षा करने के साथ ही आतंकवादी ठिकानों को तबाह करके समूचे विश्व को आतंकवाद के खिलाफ एक स्पष्ट, सशक्त और निर्णायक संदेश दे दिया है।



भाजपा के प्रवक्ता एवं सांसद डा. संबित पात्रा ने पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकवाद को पनाह देने वाले पाकिस्तान ने 22 अप्रैल को आतंकवादी घटना के माध्यम से भारत की वीरता और संप्रभुता को चुनौती देने का दुस्साहस किया। इस पर भारतीय सेना अद्‌भुत साहस का परिचय देते हुए आतंकवाद के गढ़ में घुसी और न केवल देश की रक्षा की, बल्कि आतंकवाद के खिलाफ सशक्त प्रहार भी किया। डा. पात्रा ने कहा कि बीते कुछ दिनों में भारत ने आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई की है, विशेष रूप से 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से पाकिस्तान स्थित आतंकी अड्‌डों को समाप्त किया है, वह अपने आप में न केवल भारत के भीतर बल्कि समूचे विश्व को आतंकवाद के खिलाफ एक स्पष्ट, सशक्त और निर्णायक संदेश देता है। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक अभियान में भारतीय सेना, वायुसेना और नौसेना ने अदम्य साहस और पराक्रम का परिचय दिया है। यह केवल एक सैन्य ऑपरेशन नहीं था, बल्कि यह भारत की संप्रभुता, सुरक्षा और आत्मसम्मान की रक्षा का प्रतीक था। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए भारत की सेना, वायुसेना, नौसेना और उन सभी जांबाज जवानों का हृदय से आभार प्रकट किया, जिनकी बहादुरी के कारण यह संभव हो पाया।

भारतीय सशस्त्र बलों के तीनों अभियान महानिदेशकों ने रविवार को प्रेस कांफ्रेंस में देश को बताया कि भारत आतंकवाद के खिलाफ अब पूरी शक्ति और प्रतिबद्धता के साथ खड़ा है। ऑपरेशन सिंदूर ने यह सिद्ध कर दिया है कि भारत अब पहले जैसा नहीं रहा। भारत किसी भी चुनौती का सामना करने में संकोच नहीं करता, बल्कि उसका उत्तर निर्णायक और ऐतिहासिक रूप में देता है। आज का भारत आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक भूमिका निभा रहा है और पूरी दुनिया भारत के इस नए आत्मविश्वास को देख रही है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि 22 अप्रैल की तारीख को देश कभी नहीं भूल सकता। यह दिन एक दुर्भाग्यपूर्ण दिन था, जब पहलगाम में 26 निर्दोष नागरिकों की नृशंस हत्या की गई। यह कायराना हमला उन आतंकवादियों द्वारा किया गया, जो पाकिस्तान से भेजे गए थे, जिन्हें पाकिस्तान द्वारा प्रशिक्षण दिया गया था। इस आतंकी हमले में 25 भारतीय नागरिकों के साथ एक नेपाली नागरिक भी शहीद हुए। घटना के समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सऊदी अरब के आधिकारिक दौरे पर थे, लेकिन जैसे ही उन्हें इस आतंकी हमले की सूचना मिली, वह तत्काल भारत लौटे और जनता की भावनाओं को समझा। देशभर की जनता ने एक स्वर में मांग की कि अब आतंकवाद पर निर्णायक हमला होना चाहिए। श्री मोदी ने उसी समय बिहार की धरती से जनता को आश्वासन दिया, हम इस हमले का बदला लेंगे।

# प्रियंका ने संघर्ष में सैनिकों की शहादत पर जताया शोक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आतंकवादी के विरुद्ध सेना की करवाई के दौरान शाहिद सैनिकों और अधिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पीड़ति परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। वाड्रा ने सोमवार को कहा कि आतंकवादियों के विरुद्ध भारतीय सेना की कार्रवाई और पाकिस्तान से सैन्य टकराव के दौरान हमारे कई जवानों की शहादत अत्यंत दुखद है। हमारी सेना के जांबाज सूबेदार पवन कुमार, सिपाही एम मुरली नाइक, लांस नायक दिनेश कुमार, बीएसएफ के सब-इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज, सार्जेंट सुरेंद्र कुमार मोगा, राइफलमैन सुनील कुमार और राजौरी के पुलिस अधिकारी राज कुमार थापा ने देश की सुरक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। इसके अलावा कई आम नागरिकों ने भी जान गंवाई है। उन्होंने कहा कि शोकाकुल परिवारों के प्रति मैं अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करती हूं। इस मुश्किल घड़ी में पूरा देश शोकाकुल परिजनों के साथ खड़ा है। हम सब अपने शहीदों और उनके परिवारों के सदैव ऋणी रहेंगे।

# मुसलमानों के विकास के बिना देश की तरक्की संभव नहीं

**■ अखिल भारतीय कौमी तंजीम ने सरकार का ध्यान आकर्षित कराया**

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय कौमी तंजीम ने कहा है कि मुसलमानों के शैक्षिक, आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक विकास के बिना देश का विकास नहीं हो सकता और सरकार को इस संबंध में ठंडे दिमाग से सोचना चाहिए।

तंजीम के अध्यक्ष एवं सांसद तारिक अनवर ने सोमवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि इन्हीं सब मुद्दों पर चर्चा करने के लिये राष्ट्रीय कार्यकारिणी की एक बैठक 25 मई को यहां बुलाई गई है। इस बैठक में कार्यकारिणी के सदस्यों के अलावा देश के प्रमुख राजनेता, आमंत्रित बुद्धिजीवी, पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता शामिल होंगे। पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि देश की वर्तमान परिस्थिति में लोगों के व्यापक हित में यह आवश्यक है कि देश के राजनेता, बुद्धिजीवी, सामाजिक कार्यकर्ता और कानूनी विशेषज्ञ एक साथ बैठकर देश की जनता के समक्ष उपस्थित विभिन्न समस्याओं, सामाजिक सुरक्षा और अन्य मुद्दों पर विचार-विमर्श करें। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थिति में सभी का दायित्व है कि वे इन समस्याओं के समाधान में अपनी भूमिका निभायें। अखिल भारतीय कौमी तंधीम के महासचिव एवं दिल्ली प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया प्रभारी मुहम्मद हिदायतुल्ला ने कहा कि देश में कुछ लोग तनाव पैदा करने में लगे हैं और सरकार भी देश की जनता का ध्यान मूल मुद्दों से भटकाने में प्रयासरत दिखती है।

## संक्षिप्त समाचार

### बसपा ने बुद्ध के आदर्शों पर चलाई सरकार: मायावती

**लखनऊ।** बसपा प्रमुख मायावती ने देशवासियों को बुद्ध पूर्णिमा की बधाई देते हुए कहा है कि बसपा ने भगवान बुद्ध के आदर्शों पर सरकार चलाई है। बुद्ध के अप्प दीपो भव: अर्थात शिक्षित बनो, खुद ऊपर उठो व अपना प्रकाश स्वयं बनो के सिद्धांत पर ही देश आत्मनिर्भर व महान बनेगा। इसी सिद्धांत पर चलकर बसपा ने पहली बार यूपी में कानून द्वारा कानून का राज स्थापित करके सभी को न्याय दिलाया था, जबकि अन्य सरकारों के कार्यकाल में कानून व्यवस्था का बुरा हाल है।

### सड़क हादसे में 13 की मौत, 14 घायल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा थाना क्षेत्र अंतर्गत सारागांव के पास खरोरा क्षेत्र में रविवार रात सड़क हादसा हुआ, जिसमें 13 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और 14 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा बंगोली गांव के पास उस वक्त हुआ जब माजदा वाहन और ट्रेलर की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। मृतकों में चार बच्चे और नौ महिलाएं शामिल हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी लोग बाना गांव में एक छठी कार्यक्रम में शामिल होकर अपने गांव आरंग के चटौद लौट रहे थे। माजदा वाहन में करीब 50 लोग सवार थे।

### पत्नी और बेटियों की हत्या के बाद लगाई फांसी

**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश में उन्नाव जिले के अचलगंज क्षेत्र में एक व्यक्ति ने कथित रूप से अपनी पत्नी और दो बेटियों की हत्या करने के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने बताया कि अचलगंज थाने पर सुबह करीब सात बजे सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्र के साहब खेड़ा गांव निवासी अमित (35) ने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घर के एक कमरे में अमित की पत्नी गीता द्ध30ऋ और दो बेटियां उम्र करीब 10 व 06 वर्ष के शव मिले हैं। मृतकों के शरीर पर कोई जाहिरा चोट के निशान नही पाये गये है। प्रथम दृष्टया अमित ने पत्नी व दोनो बच्चियों की हत्या कर स्वयं फांसी लगाकर आत्महत्या करना प्रतीत हो रहा है। घटना के सही तथ्यों की जानकारी के लिये शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है।

# पहलगाम घटना से घाटी हो गई वीरान: उमर

**श्रीनगर, वार्ता**

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा है कि पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले और उसके बाद भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान में मौजूद आतंकवादियों की कमर टूट गई, लेकिन इन दोनों घटनाओं का कुछ हद तक पाकिस्तान ने भी फायदा उठाया है। उन्होंने कहा कि इन घटनाओं से घाटी वीरान हो गई है और कश्मीर के पर्यटन को भारी नुकसान हुआ है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि पहलगाम की आतंकवादी घटना ने कश्मीर को भारी नुकसान पहुंचाया है। सालों से कूटनीति और आर्थिक स्तर पर हुई कोशिश से यह उपलब्धि हासिल की गई थी, वो सब एक झटके में तबाह हो गई। कश्मीर का पर्यटन उद्योग बर्बाद हो गया। यह सालों की कोशिश के बाद पटरी पर आया था। इस घटना से सब कुछ बदल गया। कुछ भी नहीं बचा। उन्होंने कहा कि इन दिनों घाटी की वादियां पर्यटकों से भरी रहती थी। अर्थव्यवस्था फल-फुल रही होती। बच्चे स्कूल जा रहे होते। एयरपोर्ट पर रोज 50-60 फ्लाइट्स उड़ाने भर रही होती, लेकिन सब बर्बाद हो गया। इस सब में पाकिस्तान ने फायदा उठाया है। उसने पहलगाम हमले और उसके बाद ऑपरेशन सिंदूर के बहाने कश्मीर के मुद्दे का अंतर्राष्ट्रीयकरण कर दिया।



**■ कश्मीर के पर्यटन को हुआ भारी नुकसान**

### पुनर्वास योजना पर भी चर्चा की

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को सीमा पार से होने वाली गोलीबा. री की घटनाओं से निपटने और पुनर्वास योजना के लिए भविष्य की रणनीति पर चर्चा की। अब्दुल्ला ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि पुंछ में विभिन्न समुदायों के नागरिक समाज के लोगों से बातचीत की और उनके साहस की कहानियां सुनी, मैं उनके हौसले को सलाम करता हूं। मुख्यमंत्री ने एक और पोस्ट में कहा कि हमने इन घटनाओं और पुनर्वास योजनाओं के लिए भविष्य की रणनीति पर चर्चा की।

## सीएम योगी का बड़ा तोहफा, इसी सत्र से पढ़ाई शुरू

# यूपी में एक साथ खुलेंगे 71 नए कॉलेज

**लखनऊ, वार्ता**

यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार लगातार शिक्षा के क्षेत्र में कदम उठा रही है और शिक्षा व्यवस्था का बेहतर बनाने की कोशिश में जुटी हुई है। इसी क्रम में सीएम योगी ने बड़ा फैसला लेते हुए कहा है कि इस शैक्षणिक सत्र 2025-56 में जुलाई महीने से प्रदेश में एक साथ 71 नए राजकीय महाविद्यालय खुलने जा रहे हैं। ये पहली बार जब प्रदेश में इतनी बड़ी संख्या में एक साथ नए महाविद्यालय खोले जाएंगे। उच्च शिक्षा निदेशालय ने अब तक 40 कॉलेजों को हस्तांतरित भी कर दिया है।

इन सभी कॉलेजों के हस्तांतरण को जल्द से जल्द पूरा किए जाने की प्रक्रिया की जा रही है, ताकि इस सत्र से ही इन कॉलेजों में पाठ्यक्रम की शुरुआत हो सके। शिक्षा निदेशालय की ओर से अधिकारी छात्रों के बेंच व अन्य साजो-सामान समेत तमाम सुविधाएं जुटाने में लगे हुए हैं। इन महाविद्यालयों के लिए असिस्टेंट प्रोफेसर के 1065 पदों के साथ कुल 1562 पदों पर सीधी भर्ती को सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है। जल्द ही इसके आदेश भी जारी हो जाएंगे। यूपी में जो नए कॉलेज शुरू होने जा रहे हैं, इनमें सबसे ज्यादा बरेली जनपद में हैं। यहां कुल 13 नए कॉलेज शुरू होंगे। इसके बाद दूसरे नंबर पर राजधानी लखनऊ है। यहां 12 महाविद्यालय शुरू होंगे। मेरठ में दस, आगरा और झांसी में 9-9 और गोरखपुर में 4 महाविद्यालय खुलेंगे। इनके अलावा प्रयागराज में दो, सिराथू में एक महाविद्यालय स्थापित किया जाएगा। इन सभी कॉलेजों को सरकार ही चलाएगी। प्रदेश में अभी तक 172 राजकीय महाविद्यालय संचालित हैं, जिनमें से ज्यादातर कॉलेजों में एक या दो वर्ग ही संचालित होते हैं, लेकिन नए कॉलेजों में तीनों आर्ट्स, कॉमर्स और साइंस वर्ग की राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आधार पर पढ़ाई कराई जाएगी। इसका मतलब है कि अगर साइंस का छात्र संस्कृत की पढ़ाई करना चाहता है, उसे मौका दिया जाएगा। शिक्षा निदेशक के मुता. बिक मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद 2025-26 के सत्र में एक साथ 71 महाविद्यालयों का संचालन शुरू होगा। ये अपने आप में ऐतिहासिक है।



**■ सबसे ज्यादा बरेली में 13 कॉलेज खोले जाएंगे, जबकि मेरठ में दस कॉलेजों का निर्माण होगा, राजधानी में 12 कॉलेज शुरू किए जाएंगे**

### आईएफजे के अध्यक्ष डा. के. विक्रम राव का निधन, योगी ने जताया शोक

**लखनऊ।** वरिष्ठ पत्रकार एवं इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स (आईएफडब्ल्यूजे) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. के. विक्रम राव का सोमवार सुबह निधन हो गया। वह करीब 80 वर्ष के थे। डा. राव सांस संबंधी समस्या से ग्रसित थे। हालत गंभीर होने पर आज सुबह उन्हें एक निजी अस्पताल ले जाया गया था, जहां उन्होने अंतिम सांस ली। उनका पार्थिव शरीर 703, पैलेस कोर्ट अपार्टमेंट माल एवन्यू में अंतिम दर्शन के लिए रखा गया है, जहां बड़ी संख्या में पत्रकारों, राजनेताओं का पहुंचना जारी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पत्रकारिता के पुरोधा डा. राव के निधन पर शोक जताते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। डा. राव रविवार को ही मुख्यमंत्री से मिले थे।

### संवाद से ही हासिल होगा कारोबारी और जीवन सुगमता का लक्ष्य: सीएम

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोकतंत्र की पहली शर्त है संवाद और संवाद के माध्यम से ही समस्याओं का निराकरण कर कारोबारी ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और जीवन सुगमता, ईज ऑफ लिविंग के लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकता है। योगी सोमवार को सिविल लाइंस क्षेत्र में बने नगरीय सेवा केंद्र अर्बन फैसिलिटेशन सेंटर और सीनियर सिटीजन डे केयर सेंटर का लोकार्पण करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि हम जनता को अधिक से अधिक सुविधाएं दे सकें। कॉमनमैन, आमजन की अधिक से अधिक सुनवाई कर सकें, यही लोकतंत्र की सफलता का मूल है। इन दोनों परियोजनाओं की कुल लागत 14.22 करोड़ रुपये है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में जनता को सिर्फ सामान्य नागरिक के तौर पर नहीं देखा जाता है बल्किजनता जनार्दन कहकर संबोधित किया जाता है। हमें लोकतंत्र की इसी भावना को अंगीकार कर आगे बढ़ना होगा।

योगी ने कहा कि बदलते वैश्विक परिवेश में भारत विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आजादी के अमृत वर्ष में इसने 200 वर्षों तक शासन करने वाले ब्रिटेन को पछाड़कर विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का गौरव हासिल किया था और अब यह जापान को पीछे छोड़कर चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। देश की समृद्धि हम सबके जीवन का ध्येय होना चाहिए। पहले गोरखपुर की स्थिति एक नगर पंचायत जैसी रही होगी। विकास यात्रा में अब नगर निगम के स्वरूप में इसकी गिनती प्रदेश के बड़े महानगरों में होती है। रोड, रेल, एयर कनेक्टिविटी, पर्यटन विकास, सफाई-स्वच्छता वंचितों के लिए बेहतरीन सुविधाओं का विस्तार से उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का गोरखपुर पूर्वी उत्तर प्रदेश के पांच करोड़ लोगों के लिए शिक्षाए चिकित्साए कारोबार और रोजगार का केंद्र है।



# युद्धविराम से शेयर बाजार में तेजी

**मुंबई, वार्ता**

भारत-पाकिस्तान के युद्धविराम समझौते से दोनों देशों के बीच तनाव कम होने से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा दमदार लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार पांच महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स जून 2024 के बाद की सबसे बड़ी 2975.43 अंक अर्थात 3.74 प्रतिशत की तेजी के साथ पांच महीने के उच्चतम स्तर 82 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 82,429.90 अंक पर पहुंच गया। इससे पहले 13 दिसंबर 2024 को यह 82,133.12 अंक पर रहा था। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 916.70 अंक यानी 3.82 प्रतिशत की छलांग लगाकर 24924.70 अंक हो गया। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी जमकर लिवाली हुई। इससे मिडकैप 3.85 प्रतिशत की मजबूती के साथ 43,731.60 अंक और स्मॉलकैप 4.18 प्रतिशत उछलकर 48,693.75 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई में कुल 4254 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3545 में लिवाली जबकि 576 में बिकवाली हुई, वहीं 133 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 3010 कंपनियों के शेयरों में से 2612 में तेजी जबकि 329 में गिरावट रही वहीं 67 में टिकाव रहा। विश्लेषकों के अनुसार हाल के दिनों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की निरंतर खरीददारी प्रमुख पहचान बनकर उभरी है। 08 मई को समाप्त हुए 16 कारोबारी सत्रों में एफआईआई ने एक्सचेंजों के माध्यम से कुल 48,533 करोड़ रुपये की इक्विटी खरीदी। हालांकि 9 मई को भारत.पाक तनाव के चलते 3,798 करोड़ रुपये की बिक्री दर्ज की गई। लेकिन अब जबकि युद्धविराम की घोषणा हो चुकी है, तो बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि एफआईआई द्वारा भारत में इक्विटी निवेश की गति एक बार फिर तेज हो सकती है। गौरतलब है कि वर्ष 2025 की शुरुआत में एफआईआई का रुख बिक्री की ओर था।



### 'माइनस 5 - प्लस 10' के सूत्र के साथ होगी धान की खेती

**नई दिल्ली।** देश में प्रमुख खाद्यान्न धान की खेती के लिए 'माईनस 5 - प्लस 10' के सूत्र के साथ एक योजना तैयार की गई है जिसमें रकबा घटाया और उत्पादन बढ़ाया जाएगा। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 'माइनस 5 और प्लस 10' फॉर्मूला भी पेश किया है जिसमें कहा गया धान की खेती के क्षेत्र को पांच मिलियन हेक्टेयर कम करते हुए उसी क्षेत्र में चावल उत्पादन को 10 मिलियन टन बढ़ाना शामिल है। अधिकारियों और कृषि विज्ञानियों ने बताया कि इस योजना दलहन एवं तिलहन की खेती के लिए खाली जगह प्राप्त होगी। धान का रकबा 50 लाख हक्टेयर घटना और उत्पादन एक करोड़ टन बढ़ाना है।

# खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में तेजी जारी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 18 रिंगिट बढ़कर 3790 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.75 सेंट उबलकर 50.32 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे।



दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा।

इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन : चना 5950-6050, दाल चना 6950-7050, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9650-9750, उड़द दाल 9150-9250, अरहर दाल 8300-8400 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3550-3650 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेल : सरसों तेल 15751 रुपये, मूंगफली तेल 18314 रुपये, सूरजमुखी तेल 16484 रुपये, सोया रिफाइंड 14725 रुपये, पाम ऑयल 13919 रुपये और वनस्पति तेल 16116 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**पानी और खून...**

और सशस्त्र बलों को सैल्यूट करता हूं। मैं भारतवासियों के हौसले, एकजुटता, संकल्प को नमन करता हूं। बहुत-बहुत धन्यवाद। भारत माता की जय। ऑपरेशन सिंदूर ने आतंक के खिलाफ लड़ाई में नई लकीर खींच दी है। न्यू नॉर्मल कर दिया है। पहला, आतंकी हमला हुआ, तो मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। अपने तरीके से अपनी शर्तों पर जवाब देकर रहेंगे, हर उस जगह जाकर कठोर कार्रवाई करेंगे, जहां से आतंकी जड़ें निकलती हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया ने पाकिस्तान का घिनौना सच देखा है जब मारे गए आतंकियों को विदाई देना पाकिस्तानी सेना के बड़े-बड़े अफसर उमड़ पड़े। स्टेट स्पॉन्सर आतंकवाद का ये बड़ा सबूत है। हम भारत और नागरिकों को किसी भी खतरे से बचाने के लिए लगातार निर्णायक कदम उठाते रहेंगे। युद्ध के मैदान पर हमने हर बार पाकिस्तान को धूल चटाई है। ऑपरेशन सिंदूर ने नया आयाम जोड़ा है। हमने न्यू एज वॉरफेयर में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। इस ऑपरेशन के दौरान हमारे मेड इन इंडिया हथियारों की प्रामाणिकता सिद्ध हुई। दुनिया देख रही है कि 21वीं सदी के वॉरफेयर में मेड इन इंडिया डिफेंस इक्विपमेंट का समय आ चुका है। पाकिस्तान ने हमारे गुरुद्वारों, घरों, मंदिरों और स्कूलों को निशाना बनाया। पाकिस्तान ने सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया, लेकिन इसमें भी पाकिस्तान खुद बेनकाब हो गया। दुनिया ने देखा कैसे पाकिस्तान के ड्रोन, मिसाइलें भारत के सामने तिनके की तरह बिखर गईं। भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने उन्हें आसमान में ही नष्ट कर दिया। पाकिस्तान की तैयारी सीमा पर वॉर की थी, लेकिन भारत ने पाकिस्तान के सीने पर वार कर दिया। भारत के ड्रोंस, मिसाइलों ने सटीकता के साथ हमला किया। पाकिस्तानी वायुसेना के एयरबेस को नुकसान पहुंचाया, जिस पर बहुत घमंड था। पहले तीन दिनों में ही पाकिस्तान को इतना तबाह कर दिया, जिसका उसे अंदाजा भी नहीं था। भारत की आक्रामक कार्रवाई के बाद पाकिस्तान बचने के रास्ते खोजने लगा, पाकिस्तान दुनियाभर में तनाव कम करने के लिए गुहार लगा रहा था और बुरी तरह पिटने के बाद किसी मजबूरी में 10 मई की दोपहर को पाकिस्तानी सेना ने हमारे डीजीएमओ को संपर्क किया। तब तक हम आतंकवाद के इन्फ्रास्ट्रक्चर पर बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा चुके थे, आतंकियों को मौत के घाट उतार दिया था, आतंक के अड्डों को हमने खंडहर बना दिया था। जब पाकिस्तान की तरफ से गुहार लगाई गई, जब ये कहा गया कि उसकी ओर से आगे कोई आतंकी गतिविधि और सैन्य दुस्साहस नहीं दिखाया जाएगा, जब भारत ने उस पर विचार किया। मैं फिर दोहरा रहा हूं हमने पाकिस्तान के आतंकी और सैन्य ठिकानों को जवाबी कार्रवाई को सिर्फ स्थगित किया है, आने वाले दिनों में हम पाकिस्तान के हर कदम को इस कसौटी पर मापेंगे कि वो आगे क्या रवैया अपनाता है। भारत की एयरफोर्स, आर्मी और नौ सेना, बीएसएफ, अर्धसैनिक बल अलर्ट पर हैं। सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक के बाद ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति है। आतंक के बहुत सारे आका बीते ढाई तीन दशकों से खुलेआम पाकिस्तान में घूम रहे थे। जो भारत के खिलाफ साजिशें करते थे। उन्हें भारत ने एक झटके में खत्म कर दिया। साथियों भारत की इस कार्रवाई से पाकिस्तान घोर निराशा में घिर गया था। हताशा में घिर गया था। बौखला गया था। इसी बौखलाहट में उसने एक और दुस्साहस किया, आतंक पर भारत की कार्रवाई का साथ देने की बजाय पाकिस्तान ने भारत पर ही हमला करना शुरू कर दिया। जब पाकिस्तान में आतंक के अड्डों पर भारत की मिसाइलों ने हमला बोला, भारत के ड्रोंस ने हमला बोला, तो आतंकी संगठनों की इमारतें ही नहीं, हौसला भी थर्रा गया। बहावलपुर और मुरीदके जैसे आतंकी ठिकानें एक प्रकार से ग्लोबल टेररिज्म की यूनिवर्सिटीज रही हैं।

दुनिया में कहीं पर भी जो बड़े आतंकी हमले हुए हैं चाहे 9/11हो चाहे लंदन ट्यूब बॉम्बिंग हो या फिर भारत में बड़े आतंकी हमले हों, उन सबके तार इन्हीं आतंक के ठिकानों से जुड़ते रहे हैं। आतंकियों ने हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा था, इसलिए भारत ने आतंक के ये हेडक्वार्टर्स उजाड़ दिए। इन हमलों में 100 से ज्यादा खूंखार आतंकवादियों को मौत के घाट उतारा गया है। ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ नाम नहीं, देश के कोटि-कोटि लोगों की भावनाओं का प्रतिबिंब है। ऑपरेशन सिंदूर न्याय की अखंड प्रतिज्ञा है। 6 मई की देर रात 7 मई की सुबह पूरी दुनिया ने इस प्रतिज्ञा को परिणाम में बदलते देखा है। भारत की सेनाओं ने पाकिस्तान में आतंक के ठिकानों, ट्रेनिंग सेंटर पर सटीक प्रहार किया। आतंकवादियों ने सपने में भी नहीं सोचा था कि भारत इतना बड़ा फैसला ले सकता है। लेकिन जब देश एकजुट होता है, नेशन फर्स्ट की भावना से भरा होता है, राष्ट्र सर्वोपरि होता है ,तो फौलादी फैसले लिए जाते हैं। परिणाम लाकर दिखाए जाते हैं। इस आतंकी हमले के बाद सारा राष्ट्र हर नागरिक हर समाज हर वर्ग हर राजनी. तिक दल एक स्वर में आतंक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए उठ खड़ा हुआ। हमने आतंकवादियों को मिट्टी में मिलाने के लिए भारत की सेनाओं को पूरी छूट दे दी। आज हर आतंकी आतंक का हर संगठन जान चुका है कि हमारी बहनों बेटियों के माथे से सिंदूर हटाने का अंजाम क्या होता है। 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादियों ने जो बर्बरता दिखाई थी, उसने देश और दुनिया को झकझोर दिया था। छुट्टियां मना रहे निर्दोष मासूमों को उनके परिवार के सामने, बच्चों के सामने बेरहमी से मार डालना ये आतंक का बहुत वीभत्स चेहरा है। यह देश के सद्‌भाव को तोड़ने की घिनौनी कोशिश भी थी। मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से ये पीड़ा बहुत बड़ी थी। हमारे वीर सैनिकों ने ऑपरेशन के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए असीम शौर्य का प्रदर्शन किया। मैं उनकी वीरता,साहस और पराक्रम को आज समर्पित करता हूं हमारे देश की हर माता-बहन और बेटी को। पाकिस्तान के साथ सीजफायर के 51 घंटे के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- बीते दिनों में देश का सामर्थ्य और उसका संयम दोनों देखा है। मैं सबसे पहले भारत की पराक्रमी सेनाओं को सशस्त्र बलों को हमारी खुफिया एजेंसियों को वैज्ञानिकों को हर भारतवासी की तरफ से सैल्यूट करता हूं। हमारे वीर सैनिकों ने ऑपरेशन के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए असीम शौर्य का प्रदर्शन किया। मैं उनकी वीरता,साहस और पराक्रम को आज समर्पित करता हूं, हमारे देश की हर माता-बहन और बेटी को।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# घर वाले करते रहे बेटे का इंतजार, आई हत्या की खबर

**दोस्त के सामने की चाकू गोदकर हत्या दोस्त किसी तरह से जान बचाकर भागा**

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** बवाना इलाके में लूट के मकसद से एक युवक की चाकू गोदकर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी मौके पर से फरार हो गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करके जांच कर रही है। पुलिस ने मृतक के दोस्त और चश्मदीद से भी पूछताछ करके बदमाशों के बारे में पहचान करने की कोशिश की है। पुलिस ने मृतक का फोन और पर्स को कब्जे में ले लिया है। वारदात के बाद परिवार व इलाके के लोगों में काफी रोष है। लोगों का कहना है कि यहां पर नाबालिगों के गैंग तैयार किये जाते हैं,जिनको चाकू चलाने आदि की बकायदा ट्रैनिंग दी जाती है। बदमाश अपने गैंग में नाबालिगों को बहला फूसलाकर और उनकी जरूरतों को पूरा करके वारदातों को अंजाम दिलवा रहे हैं। गैंग के लीडर ही नाबालिगों को बाल सुधार गृह से जल्दी से जमानत पर छुड़वा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक मृतक युवक की पहचान मुस्तफा (२५) के रूप में हुई। वह परिवार के साथ बवाना जे जे कॉलोनी इलाके में रहता था। वह मूलरूप से बिहार का रहने वाला था। परिवार में माता पिता और दो छोटे भाई रहमान,रहीम और एक बड़ा भाई अब्दुल मुर्तजा हैं। जबकि एक बहन की शादी हो चुकी है।

मुस्तफा सेक्टर-३ डीएसआईडीसी स्थित फैक्टरी में नौकरी करता था। बवाना पुलिस को रविवार रात करीब सवा नौ बजे सेक्टर-३ में युवक को चाकू मारने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। मुस्तफा को तुरंत नजदीक महर्षि वाल्मिकी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद मुस्तफा को बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल में शिफ्ट कर दिया था। डॉक्टरों ने मुस्तफा को मृत घोषित कर दिया था। पुलिस ने वारदात वाली जगह पर फॉरेंसिक टीम की मदद से सबूत इक्ट्ठा किये। मुस्तफा के जानकारों ने बताया कि मुस्तफा रात को अपने दोस्त नूर आलम के साथ फैक्टरी से नौकरी करके घर लौट रहा था। उसी वक्त कुछ लडकों ने उनको घेर लिया और उनको जान से मारने की धमकी देकर उनको लूटपाट करने लगे। विरोध व हाथापाई करने पर बदमाशों ने मुस्तफा को चाकू मार दिया था। जबकि उसके दोस्त किसी तरह से जान बचाकर भाग गए थे। मुस्तफा डयूटी से हर रोज की तरफ अपने समय पर ही निकला था। डयूटी से निकलने के बाद उसने अपने पिता और छोटे भाई को फोन करके बोला था कि मैं थोड़ी देर में घर पहुंच जाऊंगा,डयूटी से दोस्त के साथ निकल चुका हूँ,पिता ने बोला था कि आराम से आना,लेकिन क्या पता था कि कुछ देर बाद उसकी हत्या होने की खबर मिलेगी। परिवार ने बताया कि ये एक बुरे सपने जैसे लग रहा है।

बेटे के साथ जो उसका दोस्त था,उसी ने बताया है कि लडके इलाके के ही रहने वाले हैं। कम उम्र के ही लग रहे थे। जो नशे के लिये सुनसान जगह पर चाकू लेकर निकलते हैं और लूटपाट करते हैं। हमारे बेटे की हत्या करने के बाद अगर ये नाबालिग पकड़े भी जाते हैं तो कुछ ही दिन बाद वापिस बाहर आ जाएंगें और किसी दूसरे परिवार के बेटे को मार डालेगें। पुलिस भी कुछ नहीं कर पाएगी,वो भी कहती है कि नाबालिग हैंहम भी कुछ नहीं कर पाते हैं तो कौन इनको रोकेगा।

# दिसम्बर तक पूरा होगा बरापुला फेज-3 फ्लाईओवर: प्रवेश साहिब सिंह

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने बरसों से अटकी पड़ी बरापुला फेज-३ फ्लाईओवर परियोजना को इस साल दिसंबर तक पूरा करने का संकल्प लिया है। सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने परियोजना स्थल का निरीक्षण किया और कहा कि निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है और शेष कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा।

इस दौरान पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि , "हमारा लक्ष्य है कि दिसंबर २०२५ तक इस फ्लाईओवर को चालू किया जाए। यह दिल्ली के लिए एक महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजना है, जो पिछले कई वर्षों से अनदेखी और लापरवाही का शिकार रही है। हमने कार्यभार संभालते ही इसे प्राथमिकता दी और कई स्तरों पर प्रगति सुनिश्चित की। मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने स्पष्ट किया कि परियोजना में देरी का मुख्य कारण पिछली सरकार की उदासीनता रही है। "पूर्ववर्ती सरकार ने समय पर ठेकेदारों को भुगतान नहीं किया और न ही पेड़ों की कटाई और स्थानांतरण की प्रक्रिया शुरू की। नतीजतन, यह महत्वपूर्ण परियोजना वर्षों तक अटकी रही और लागत भी कई गुना बढ़ी। इस मुद्दे पर हमारे द्वारा की गई कार्यवाही से हम जल्द ही शेष कार्य को पूरा करेंगे," उन्होंने कहा।उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान सरकार, खासकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में, अब पेड़ों के स्थानांतरण के लिए आवश्यक स्वीकृति प्राप्त करने के लिए वन विभाग से सक्रिय रूप से समन्वय कर रही है। "हम उम्मीद करते हैं कि वन विभाग से आवश्यक स्वीकृतियां शीघ्र ही मिल जाएंगी, जिसके बाद परियोजना के अंतिम चरण का कार्य जल्द शुरू होगा," प्रवेश साहिब सिंह ने सरकार की नीयत पर भरोसा जताते हुए कहा, "हमारे लिए यह सिर्फ एक परियोजना नहीं, बल्कि दिल्ली की विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारी प्राथमिकता यह है कि कोई भी परियोजना अब लालफीताशाही या लापरवाही का शिकार न हो और सभी लंबित बुनियादी ढांचा परियोजनाएं समय पर पूरी हों।"

बरापुला फेज-३ फ्लाईओवर के शुरू होने के बाद लाखों यात्रियों को पूर्वी और दक्षिणी दिल्ली के बीच बेहतर और तेज यातायात सुविधा मिलेगी, जिससे राजधानी में एक स्वच्छ, तेज और कुशल परिवहन प्रणाली को बढ़ावा मिलेगा।पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने बताया कि अब नियमित निरीक्षण हो रहा है और तकनीकी अड़चनें दूर कर दी गई हैं। सभी विभागों के साथ समन्वय बेहतर हुआ है।

## एक नजर

### घरों में सेंधमारी करने वाला गैंग पकड़ा

**नई दिल्ली।** आदर्श नगर पुलिस ने घर में सेंधमारी करने वाले एक गैंग के दो बदमाशों किशन उर्फ थापा और जाहिद उर्फ जद्दू को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने आसानी से पैसा कमाने के लिए अपराध किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते चार मई को आदर्श नगर में रहने वाले कमलेश सिंह ने घर पर चोरी होने की शिकायत दर्ज करवाई थी। उन्होंने बताया कि घटना के दौरान उनके घर से कई हजार रुपये सहित चार मोबाइल फोन चोरी हो गए। एसीपी प्रवीण कुमार की देखरेख में एसएचओ विश्राम मीना के निर्देशन में पुलिस टीम को आरोपियों को पकड़ने का जिम्मा सौंपा गया। पुलिस ने वारदात वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और ह्यूमैन सॉर्स की सहायता ली। दोनों आरोपियों को एक पुख्ता जानकारी के बाद उनके ठिकानों पर छापेमारी करके गिरफ्तार कर लिया।


### छोटे व्यवसायों में दिख रही है नई उम्मीदें: सर्वेक्षण

**नई दिल्ली।** विश्व की प्रमुख अकाउंटिंग संस्था, सीपीए ऑस्ट्रेलिया द्वारा किए गए 16वें एशिया-प्रशांत छोटे व्यवसाय सर्वे के अनुसार, भारत का एमएसएमई क्षेत्र एशिया-प्रशांत में सबसे आशावादी और गतिशील क्षेत्रों में गिना जा रहा है। भारत के 78% छोटे व्यवसायों ने बताया कि 2024 में उन्होंने व्यावसायिक विकास किया, जिससे देश मे महामारी के बाद की मजबूत वापसी दिखाई देती है। प्रफुल्ल छाजेड़, जो सीपीए ऑस्ट्रेलिया के सर्टिफाइड प्रैक्टिसिंग अकाउंटेंट हैं और भारत में 30 से ज्यादा सालों का अकाउंटिंग और फाइनेंस का अनुभव रखते हैं, उनके अनुसार, यह प्रगति सक्रिय बिजनेस माहौल, इनोवेशन की प्रवृत्ति और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन की वजह से संभव हो पाई है। सर्वे में शामिल 86% व्यवसायों को 2025 में और भी अधिक विकास की आशा है। एक उल्लेखनीय रुझान यह है कि भारत के छोटे व्यवसाय अब निर्यात की दिशा में काफी गंभीर हो गए हैं। 64% व्यवसायों को उम्मीद है कि उनकी अंतरराष्ट्रीय बिक्री बढ़ेगी, जो क्षेत्र के कई अन्य देशों की तुलना में अधिक है । इसका मुख्य कारण वैश्विक बाजार में भारतीय उत्पादों और सेवाओं की मांग में इजाफा है।

### मदर्स रेसिपी ने पेश किया नया उत्पाद

**नई दिल्ली।** मदर्स रेसिपी ने गर्मियों की यादें ताजा करने वाला अपना नया प्रोडक्ट रेंज 'समरवाला शरबत' पेश किया है । खाने के जरिए भावनाएं और परंपरा संजोने के अपने मूल सिद्धांत पर चलते हुए, ब्रांड ने ऐसे आनंदभरे पल फिर से लाए हैं जो घर के बने शरबत को परिवार और मेहमानों के साथ बाँटने के खुशी से जुड़े हुए हैं। भारत में शरबत बनाने की कला केवल गर्मियों की एक रस्म नहीं है, बल्कि यह पीढ़ियों से चली आ रही एक पसंदीदा परंपरा है । शरबत सिर्फ एक ठंडा पेय नहीं है, बल्कि यह दिल से दिया गया एक उपहार होता है।

### आन तिवारी निभा रहे युवा मारुति की भूमिका



**नई दिल्ली।** सोनी सब का शो वीर हनुमान दर्शकों को युवा मारुति की अद्भुत यात्रा एक जिज्ञासु बालक से लेकर शक्तिशाली और दिव्य योद्धा, भगवान हनुमान बनने तक की प्रेरणादायक कथा के माध्यम से लगातार मोहित कर रहा है। शो में आन तिवारी युवा मारुति की भूमिका निभा रहे हैं, आरव चौधरी केसरी की, सायली सालुंखे अंजनी की और महिर पांधी बाली और सुग्रीव की दोहरी भूमिका में हैं। वीर हनुमान हर आयु वर्ग के दर्शकों के लिए एक बेहद आकर्षक अनुभव है। हाल ही के एपिसोड्स में दर्शकों ने देखा कि हनुमान पांच आध्यात्मिक चरणों से गुजरने की तैयारी करते हैं। इसी दौरान शनिदेव (ऋषभ पवार) की छाया किष्किंधा पर पड़ती है, जिससे अप्रत्याशित चुनौतियां सामने आती हैं। आगामी एपिसोड्स में एक बड़ा मोड़ आता है, जब शनिदेव एक ऋषि का वेश धारण कर भगवान हनुमान की परीक्षा लेते हैं।

### क्रिएटर इकॉनॉमी का भविष्य बना रहा मेटट्वीन



**नई दिल्ली।** आज के दौर में, जहां प्रभावशाली होना एक करंसी बन चुका है और पहुंच ही पहचान बन गई है, वहां क्रिएटर्स अपने आप को थकाए बिना अपनी मौजूदगी बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे में ''डिजिटल ट्विन'' टेक्नोलॉजी मददगार बनकर सामने आ रही है। अब मेटट्वीन जैसे प्लेटफॉर्म की मदद से कोई भी व्यक्ति अपनी आवाज और अंदाज में एक "डिजिटल जुड़वां" यानी वर्चुअल कॉपी बना सकता है। मेटट्वीन एक "जनरेटिव AI प्लेटफॉर्म" है जो क्रिएटर्स को अपने जैसे दिखने और बोलने वाला डिजिटल ट्विन बनाने में मदद करता है। यह ट्विन 2407 ऑनलाइन रहकर फैन्स से जुड़ सकता है, क्लास ले सकता है या इंटरेक्ट कर सकता है। इससे क्रिएटर्स अपने काम को स्केल कर सकते हैं बिना खुद हर जगह मौजूद हुए।

### मानद उपाधि अभिनंदन समारोह सम्पन्न



**नई दिल्ली।** आल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस नई दिल्ली के 'सांस्कृतिक हॉल', जैन भवन, शहीद भगत सिंह मार्ग, गोल मार्केट में आयोजित मानद उपाधि अभिनंदन समारोह में पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर की ओर से रविवार को प्रख्यात अर्थशास्त्री, लेखक एवं वरिष्ठ शिक्षाविद् डॉ. बजरंग लाल गुप्ता को मानद उपाधि प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, समारोह गौरव के रूप में उपस्थित थे। मुख्य अतिथि दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य (डॉ.) योगेश सिंह थे। अध्यक्षता शेखावाटी विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार राय ने की। इस गरिमामयी अवसर पर अतुल जैन, राष्ट्रीय अध्यक्ष आल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस ने सभी अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया और अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि डॉ. बजरंग लाल गुप्ता जैसे विचारक को सम्मानित करना हमारे समाज के लिए प्रेरणास्पद क्षण है।

# हत्या का मामला सुलझा सीसीएल सहित तीन पकड़े

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने हत्या का मामला सुलझाकर एक सीसीएल सहित तीन आरोपियों को पकड़ा है।

दिल्ली पुलिस अपराध शाखा पुलिस उपायुक्त आदित्य गौतम ने बताया कि २९ अप्रैल, को उत्तम नगर के सेवक पार्क में दो पड़ोसियों मौलाना हसन और फैसल हुसैन (५४) के बीच विवाद हिंसक हो गया था।

आरोपी व्यक्तियों द्वारा चलाए जा रहे वीडियो गेमिंग पार्लर और गेम खेलने के लिए उस पार्लर में आने वाले लोगों के कारण गली में आवाज की शिकायत को लेकर विवाद शुरू हुआ था। फैसल हुसैन ने कथित तौर पर अपनी पत्नी और दो बेटों को बुलाया, जिन्होंने मौलाना हसन और उनके बेटों पर लाठी और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। इसके बाद बिंदापुर थाने में पंजीकृत किया गया। ओसामा मौलाना हसन की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई, इसलिए मामले में बी.एन.एस. की धारा १०३ जोड़ी गई। इसके बाद एसीपी उमेश बर्थवाल की देखरेख में इंस्पेक्टर योगेश और विनोद यादव के नेतृत्व में एसआई दीपेंद्र, उमरदीन, अमित ग्रेवाल और गुरमीत, हेड कांस्टेबल राजबीर, राम निवास, राम नरेश, दिनेश, परमानंद कुलदीप और महिला कांस्टेबल ज्ञानवती की एक टीम गठित की गई। इसी बीच ९ मई, को, हेड कांस्टेबल राम निवास को एक विश्वसनीय स्रोत से सूचना मिली कि फैसल हुसैन, उसकी पत्नी (४६)और उनका किशोर बेटा, पर्यावरण कॉम्प्लेक्स, इग्नू रोड, नेब सराय साकेत, के इलाके में छिपे हुए हैं। टीम तुरंत स्थान पर पहुँची। पुलिस ने उसकी पत्नी और उसके बेटे (सीसीएल) को साकेत से पकड़ लिया। शाम को, फैसल हुसैन को भी साकेत, से गिरफ्तार कर लिया गया।

# चोरों के गैंग का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दक्षिण जिला पुलिस के अंबेडकर नगर थाने के स्टाफ ने कुख्यात स्नैचर-कम-चोरों के गैंग का भंडाफोड़ कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से कुल २३ मोबाइल फोन बरामद किए है।पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर दस मामलों को सुलझा लिया है। आरोपी बसों, बस स्टॉप और व्यस्त बाजार क्षेत्रों में मोबाइल फोन की स्नैचिंग/चोरी करते थे।

दिल्ली के दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि अंबेडकर नगर थाने के क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए, अलग-अलग समय पर संवेदनशील क्षेत्रों में जाल बिछाए गए थे। इसी बीच हेड कांस्टेबल नरेश को गुप्त सूचना मिली कि कुख्यात स्नैचर/चोरों का एक समूह चोरी किए गए मोबाइल फोन को बेचने के लिए जहापनाह जंगल के रास्ते ग्रेटर कैलाश जाएगा। सूचना पर कार्रवाई करते हुए एसीपी सीआर पार्क दिनेश शर्मा की देखरेख में एसएचओ अंबेडकर नगर मुनीश कुमार के नेतृत्व में एएसआई पंकज राजोरा, हेड कांस्टेबल योगेंद्र, नरेश, राहुल मलिक, कांस्टेबल विकास और ओमप्रकाश की टीम ने जहांपनाह जंगल के पास एक रणनीतिक जाल बिछाया।कुछ समय बाद चार व्यक्ति संदिग्ध हालत में आते हुए दिखाई दिए और उनमें से एक के पास एक बैग था। मुखबिर के इशारे पर, उन्हें रुकने का इशारा किया गया, लेकिन पुलिस की मौजूदगी को भांपकर वे भागने लगे।

हालांकि सूझबूझ से, टीम ने आरोपियों को पकड़ लिया। बैग की तलाशी लेने पर कुल २३ मोबाइल फोन बरामद हुए। बाद में, उनकी पहचान अंबेडकर नगर के बीसी उस्मान उर्फ साहिल उर्फ दानिस उर्फ टैनी,संदीप उर्फ गोलू,गौरव उर्फ कौवावास और आशिफ उर्फ अनीस उर्फ आशिक के रूप में हुई। उनसे उनकी उपस्थिति और मोबाइल फोन के बारे में पूछा गया, लेकिन वे इस संबंध में कोई संतोषजनक उत्तर देने में विफल रहे। अब तक सत्यापन में, २३ में से १० मोबाइल फोन चोरी के पाए गए।

पुलिस पूछताछ के दौरान, उन्होंने बताया कि वे नशे के आदी हैं और अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए दक्षिण और दक्षिण पूर्व जिले के बसों, बस स्टॉप और व्यस्त बाजार क्षेत्रों में अपने साथियों के साथ मोबाइल फोन छीनने/चोरी करने की वारदातें करते थे। वे कई चोरी किए गए मोबाइल फोन एकत्र करते थे और चोरी किए गए फोन रिसीवर को बेचते थे जो उनसे अलग-अलग स्थानों पर मिलते थे। आगे की जांच जारी है और अन्य १३ मोबाइल फोन को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

# करोड़ों रुपये की धनराशि हड़पने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू), ने करोड़ों रुपये की धनराशि हड़पने और धोखाधड़ी करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। दिल्ली पुलिस आर्थिक अपराध शाखा की अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अमृता गुगुलोथ ने बताया कि एक बैंक की ओर से ईओडब्ल्यू थाने को एक शिकायत मिली थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि बैंक ने वर्ष २०१६ और २०१७ के दौरान मेसर्स उन्नति फॉर्च्यून होल्डिंग लिमिटेड (यूएफएचएल) को आर्यना प्रोजेक्ट नोएडा के शेष निर्माण के लिए १०० करोड़ रुपये और प्रोजेक्ट एल्डर ग्रोव और यूनीवर्ल्ड (यूडब्ल्यू) रिसॉर्ट्स गुड़गांव के शेष निर्माण के लिए ६५ करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत किया था। शिकायतकर्ता ने आगे आरोप लगाया कि आरोपी व्यक्तियों/कंपनी ने गलत जानकारी दी और ऋण राशि हड़प ली। २०१९ में, एक वित्तीय लेनदार मेसर्स नुपुर फिनवेस्ट प्राइवेट लिमिटेड ने कंपनी यूएफएचएल के खिलाफ एनसीएलटी दिल्ली के समक्ष एक आवेदन दायर किया, जिसमें आरोप लगाया गया कि यूएफएचएल ने क्रेडिट सुविधाओं का लाभ उठाया था और मेसर्स नुपुर फिनवेस्ट प्राइवेट लिमिटेड के साथ ७५ फ्लैटों को गिरवी रखा था, जिन्हें बाद में फिर से बैंक के पास गिरवी रख दिया गया था।

एनसीएलटी ने दिवालियापन प्रक्रिया भी शुरू की थी और एक आईआरपी नियुक्त किया था, जिसने बाद में कंपनी का ऑडिट कराया था। ऑडिटर ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें कंपनी के खातों में मार्च २०१४ से मार्च २०१९ की अवधि के दौरान विसंगतियों की सूचना दी गई थी। ऑडिटर की रिपोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि संबंधित पार्टियों, सहयोगी कंपनियों और शेल कंपनियों में निवेश करके धन को डायवर्ट किया गया था। परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, एफआईआर के तहत ईओडब्ल्यू थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

जांच के दौरान, सभी संबंधित हितधारकों, गवाहों, एजेंसियों आदि की जांच की गई। दिवालियापन पेशेवर, लेखा परीक्षक, और शिकायत कर्ता बैंक से जवाब प्राप्त किए गए। संबंधित दस्तावेजों का विश्लेषण किया गया है। जांच में धन की हेराफेरी की पुष्टि हुई। पर्याप्त सबूत एकत्र करने के बाद, आरोपी अनिल मिठास (५२) को गिरफ्तार कर लिया।

# भाजपा का दिल्ली को महंगी बिजली का तोहफा: कुलदीप



शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** पार्टी मुख्यालय पर प्रेस वार्ता कर विधायक कुलदीप कुमार ने दावा करते हुए कहा कि दिल्ली में जब से भाजपा की चार इंजन की सरकार बनी है, दिल्लीवालों को लगातार महंगाई का तोहफा दे रही है। अब भाजपा दिल्लीवालों को महंगी बिजली का तोहफा देने जा रही है। पिछले १० सालों तक अरविंद केजरीवाल की सरकार ने निर्बाध २४ घंटे बिजली दिया। साथ ही दिल्लीवालों को २०० यूनिट बिल्कुल फ्री और २०० से ४०० यूनिट बिजली आधे दाम पर दिया। आम आदमी पार्टी की सरकार ने पूरे देश में सबसे सस्ती बिजली दिल्ली में दिया। कुलदीप कुमार ने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में वादा किया था कि उसकी सरकार बनने पर ३०० यूनिट बिजली मुफ्त मिलेगी। तीन महीने बाद भी भाजपा ३०० यूनिट मुफ्त बिजली देने का वादा पूरा नहीं किया। इसके विपरित इस तपती गर्मी में दिल्लीवालों को रोजाना ६ से ७ घंटे पावर कट का सामना करना पड़ रहा है। अरविंद केजरीवाल की सरकार में २४ घंटे बिजली मिल रही थी और दिल्ली के लोग पावर कट को भूल चुके थे और घरों से इंवर्टर को हटा चुके थे, लेकिन अब लोग वापस इंवर्टर लगाने के लिए मजबूर हैं।कुलदीप कुमार ने कहा कि घंटों पावर कट के साथ अब भाजपा सरकार दिल्ली की जनता को मंहगी बिजली का तोहफा देने जा रही है। भाजपा सरकार मई-जून महीने में बिजली के दाम ७ फीसद बढ़ाने जा रही है। इससे दिल्लीवालों के बिजली के बिलों में भारी इजाफा होगा।

# ब्रह्माकुमारीज के सेवा केंद्रों में मनाया गया मातृ दिवस



शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** मातृ दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी संस्था की दिल्ली एनसीआर स्थित अनेक सेवा केंद्रों पर विश्व मातृ दिवस बड़ी उमंग उत्साह से मनाया गया। इस उपलक्ष्य में, संस्था की कुछ मुख्य राजयोग ध्यान केंद्रों पर सार्वजनिक कार्यक्रम भी रखा गया।

स्थानीय डेरावाल नगर स्थित ब्रह्माकुमारीज केंद्र पर आयोजित एक कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राजयोगिनी चक्रधारी दीदी ने मातृ दिवस के अवसर पर सबको शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज हम सब उन माताओं को नमन करते हैं जिन्होंने अपने बच्चों को देश की सेवा के लिए शौर्य, निर्भयता, दृढ़ता एवं समर्पण की भावना भरकर देश की सीमा पर भेजा है। एक मां की भावना को हम समझ सकते हैं। ब्रह्माकुमारीज में ऐसे अनेक परिवार आते हैं जो आध्यात्मिक सशक्तिकरण द्वारा बच्चों के संपूर्ण व्यक्तित्व का विकास कर जीवन में मूल्यों की पुनर्स्थापना करती हैं। जिनकी कमी से आज के संघर्षपूर्ण वातावरण में स्वयं को शांति, प्रसन्नता, शक्ति, आनंद आदि गुणों से सम्पन्न कर सुखमय जीवन जी सकते हैं। परिवार में भिन्न-भिन्न स्वभाव, संस्कार के होते हुए भी आपस में स्नेह, सामंजस्य, सद्भावना एवं सहयोग बनाए रखने के लिए आध्यात्मिक ज्ञान एवं राजयोग का निरन्तर अभ्यास मदद करता है। इस अवसर पर मुख्य वक्ता राष्ट्रपति पुरस्कार एवं अनेक राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित डॉक्टर उषा किरण, पूर्व विभागाध्यक्ष, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, दिल्ली ने अपने सफल जीवन की निर्माता अपनी मां को याद किया।

# सीपीआर प्रशिक्षण सत्र आयोजित

**नई दिल्ली।** आपातकालीन प्रतिक्रिया तैयारियों को बढ़ाने के उद्देश्य से हाल ही में बाहरी जिला पुलिस के सभी दस पुलिस थानों के लिए प्राथमिक उपचार और कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। अनुभवी डॉक्टरों की एक टीम के नेतृत्व में प्रशिक्षण, महत्वपूर्ण चिकित्सा आपात स्थितियों के दौरान आवश्यक जीवन रक्षक तकनीकों और व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने पर केंद्रित था। सीपीआर देने से लेकर रक्तस्राव, फ्रैक्चर और बेहोशी को प्रबंधित करने तक, सत्र में प्राथमिक प्रतिक्रिया प्रोटोकॉल की एक विस्तृत श्रृंखला को शामिल किया गया। फ्रंटलाइन अधिकारियों को महत्वपूर्ण कौशल से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो जीवन और मृत्यु के बीच अंतर ला सकता है।

# सेवानिवृत्ति के बाद वित्तीय प्रबंधन पर सेमिनार का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** विद्युत उत्पादक कंपनी एन टी पी सी ने अपने शीघ्र सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के लिए सेवानिवृत्ति के बाद वित्तीय प्रबंधन पर एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया। यह आयोजन कंपनी के नोएडा स्थित पी एम आई केंद्र पर किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य वक्ता वैश्विक स्तर पर वित्तीय सेवाएं प्रदान करने वाली नोएडा स्थित कंपनी वाइज फाइनसर्व (प्राइवेट वेल्थ)के ग्रुप सी ई ओ श्री अजय यादव ने शीघ्र सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के बाद निवेश करने के सही तरीकों और विभिन्न प्रकार के उपलब्ध वित्तीय उत्पादों के बारे में विस्तार से बताया। अजय यादव ने लोगों से कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद अर्जित फंड का प्रबंधन एक संवेदनशील विषय है ऐसे में अगर बाजार और विभिन्न निवेश उत्पादों की उचित जानकारी न हो तो स्वयं से निवेश के प्रयोग नहीं करना चाहिए। सेवानिवृत्त होने के बाद व्यक्ति की सक्रिय और निरंतर होने वाली मासिक आय पूर्णत: बंदघ हो जाती है या फिर बेहद क्षीण हो जाती है जब कि महंगाई बढ़ती रहती है जिसकी वजह से जीवन यापन के जरूरी खर्चो में वृद्धि हो जाती है अत: सेवानिवृत्त होने के बाद अपने संचित और अर्जित धनघ प्रबंधनघ पर अनावश्यक रूप से बहुत प्रयोग नहीं करना चाहिए।विशेष रूप से अजय ने लोगों को रिटायरमेंट के बाद फोमो एवं ग्रीड ट्रैपिंग से बचने की सलाह दी

# मॉडल स्कूलों के बुनियादी ढांचे का नवीनीकरण पूरा

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** समावेशी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए, जनरल इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (GIC Re) ने अपनी CSR सहयोगी संस्था एननोबल सोशल इनोवेशन फाउंडेशन के साथ मिलकर गुरुग्राम, हरियाणा के पांच सरकारी स्कूलों का बुनियादी ढांचा पूरी तरह से नया रूप दिया है। इस पहल से 4600 से अधिक छात्र और 140 से अधिक शिक्षक लाभान्वित होंगे, जिन्हें अब सुरक्षित, रंगीन और बच्चों के अनुकूल शिक्षा वातावरण मिलेगा।




एननोबल के लिए के लिए यह परियोजना प्रत्यक्ष लाभार्थियों की दृष्टि से अत्यंत महत्त्वपूर्ण रही है, जो सरकारी विद्यालय प्रणाली में व्यापक स्तर पर परिवर्तन लाने की उसकी क्षमता को रेखांकित करती है। इन स्कूलों में पहले जर्जर इमारतें, खराब शौचालय, टूटी हुई फर्श, असुरक्षित कक्षाएं और पीने के साफ पानी, रोशनी और फर्नीचर जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी थी। बच्चों को स्कूल में खुशी और सम्मान का अनुभव नहीं होता था। एननोबल ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और यूनिसेफ के दिशा-निर्देशों से प्रेरित "चाइल्ड-फ्रेंडली मॉडल स्कूल फ्रेमवर्क" के तहत छह मुख्य पहलुओं पर काम किया। GICRe के जनरल मैनेजर श्रीमती जयश्री बालकृष्ण ने कहा: "शिक्षा के माध्यम से सामुदायिक विकास को प्रोत्साहित करना GIC Re के मूल सिद्धांतों में सम्मिलित है। एननोबलके साथ हमारा यह सहयोग वंचित समुदायों के बच्चों के लिए शिक्षण के अवसरों को अधिक सुलभ और प्रभावी बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम है।

# एकल प्रदर्शनी 'सोल ऑन कैनवास' का उद्घाटन किया



**नई दिल्ली।** कलाकार शुभांगी एस. जांगड़े द्वारा हाल ही में एक एकल प्रदर्शनी 'सोल ऑन कैनवास'का उद्घाटन किया गया। यह एक असाधारण कला प्रदर्शनी (आर्ट एक्सहिबिशन) है, जो शुक्रवार 16 मई 2025, तक त्रिवेणी कला संगम में चलेगी। शेरोन लोवेन, बिमन दास, विजेंद्र शर्मा, तीर्थंकर बिस्वास और नसीर अब्दुल्ला जैसे विशिष्ट अतिथियों ने मिलकर इस प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। कलाकार शुभांगी कहती हैं अशांत मन से बनाई गई चित्रकारी/पेंटिंग कभी सकारात्मक ऊर्जा नहीं दे सकती। इस बार ध्यान को कैनवास कला की थीम के तौर पर चुना गया है। कलाकार कहती हैं, ष्मेरा मानना है कि ध्यान और एकाग्रता के बिना हम कोई भी कार्य पूर्णता के साथ नहीं कर सकते। ध्यान स्वयं को शांति और शांतचित्तता से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण साधन है ध्यान सफलता प्राप्त करने का भी एक महत्वपूर्ण माध्यम है। इन कलाकृतियों को बनाने में चांदी (सिल्वर), धात्विक (मेटलिक) और सफेद रंगों का इस्तेमाल किया गया है। ये कलाकृतियाँ/पेंटिंग अत्यंत शांत/सादगीपूर्ण और आंखों को सुकून देने वाली हैं।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## एसीपी के नेतृत्व में पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# मुठभेड़ में दो लुटेरे गिरफ्तार, दर्जनों वारदातों का हुआ खुलासा

**गाजियाबाद।** पुलिस को देर रात एक बड़ी सफलता हाथ लगी, जब साहिबाबाद थाना पुलिस और स्वाट टीम ने संयुक्त कार्रवाई में दो कुख्यात लुटेरों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। भागने की कोशिश कर रहे लुटेरों को पुलिस ने पीछा कर उनके पैरों में गोली मारकर पकड़ा। आरोपियों पर एक दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान दानिश पुत्र अखलाक कुरैशी (निवासी मुगल गार्डन, थाना लोनी) और वीरू उर्फ वीरेंद्र पुत्र सतवीर सिंह (निवासी आकाश बिहार, राम विहार बंथला, थाना टीला मोड़) के रूप में हुई है।



पुलिस के अनुसार यह गैंग गाजियाबाद में लगातार महंगे मोबाइल फोन, महिलाओं की चेन और कुंडल को निशाना बनाकर लूट की वारदातों को अंजाम दे रहा था। दरअसल, स्वाट टीम और साहिबाबाद थाना पुलिस रात के समय साहिबाबाद रेलवे स्टेशन फुट ओवर ब्रिज के पास चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान एक बाइक पर सवार दो संदिग्ध युवक तेजी से स्टेशन की ओर आते दिखे। जब पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो उन्होंने भागने की कोशिश की और इस दौरान तमंचे से पुलिस पर फायरिंग भी की।

पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए पीछा किया और आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों के पैर में गोली मारकर उन्हें धर दबोचा। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक बाइक, एक मोबाइल फोन, दो देशी तमंचे और 27,000 रुपये नकद बरामद किए हैं।

एसीपी ट्रांस हिंडन जोन श्वेता कुमारी यादव ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ पहले से ही कई आपराधिक मामले दर्ज हैं और ये हाल ही में गाजियाबाद में एक दुकान में लूट की वारदात को अंजाम दे चुके हैं। उन्होंने बताया कि आरोपी महिलाओं से जेवरात और मोबाइल लूटकर दिल्ली में बेच देते थे, जिससे इन्हें कोई संदेह न कर सके। दोनों लुटेरों को अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

# कृष्णा इंस्टिट्यूट में आयोजित प्रतियोगिता में सुरेविन स्कूल के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**


**मोदीनगर।** कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी कॉलेज में दो दिवसीय (एम यू एन) मॉडल यूनाइटेड नेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न स्कूलों व कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने प्रतिनिधि के रूप में भाग लिया।

इस प्रतियोगिता में सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा आठवीं से बारहवीं तक के छात्र व छात्राओं में ,अपेक्षा, दिशा , अन्नया यादव, अन्नया त्यागी, अवनी, दिव्यांशी, श्रीयांशी, मिशवा, नंदिनी शर्मा, शुभी, अवनी, अनुष्का, लक्ष्य, तनन्या, पीयूष, आध्या, नव्या त्यागी, यशस्वी व शुभ ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न देशों व भारत के विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधि के रूप में वाद विवाद किया।

इस प्रतियोगिता का नेतृत्व सुरेविन एकेडमिक कोऑर्डिनेटर जया कौशिक द्वारा किया गया ।इस अवसर पर सुरेविन प्रबंधक तुषार गुप्ता, डॉ शिखा दरबारी व स्कूल प्रधानाचार्य डॉक्टर सरिता सिंधु ने सभी छात्र-छात्राओं व मेंटर जया कौशिक को बहुत शुभकामनाएं दी।

# चार्टर्ड अकाउंटेंट की गाजियाबाद ब्रान्च ने किया बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन

## सीए संजीव नेहरा रहे टूर्नामेंट के कोऑर्डिनेटर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की गाजियाबाद शाखा द्वारा मोदीनगर की बैडमिंटन एकेडमी में एक बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट के कोऑर्डिनेटर सीए संजीव नेहरा ने बताया कि टूर्नामेंट में सी ए कमल अरोड़ा व सी ए शुभम जिंदल विजेता रहे तथा सी ए नितिन गुप्ता व शिवांक धवन उपविजेता रहे। टूर्नामेंट के ओकॉर्डिनेटर सी ए संजीव नेहरा के साथ सीए मयंक अग्रवाल भी रहे। विजेताओं को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर आईसीएआई के सेंट्रल काउंसिल मेम्बर सीए अनुज गोयल, रीजनल काउंसिल मेम्बर सीए जयेंद्र कुमार तिवारी, सीए विवेक शर्मा, सीए समन्वय गोयल, सीए विनय भूटानी, एडवोकेट आलोक गुप्ता, एडवोकेट विजय कर्ण, एडवोकेट दीपक नेहरा, उपेंद्र यादव व अन्य चार्टेड अकाउंटेंट्स भी मौजूद रहे।

# बुद्ध पूर्णिमा पर किया कार्यक्रम का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** मैत्रय बुद्ध बिहार भुपेंद्रपुरी, मोदीनगर में त्रिविध वुद्ध पूर्णिमा का कार्यक्रम त्रिरत्न बौद्ध महासंघ के द्वारा आयोजित किया गया। जहां सबसे पहले तथागत भगवान बुद्ध को पंचांग नमन किया। बुद्ध वंदना, पंचशील, सकारात्मकता पंचशील, बुद्ध पूजा, धम्म पूजा, संघ पूजा का सामूहिक पठन किया गया पूजा का नेतृत्व धम्मचरिणी मर्दुकीर्ति, धम्ममित्र शशि गौतम, धम्ममित्र राखी, ने किया। धम्मचारिणी मुख्यातिथि व प्रमुख प्रवचनकार धम्मचारिणी श्रद्धावजरी का परिचय धम्मचारिणी रत्नवजरी ने दिया। और कार्यक्रम का संचालन किया। प्रवचनकार धम्मचारिणी श्रद्धावजरी ने तथागत के जन्म से लेकर महापरिनिर्वाण तक बुद्ध के 45 वर्षो के कार्य को बताते हुए बुद्ध के मैत्री व मानवता के लिए कार्य की व्याख्या की। ओर बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी के प्रति व्यक्त करते हुए बताया कि आज हम बुद्ध के मार्ग पर चलने के लिए बाबा साहब ने रास्ता बताया। कार्यक्रम में गीतों को विनोद गौतम ने बुद्ध की चरणों में आना पड़ेगा जरूर ने शमा बांध दिया धम्मचारी विमलशील की यादों को जीवित कर दिया। दयावती व ओमबीरी ने भी शानदार गीतों की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में चारचांद लगा दिया। कार्यक्रम में सभी धम्म भाइयों बहनों बच्चों व जिस भी ने अपना सहयोग जिस रूप में किया उनके प्रति आभार धम्ममित्र सीमा गौतम ने किया। उसके बाद देश दुनियां के प्राणियों के प्रति सुखी की मंगलकामनायें अर्थात सब्बे सत्ता सुखी होन्तु का चौटिंग मंत्र सभी ने मिलकर उच्चारण करते हुए पूजा स्थान को पुष्प अर्पित किए। अंत मे धम्म पालन गाथा का पठन किया। और पूजा स्थल को नमन किया। अंत मे आये हुए धम्म प्रेमियों को खीर वितरण किया। खीर का प्रबंध विनोद गौतम पूर्व सभासद, मास्टर सुभाष जी, ओर मास्टर हरभजन सिंह ने किया। कार्यक्रम में सैंकड़ो लोगो ने भाग लिया। महिलाओं की संख्या भी परुषों के बराबर रही।

# विधायक ने किया विभिन्न कार्यों का लोकार्पण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** विधानसभा क्षेत्र में विधायक डॉ. मंजू शिवाच जी द्वारा विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। विधायक निधि से कराए गए इन कार्यों से क्षेत्रवासियों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा जीवन स्तर में सुधार होगा। राजबाला एनक्लेव में मेन गेट से अमन चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल तक इंटरलॉकिंग एवं नाली निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया, जिसकी लागत छ9.61 लाख रही।

इस कार्य से विद्यार्थियों एवं स्थानीय नागरिकों को आने-जाने में सुविधा मिलेगी। ग्राम मछरी में शमशान के मैन रास्ते से अंत्येष्टि स्थल तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया, जिसकी कुल लागत 3.41 लाख रुपये है। यह कार्य सामाजिक दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण है।

ग्राम भदोला में तीन मार्गों पर इंटरलॉकिंग एवं नाली निर्माण कार्य का लोकार्पण विधायक जी द्वारा किया गया। इन सभी कार्यों की कुल लागत 4.40 लाख रुपये है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में जलनिकासी की समस्या दूर होगी और सड़क सुविधा में सुधार होगा। विधायक डॉ. मंजू शिवाच ने इन सभी कार्यों के माध्यम से क्षेत्रवासियों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास हेतु ऐसे कार्य आगे भी जारी रहेंगे। इस अवसर पर जुल्फीकार प्रधान, अनुराग प्रधान, लीलू प्रधान फफराना, सुकरम, इंदरपाल सिंह, राजवीर सैनी, कारणवीर सिंह (विधायक प्रतिनिधि), संजय भदौला अमित कराटे आदि मौजूद रहे।

# वैश्य अग्रवाल सभा के अध्यक्ष बने आनन्द गुप्ता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** वैश्य सभा ट्रांस हिंडन क्षेत्र साहिबाबाद के मुख्य पदाधिकारियों के लिए चुनाव करवाए गए। चुनाव सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराये गए। चुनाव में कुल 338 मतदाता सदस्यों ने अपने मत का प्रयोग किया। चुनाव परिणाम घोषित होने पर निम्नलिखित प्रत्याशी विजेता घोषित किए गए। अध्यक्ष आनंद गुप्ता उपाध्यक्ष राकेश अग्रवाल पंचशील पार्क महासचिव डॉ एस सी बंसल सहसचिव दीपक गुप्ता कोषाध्यक्ष भमेश कुमार कंसल चुनाव प्रक्रिया में सभी सदस्यों का सौहार्दपूर्ण वातावरण में चुनाव सम्पन्न करवाने का बहुत बहुत धन्यवाद। साथ ही उन सभी सदस्यों का हार्दिक धन्यवाद जिन्होंने इस चुनाव प्रक्रिया में अपना कीमती समय दिया। डॉ आर के अग्रवाल, मुख्य चुनाव अधिकारी घनश्याम दास गुप्ता, चुनाव अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

# हर्ष त्यागी के आलराउंड प्रदर्शन से नोएडा वंडरस विजयी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** बाडीकेयर कप संदीप सूरी स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट के अन्तर्गत खेले गये लीग मैच मे नोएडा वंडरस ने हर्ष त्यागी के शानदार 40 रन व 3 विकेट के योगदान से सोनेट क्लब दिल्ली को 43 रन से पराजित कर दिया। टास जीत कर सोनेट क्लब ने पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया।

फलस्वरूप नोएडा वंडरस ने संस्कार 54 रन, तरूण बिष्ट 36 रन व हर्ष त्यागी 40 रन व आयुष के ताबडतोड 42 रन योगदान से निर्धारित 40 ओवर मे 244 रन का लक्ष्य दिया, जिसे प्राप्त करने के लिए सोनेट क्लब के सनत सांगवान 37 रन ,व आर्यन दलाल 62 रन ने भरपूर प्रयास किया परन्तु हर्ष त्यागी, विवेक धामी, दक्षिण चंदेल, व तरूण बिष्ट की कसी हुई गेंदबाजी के समक्ष सभी खिलाड़ी 34.5 ओवर मे 201 रन बना सके। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मुकेश गोयल व राजेश गोयल ने श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए हर्ष त्यागी को दिया। पूर्व रणजी खिलाड़ी विश्वजीत सिंह ने संचालन किया।

प्रमुख स्कोर:- नोएडा वंडरस: 244 रन, 40 ओवर मे संस्कार 54 रन (6 चौके,1 छक्का) तरूण बिष्ट 36 रन ( 4 चौके ), हर्ष त्यागी 40 रन (2 चौके, 3 छक्के), आयुष 42 रन अविजित, (3 चौके, 4 छक्के) पंकज यादव 25 / 4 विकेट

शौर्य सिह 49 / 2 विकेट, सोनेट क्लब: 201सभी आउट 34.5 ओवर मे। सनत सागवान 37 रन ( 4 चौके, 2 छक्के), आदित्य भंडारी 30 रन ( 4 चौके), आर्यन दलाल 62 रन ( 9 चौके), हर्ष त्यागी ने 3 , विवेक धामी, दक्ष चंदेल व तरूण बिष्ट ने 2-2 विकेट लिए।

कल का मैच प्रात: काल मेरठ क्रिकेट एसोसिएशन बनाम गोल्डन हाकस के मध्य खेला जाएगा।

# साइबर ठगों ने पुलिस अधिकारी बनकर की वीडियो कॉल, आधार दिखाते ही खाते से उड़ाए 25 हजार रुपये

**गाजियाबाद।** जिले के मोदीनगर क्षेत्र के बिसोखर गांव में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां साइबर ठगों ने खुद को पुलिस अधिकारी बताकर एक व्यक्ति से 25,000 की ठगी कर ली। ठगों ने पीड़ित को वीडियो कॉल कर पहले डराया और फिर पहचान सत्यापन के नाम पर आधार कार्ड दिखवाकर खाते से पैसे उड़ा लिए। घटना सोमवार सुबह करीब 7 बजे की है। पीड़ित रविन्द्र कुमार को एक अज्ञात नंबर से वीडियो कॉल आई। कॉल पर मौजूद व्यक्ति ने पुलिस की वर्दी पहन रखी थी और खुद को किसी उच्च पुलिस अधिकारी के रूप में पेश किया। उन्होंने रविन्द्र को धमकी दी कि उनके खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज है और जल्द ही उनकी गिरफ्तारी हो सकती है। ठगों ने रविन्द्र से पहचान सत्यापन के नाम पर आधार कार्ड दिखाने को कहा। जैसे ही रविन्द्र ने कैमरे पर अपना आधार कार्ड दिखाया, उनके खाते से 25,000 की राशि कट गई।

# हाई-टेक वर्ल्ड स्कूल में धूमधाम से मनाया गया मदर्स-डे समारोह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** वेव सिटी स्थित हाई-टेक वर्ल्ड स्कूल में मदर्स डे के अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें माताओं के सम्मान में विविध रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस उत्सव का मुख्य उद्देश्य माताओं की भूमिका को सम्मान देना और उन्हें एक मंच प्रदान करना था, जहाँ वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। इस प्रतियोगिता में नर्सरी, प्री-नर्सरी, कक्षा एक और दो के बच्चों की माताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में कुकिंग विदाउट फायर, सलाद मेकिंग, और विशेष रूप से रैंप वाक जैसी प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। रैंप वाक में माताओं ने आत्मविश्वास से भरी कॉन्फिडेंट वाक, बेस्ट ज्वैलरी, और रेट्रो थीम पर आधारित पोशाकों में भाग लेकर सभी का मन मोह लिया। उनकी प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और मातृत्व की गरिमा को एक नई पहचान दी। स्कूल की प्रधानाचार्या इंदु शर्मा ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यह मंच माताओं की प्रतिभा को उजागर करने का एक बेहतरीन अवसर है। हम ऐसे आयोजनों के माध्यम से उनके योगदान को सम्मानित करना चाहते हैं। साथ ही, स्कूल के डाइरेक्टर डा० विहंग गर्ग महोदय ने भी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की और सभी विजेताओं को शुभकामनाएं दीं। चीफ एडमिन अखिलेश वर्मा ने बताया कि मातृशक्ति को और प्रशस्त करने के लिए फुटबॉल मैच का भी आयोजन किया गया, जिसमे 100 से अधिक बच्चों ने अपने -अपने माँ के नाम की टीशर्ट पहन कर उनके सम्मान में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को सम्मानित किया गया और सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान किए गए।

# मदर्स-डे पर निष्काम भवन में स्वावलंबी महिलाओं का हुआ सम्मान




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** मातृत्व दिवस के अवसर पर मोदीनगर की प्रमुख सामाजिक संस्था एहसास महिला समिति की सहयोगी टीम परिणीता द्वारा गोविन्दपुरी स्थित निष्काम भवन में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मातृत्व के सम्मान के साथ-साथ स्वावलंबन के पथ पर अग्रसर महिलाओं को प्रोत्साहित करना रहा।

कार्यक्रम के दौरान टीम परिणीता की स्वरोजगार परियोजना से जुड़ी उन महिलाओं को सम्मानित किया गया जो घर से कार्य कर आत्मनिर्भरता की मिसाल कायम कर रही हैं। परियोजना की इंचार्ज सृष्टि गौड़ ने बताया कि यह आयोजन मातृत्व को समर्पित करते हुए महिलाओं के सशक्तिकरण को समर्पित रहा जिसमें सभी पुरानें व नये सदस्यों का परिचय भी कराया गया।

इस अवसर पर एहसास की संस्थापक अनुप्रीत कौर ने अपने संबोधन में टीम परिणीता की प्रोजेक्ट इंचार्ज सृष्टि गौड़ और उनकी समर्पित टीम को इस सफल परियोजना के लिए हार्दिक बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

कार्यक्रम में टीम एहसास की वरिष्ठ सदस्यों द्वारा चयनित महिलाओं को प्रशस्ति पत्र व उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही, मातृत्व के महत्व, महिला सशक्तिकरण और स्वरोजगार के जरिए आत्मनिर्भरता पर सार्थक विचार-विमर्श भी हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में परिणीता की हेड एवं प्रोजेक्ट इंचार्ज सृष्टि गौड़, गीतांजलि खन्ना, तनुप्रिया, कुमारी स्नो , काजल तथा टीम एहसास से रीता बख्शी, रूचि विज, विनीता खन्ना और अर्चना आहूजा का विशेष योगदान रहा।

## अदालती सूचना

**सिविल प्रक्रिया संहिता का आदेश 5 नियम 10 न्यायालय सिविल जज ( जू0डि0 ) गाजियाबाद**
**मूलवाद सं०- 287 / 2024**
**( कंप्यूटर नं०-361 / 2024 )**

श्रुति गुप्ता पुत्री श्री अरूण गुप्ता, आयु करीब 29 वर्ष, निवासी- जी-122, पटेल नगर- तृतीय, गाजियाबाद, तहसील व जिला गाजियाबाद।
आधार सं0-3794 2913 7846
मो0-8860267766

... वादनी

**बनाम**


1. M/s Acharya learning Solution Pvt. Ltd. Add: SD-179, Block SD, Sector-63, Noida, Distt. Gautam Budh Nagar U.P.- 201301 through its Directors. 2. Ms. Jagdeep Nambiar (Din- 09379332) Add. Plot No.- 3. Samriddhi Florence Palace Kotada Lohagal Ajmer Rajasthan 305004, Director M/s Acharya Learning Solutions Pvt. Ltd.

...विपक्षी

श्रुति गुप्ता पुत्री श्री अरूण गुप्ता, मैसर्स Acharya Learning Solution Pvt. Ltd. आदि आपके विरूद्ध युक्त वाद संस्थित किया है। घोषणा के लिये आवेदन दाखिल किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 10.07.2025 को दिन में 10:00 बजे उत्तर देने के लिये व्यक्तिगत रूप से या अधिवक्ता के द्वारा उत्तर देने के लिये उपसंजात होने के लिये सम्मन किया जाता है जिसमें असफल रहने पर वाद/आवेदन का एकपक्षीय निस्तारण किया जायेगा। आज यह तारीख 07.05.2025 के आदेशानुसार मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया।

**सिविल जज ( जू0डि0 )**
**गाजियाबाद।**

# सपाईयों ने मनाई भगवान बुद्ध की जयंती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर भगवान बुद्ध की जयंती मनाई गई तथा उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन एवं महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट ने कहा कि भगवान गौतम बुद्ध ने हमेशा समाज को अहिंसा, त्याग और सत्य का संदेश देकर मानवता के कल्याण का मार्ग दिखाया। उन्होंने पूरे विश्व में शांति का संदेश दिया। भगवान बुद्ध ने करुणा, अहिंसा और समता का मार्ग दिखाया था। आज जब देश में नफरत,भेदभाव और असमानता की राजनीति हावी है, भगवान बुद्ध का संदेश और भी प्रासंगिक हो गया है। बुद्ध पूर्णिमा हमें याद दिलाती है कि शासन का धर्म सेवा और न्याय है, सत्ता का घमंड नहीं। भगवान बुद्ध के द्वारा दिए गए अनमोल वचन प्रत्येक व्यक्ति को ज्ञान और जागरूकता के मार्ग पर ले जाने के लिए प्रेरित करते रहेंगे।

इस अवसर पर फैसल हुसैन एडवोकेट जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट महानगर अध्यक्ष राजन कश्यप महानगर महासचिव वरिष्ठ सपा नेता रमेश यादव एडवोकेट महानगर उपाध्यक्ष मनोज पंडित संदीप प्रधान जिला अध्यक्ष बाबा साहब बहिनी ताहिर हुसैन प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ कृष्ण कुमार यादव जिला सचिव अवधेश यादव जिला सचिव धीरेंद्र यादव अरुण सिंह सुभाष सिंह नवीन कुमार शर्मा रामपाल सिंह राजोरा अखिलेश सिंह खालिद हुसैन रिजवान चौधरी राहुल रावत कार्यालय प्रभारी उपस्थित रहे।

# पुलिस ने फर्जी इंश्योरेंस रैकेट का भंडाफोड़ कर दो आरोपी किए गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** पुलिस की साइबर क्राइम टीम ने एक बड़े इंश्योरेंस घोटाले का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह अब तक गाजियाबाद, नोएडा और दिल्ली में सक्रिय रहकर 12 से अधिक इंश्योरेंस कंपनियों को करोड़ों रुपये का नुकसान पहुंचा चुका है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान सरताज पुत्र नजीर अहमद (निवासी सराय देहलीगेट, थाना ब्रह्मपुरी, मेरठ) और दीपक ठाकर (निवासी बाग वाली कॉलोनी, शास्त्रीनगर, थाना कविनगर, गाजियाबाद) के रूप में हुई है।

# अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा में पहुंचे सौरभ यादव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा का जिला सम्मेलन बदायूं आयोजित किया गया। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष अशोक यादव एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और कार्यक्रम में अध्यक्षता प्रदेश के प्रभारी नरेश प्रताप सिंह यादव ने की

इस सम्मेलन को अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा ने अपने प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय चौधरी बदन सिंह यादव जी को उनकी जन्म भूमि बदायूं को समर्पित किया यह उनकी देन है कि आज हम इस अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा से जुड़े हुए हैं।

उन्होंने ही बिहार पूर्णिया जिले में इसकी स्थापना की सम्मेलन में मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष महासभा एडवोकेट अशोक यादव ने यादव समाज में फैली कुरीतियाँ मे प्रमुख तौर पर मृत्यु भोज पर पूर्ण रूप से बंद करने का सभी से आह्वान किया और अहीर रेजिमेंट का गठन के विषय पर भी प्रकाश डाला और सदस्यता अभियान से सभी से जुड़ने की अपील की। प्रदेश प्रभारी नरेश प्रताप सिंह यादव ने कहा कि हमें आपसी मनमुटाव को खत्म करते हुए समाज में अपनी उन्नति की तरफ अग्रसर होना होगा और एक दूसरे के सहयोग के लिए परस्पर खड़े रहना होगा।

बदायूं जनपद में यादव छात्रावास का निर्माण अवश्य होना चाहिए जिसमें उन्होंने हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। प्रदेश महामंत्री सौरभ यादव ने महासभा की जातीय जन गणना की मांग को भारत सरकार द्वारा स्वीकार करने पर धन्यवाद दिया व समाज के बैठे हुए सभी सम्मानित जनों से बेटियों को और अधिक शिक्षित करने के लिए सभी से आह्वान किया व युवाओं को आगे आकर के देशहित व समाजहित में कार्य करने के लिए व नशाखोरी से दूर रहने के लिए कहा

विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक एडवोकेट ललित यादव व प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवम यादव, प्रदेश सचिव गौरव यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष सुधीर यादव व रक्षपाल सिंह यादव ने शिक्षा, व्यापार, अहीर रेजिमेंट, मृत्यु भोज, दहेज प्रथा, यादव छात्रावास आदि मुद्दों पर विचार व्यक्त किया। इस सम्मेलन का संचालन जिला अध्यक्ष एनपी सिंह व युवा जिला अध्यक्ष रविंद्र यादव ने किया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से राधेश्याम यादव, सुभाष यादव, पप्पू यादव, नेत्रपाल यादव, प्रदीप यादव, ओमपाल यादव, आयुष यादव आदि के साथ सैकड़ो की संख्या में यादव बंधु उपस्थित रहे।

# फैक्टरी मालिक ने पत्नी-बच्चों समेत जहर खाया, दो की मौत

■ आर्थिक तंगी या फिर उधारी ज्यादा बढ़ना, पुलिस पता करने की कर रही है कोशिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भरत नगर इलाके में आर्थिक तंगी के कारण हॉर्न बनाने वाली फैक्टरी के मालिक उनकी पत्नी और बेटा बेटी ने जहर खा लिया। घटना में बेटा बेटी की मौत हो गई। जबकि दंपति की हालत अस्पताल में चिंता. जनक बनी हुई है। पुलिस ने शवों को कब्जें में लेकर मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। मंगलवार को शवों के पोस्टमार्टम होने के बाद परिजनों को सौंप दिये जाएंगें।

पुलिस को मौके पर से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं किया है। पुलिस मामला दर्ज करके दंपति के बयान लेने की कोशिश कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दंपति की पहचान अशोक विहार में रहने वाले हरदीप सिंह और पत्नी हरप्रीत कौर के रूप में हुई है। जबकि मृतकों की पहचान बेटा जगदीश सिंह और बेटी हरगुल कौर के रूप में हुई है। भारत नगर पुलिस को सुबह करीब नौ बजे शेड नंबर ६३, डीएसआईडीसी, संगम पार्क स्थित फैक्टरी में चारों के अधमरी हालत में पड़े होने की पीसीआर कॉल मिली थी।

कॉल जगदीश ने ही की थी। पुलिस मौके पर पहुंची। चारों को तुरंत नजदीक के दीपचंद बंधू अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हरदीप सिंह, जगदीश सिंह और हरगुल कौर को हिंदू राव अस्पताल में शिफ्ट कर दिया। जहां डॉक्टरों ने जगदीश और हरगुल को मृत घोषित करके हरदीप की हालत चिंताजनक बताई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हरदीप सिंह का हॉर्न बनाने की फैक्टरी है। हरदीप की बहन अवतार को भी जगदीश ने ही फोन करके घटना के बारे में जानकारी दी थी। फैक्टरी के एक कमरे में पड़ा मिला ऑरेंज रंग का पाउडर और ट्रांसपलेंट गिलास व पानी पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कॉल के तुरंत बाद जब पुलिस टीम फैक्टरी पहुंची। कमरे में चारों अधमरी हालत में पड़े थे। वहां ऑरेंज रंग का पाउडर, ट्रांसपलेंट गिलास और पानी रखा हुआ था। गिलासों में ऑरेंज रंग सा पानी था। जिससे आशंका जाहिर हुई कि चारों ने पानी में जहर मिलाकर पिया होगा। जिसको फॉरेंसिक लैब में जांच के लिये भेज दिया गया है। चारों ने फैक्टरी में ही क्यों आकर खुदकुशी करने की कोशिश की है। घर पर क्यों नहीं, हरदीप के ठीक होने के बाद ही पता लग सकेगा। शुरूआती जांच में आर्थिक तंगी व उधारी बढने के कारण इस तरह का कदम उठाने की आशंका है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त सिकंदर सिंह ने बताया कि प्राथमिक जांच में पता चला है कि रात परिवार अपने घर पर नहीं गया था। चारों किसी गुरुद्वारे में गए थे। हो सकता है कि वहां पर जाकर उन्होंने खुदकुशी करने का प्लान बनाया और संगम पार्क में आकर खुदकुशी की। जांच में यह भी पता चला है कि पिछले काफी समय से हरदीप का कारोबार काफी अच्छा नहीं चल रहा था। जिससे वह काफी परेशान भी थे। जिसके बारे में कुछ करीबी रिश्तेदारों को पता भी है। इसकी सत्यता जानने की कोशिश की जा रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जगदीश ने पुलिस को फोन करके घटना की जानकारी दी थी। जब मौके पर पहुंची। सभी तड़प रहे थे। लेकिन बोलने की स्थिति में कोई भी नहीं था। जगदीश ने जिस तरह से पुलिस कंट्रोल रूम को फोन किया, उसको लेकर पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जगदीश ने जहर तो जानकर पिया था। लेकिन जब वह तड़पने लगा, उसने खुद को और परिवार को बचाने के लिये पुलिस को फोन किया होगा। लेकिन जहर शरीर में काफी तेजी से फैला, जिसकी वजह से उसकी और उसकी बहन की मौत हो गई। इसके अलावा शायद हरदीप ने अपने परिवार को गुरुद्वारे ले जाकर मामले की जानकारी दे दी थी। जिसके बाद उसने खुदकुशी का प्लान बनाया और सुबह फैक्टरी आकर जहर खा लिया होगा।

# राजधानी एक्सप्रेस में युवक की गला दबाकर हत्या की कोशिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी एक्सप्रेस की बोगी में चढ़ने के दौरान हुए विवाद में यात्री ने युवक की गला दबाकर हत्या की कोशिश की। साथ ही उनकी दिव्यांग मां के साथ बदसलूकी की। राजेंद्र नगर टर्मिनल पहुंचने पर पीड़ित युवक ने इसकी शिकायत गवर्नमेंट रेलवे पुलिस (जीआरपी) से की।

शिकायत पर रेलवे पुलिस ने जीरो एफआईआर दर्ज कर लिया। बाद में जांच के लिए मामले को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पुलिस को ट्रांसफर कर दिया गया। नई दिल्ली रेलवे थाना पुलिस ने पीड़ित के बयान पर मामला दर्ज कर लिया है और मामले की छानबीन शुरू कर दी है।रोहिणी के सेक्टर-१८ निवासी अभिनव तथागत ने पुलिस को दी शिकायत में अभिनव में बताया, वह २८ मार्च को तेजस राजधानी ट्रेन से बुजुर्ग व दिव्यांग मां के साथ पटना जा रहे थे। तभी एक युवक आया और उनकी मां के साथ दुर्व्यवहार करने लगा। गुस्से में आकर युवक अभिनव और उनकी मां को गाली देने लगा। गाली गलौज का विरोध करने पर आरोपी ने अभिनव को बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। उनके चेहरे, गर्दन और सिर पर मुक्का मारा। उसने गला दबाकर हत्या की कोशिश की। मां मदद के लिए चिल्लाती रहीं। इस बीच एक यात्री ने बीच बचाव कर उन्हें छुड़ाया। अभिनव ने बताया, यात्री ने हस्तक्षेप नहीं किया होता तो आरोपी उसकी हत्या कर देता। इस दौरान ट्रेन रवाना हो चुकी थी। पीड़ित ने रेलवे हेल्पलाइन नंबर १३९ और आपातकालीन नंबर ११२ पर भी कॉल किया। पीड़ित ने ट्रेन में सवार रेलवे पुलिस को भी घटना के बारे में सूचित किया। अगले दिन राजेंद्र नगर रेलवे टर्मिनल पर ट्रेन से उतरने के बाद उन्होंने जीआरपी से घटना की शिकायत की। शिकायत में उन्होंने बताया कि उसके सिर के पीछे और गले पर गंभीर चोटें आई हैं। शिकायत पर राजेंद्र नगर जीआरपी ने जीरो एफआईआर दर्ज कर ली। चूंकि घटना नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई है, इसलिए शिकायत को जांच के लिए नई दिल्ली रेलवे थाना पुलिस के पास भेज दिया। पुलिस ने शिकायत पर पीड़ित का बयान दर्ज कर ९ मई को मामला दर्ज कर लिया है।

# बंदूक की नोक पर हुई रॉबरी के मामले में मास्टरमाइंड समेत दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका जिला पुलिस के एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वॉड ने बंदूक की नोक पर हुई रॉबरी के मामले को सुलझाकर मास्टरमाइंड सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से रॉब ५४,५०० रुपये, मोबाइल फोन और अपराध के समय पहने हुए कपड़े बरामद किए है।मास्टर-माइंड/आरोपी डिलीवरी एजेंसी का पूर्व कर्मचारी था।

दिल्ली के द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि 29 अप्रैल को, बंदूक की नोक पर एक कार्यालय में रॉबरी के संबंध में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी पूछताछ करने पर शिकायतकर्ता ने बताया कि तीन लड़के कार्यालय में घुसे और बंदूक की नोंक पर उनकी नकदी की रॉबरी कर ली। उन्होंने कंपनी का डीवीआर भी छीन लिया और बाइक से भाग गए।शिकायतकर्ता के बयान पर द्वारका सेक्टर २३ थाने में मामला दर्ज कर एसीपी ऑपरेशन राम अवतार की देखरेख में, इंस्पेक्टर कमलेश कुमार के नेतृत्व में टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर अपराध स्थल का निरीक्षण किया और घटनास्थल के साथ-साथ आस-पास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की।इसके बाद टीम ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी निगरानी की मदद से मास्टर माइंड आरोपी हरमीत (३१) और उसके साथी योगेश (३०) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ के दौरान, उन्होंने नकदी लूट की घटना में अपनी संलिप्तता के बारे में कबूल किया, और उनके पास से ५४,५०० रुपये - लूटी गई नकदी बरामद की गई।उनसे पूछताछ के आधार पर, सह-आरोपी गुरुदास की तलाश के लिए एमएस पार्क, छापेमारी की गई, लेकिन उसका पता नहीं चल सका। पुलिस पूछताछ में पता चला है कि आरोपी हरमीत ने जनवरी तक शिकायतकर्ता के कार्यालय में डिलीवरी बॉय के रूप में काम किया था, लेकिन वर्तमान में बेरोजगार था। उसने नकदी लूटने की योजना बनाई और योगेश और गुरदास के साथ इस पर चर्चा की। हाल ही में जेल से रिहा हुआ गुरदास, जो एक हत्या के मामले में जेसी था, को अपनी बहन की शादी के लिए पैसों की जरूरत थी।योजना के अनुसार, गुरदास ने हथियार का इंतजाम किया। उसके बाद उन्होंने बहादुरगढ़, एचआर से बंदूक की नोक पर एक बाइक लूटी और उनके द्वारा घटना को अंजाम दिया गया। घटना के बाद, वे बहादुरगढ़ पहुंचे और लूटी गई बाइक को उन्होंने लावारिस हालत में छोड़ दिया और सार्वजनिक रूप से रोहतक पहुंचे।



**उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना व विधानसभाध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता विधानसभा परिसर में सौर ऊर्जा संयंत्र की आधार शिला रखते हुए साथ में हैं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता व अन्य।**

# फाइलों में ही किया जा रहा वायु प्रदूषण की शिकायतों का निपटारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्रदूषण से संबंधित शिकायतों का निपटारा केवल कागजों और फाइलों में ही किया जा रहा है। जमीनी स्तर पर हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। प्रशासन की ओर से प्रदूषण की रोकथाम को लेकर किए गए दावे अधूरे है। इसका खुलासा केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के समीर एप पर प्राप्त वायु प्रदूषण से संबंधित शिकायतों के निवारण की स्थिति में हुआ है। इस एप का उपयोग वायु प्रदूषण से संबंधित शिकायतों को दर्ज करने और ट्रैक करने के लिए भी उपयोग किया जा सकता है। लोग तस्वीरों के साथ शिकायतें साझा करते हैं और एप के माध्यम से सुझाव दे सकते हैं । सीपीसीबी के मुताबिक सभी १३ विभागों से प्राप्त शिकायतों में से लगभग ४० फीसदी शिकायतें सुधार के इंतजार में है। केवल चार विभागों ने ही कुल प्राप्त शिकायतों का १०० फीसदी समाधान किया है। प्रदूषण से जुड़ी शिकायतों के निपटारे में सबसे फिसड्डी दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) है।

इसके बाद दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) है, जोकि शिकायतों पर ध्यान ही नहीं दे रही है। यही नहीं जहां सरकार डिजिटलाइजेशन को बढ़ावा दे रही है, वहां भी एजेंसियां प्राप्त शिकायतों के सुधार के मामले में सुस्ती दिखा रही है। सीपीसीबी के आंकड़ों के मुताबिक सबसे अधिक शिकायत एमसीडी को प्राप्त हुई हैं। इसमें ५२६४ शिकायत में से केवल २६५८ शिकायतों को ठीक किया गया है। यानी ५० फीसदी शिकायतों को सुलझाया ही नहीं गया है।

# अपहरण करके हत्या करने वाला पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** चितरंजन पार्क इलाके में एक कारोबारी की हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे पैरोल जम्पर दलीप त्रिपाठी को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। वर्ष २०११ में आरोपी ने तीन अन्य लोगों के साथ मिलकर व्यवसायी की अपहरण और डकैती के बाद हत्या कर दी थी। आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी और पैरोल मिलने के बाद २०२१ से फरार था।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि वर्ष २०२१ में कोविड अवधि के दौरान आपातकालीन पैरोल पर रिहाई के बाद, आजीवन कारावास की सजा काट रहा दलीप त्रिपाठी अपनी सजा से बच रहा था। जेल अधिकारियों ने २०२१ से उसके पैरोल उल्लंघन मामले में पुलिस को सूचित किया था। एसीपी राजपाल डबास की देखरेख में इंस्पेक्टर गौतम मलिक के निर्देशन में पुलिस टीम ने आरोपी को प्रताप गढ़, कानपुर, यूपी से गिरफ्तार किया। आरोपी दलीप त्रिपाठी अपने दोस्तों और पड़ोसी के साथ रोजगार के लिए नोएडा आया था और शुरुआत में वहां विभिन्न निर्माण स्थलों पर केयरटेकर/सुपरवाइजर के रूप में काम किया। वर्ष २०११ में, उसने अपने दो साथियों आयुषतोष और दीपक (जो उसी गांव के हैं) के साथ मिलकर षडयंत्र रचा और सीआर पार्क निवासी विनोद कुमार गुप्ता नामक व्यक्ति का अपहरण कर लिया, जिसके लिए उसका एक साथी आयुषतोष काम करता है।

# विधानसभा परिसर में सौर ऊर्जा संयंत्र की आधारशिला रखी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना एवं विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने आज विधानसभा परिसर में ५०० किलोवाट सौर ऊर्जा संयंत्र की आधारशिला रखी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

सौर ऊर्जा संचालित विधानसभा की पहल की सराहना करते हुए सक्सेना ने कहा कि , आज रखी गई यह आधारशिला सिर्फ एक सौर संयंत्र के लिए नहीं, बल्कि स्वच्छ और हरित भविष्य के लिए है, जो जिम्मेदार शासन की नींव है। उन्होंने बताया कि संयंत्र की क्षमता २०० किलोवाट से बढ़ाकर ५०० किलोवाट की गई है, जो स्थान और तकनीकी सीमाओं के बावजूद संभव हुआ-यह दिल्ली की नए स्वरूप और निरंतर विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

सक्सेना ने यह भी कहा कि दिल्ली विकास प्राधिकरण (डी.डी.ए.) विधानसभा को धरोहर स्थल घोषित करने के प्रयासों में पूरा सहयोग देगा। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने विधानसभा के आधुनिकीकरण और निरंतर विकास से जुड़ी पहलों की जानकारी दी, जिनमें विधानसभा पुस्तकालय का डिजिटलीकरण, नेशनल ई-विधान एप्लिकेशन (छमटा), लाइट एंड साउंड शो और बुनियादी ढांचे का नवीनीकरण शामिल है, ताकि विधानसभा को धरोहर के रूप में संरक्षित किया जा सके।

इसका मुख्य आकर्षण सौर ऊर्जा परियोजना है, जिससे हर महीने लगभग १५ लाख रुपए की बिजली की बचत होगी। अतिरिक्त बिजली उत्पादन के कारण यह मॉडल राजस्व उत्पन्न करने वाला भी बन सकता है। इस बचत से न केवल सौर ऊर्जा उपकरणों की लागत की भरपाई होगी, बल्कि विधानसभा की दीर्घकालिक विद्युत आवश्यकताएं भी पूरी होंगी, जिससे बिजली बिल शून्य हो जाएंगे।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि यह पहल पीएम-सूर्य घर योजना के अनुरूप है, जिससे दिल्ली देश की पहली ऐसी विधानसभा बनेगी जो पूरी तरह अक्षय ऊर्जा पर चलेगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही योजना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस योजना के तहत नागरिकों को सौर ऊर्जा अपनाने पर ७८,००० रुपए तक की सब्सिडी मिलेगी। रेखा गुप्ता ने आगे बताया कि दिल्ली की मौजूदा बिजली मांग लगभग ८,००० मेगावाट है, जो जल्द ही ९,००० मेगावाट तक पहुंच सकती है-ऐसे में सौर ऊर्जा पर निर्भरता इस बढ़ती मांग को सतत रूप से पूरा करने में मदद करेंगी।

दिल्ली सरकार के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह (लोक निर्माण विभाग) और आशीष सूद (ऊर्जा) ने भी इस पहल का समर्थन किया और अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता के नेतृत्व की सराहना की। दोनों मंत्रियों ने यह उम्मीद जताई कि विधानसभा की इस पहल से दिल्ली के लोग भी सौर ऊर्जा को अपनाएंगे जिससे श्क्लीन दिल्ली, ग्रीन दिल्लीश का सपना पूरा हो सकेगा और दिल्ली अन्य राज्यों के लिए मिसाल बनेगी। कार्यक्रम के समापन में, विधानसभा उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट ने जनप्रति. निधियों की जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को दो. हराया और कहा, ष्सौर ऊर्जा संचालित विधानसभा सतत शासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहला कदम होगा।

# स्कूल निदेशक पर छात्रा को जूतों से पीटने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** छतरपुर स्थित एक स्कूल के निदेशक पर १२वीं के छात्र ने जूतों से पिटाई करने और बीच-बचाव करने आई उसकी बहन को धक्का देने का आरोप लगाया है। घटना पांच मई की है। मैदानगढ़ी थाना पुलिस ने छात्र की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में पंचशील विहार निवासी छात्र ने बताया कि पांच मई को उसकी कक्षा के एक छात्र ने उसे कैंटीन में बैठे एक साथी छात्र को बुलाने के लिए कहा। इस पर उसने कैंटीन में बैठे छात्र को अपना संदेश दिया और वहां से खेलने चला गया। उन दोनों छात्रों में कक्षा में झगड़ा हो गया। आरोप है कि स्कूल संचालक ने एक छात्र की पाइप से पिटाई कर दी और दूसरे को स्कूल से निकाल दिया। अगले दिन स्कूल संच. ालक ने शिकायतकर्ता छात्र को अपने कमरे में बुलाया और उससे पूछा कि तुमने कैंटीन में बैठे छात्र को कक्षा में जाने के लिए क्यों कहा और उसकी बात सुने बिना ही उसे थप्पड़ मारने शुरू कर दिए। आरोप है कि स्कूल संचालक ने अपना जूता उतार लिया और जूते से उसकी पिटाई शुरू कर दी। इस दौरान वहां मौजूद उसकी छोटी बहन ने स्कूल संचालक को रो. कने का प्रयास किया तो उसने उसे भी पीटने की धमकी दी और धक्का दे दिया।

# युवक की पीटकर हत्या में दंपति बेटे के साथ पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बिंदापुर में शौर शराबे को लेकर हुए विवाद में एक युवक की पीट पीटकर हत्या करने की वारदात में अपराध शाखा ने दंपति और उनके नाबालिग बेटे को पकड़ा है। दंपति की पहचान फैसल हुसैन और रुकसाना खातून के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते २९ अप्रैल को, सेवक पार्क, उत्तम नगर, में दो पड़ोसियों मौलाना हसन और फैसल हुसैन के बीच विवाद हो गया। विवाद आरोपी व्यक्तियों द्वारा चलाए जा रहे वीडियो गेमिंग पार्लर और उस पार्लर में गेम खेलने के लिए आने वाले लोगों के कारण गली में ध्वनि की शिकायतों पर शुरू हुआ। फैसल हुसैन ने कथित तौर पर अपनी पत्नी और दो बेटों को बुलाया, जिन्होंने लाठी और लोहे की छड़ों से मौलाना हसन और उनके बेटों पर हमला किया। ओसामा मौलाना हसन की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी। एसीपी उमेश बर्थवाल की देखरेख में इंस्पेक्टर योगेश और विनोद यादव के निर्देशन में पुलिस टीम ने पर्यावरण कॉम्प्लेक्स, इग्नू रोड, नेब सराय साकेत में छापेमारी करके तीनों को पकड़ा। फैसल हुसैन कपड़ा बनाने का काम करता है। वह उत्तम नगर स्थित सेवक पार्क में रहते हैं। वह गोपालगंज, बिहार के मूल निवासी हैं और अपने परिवार के साथ दिल्ली में रहते हैं, जिसमें दो बेटे और एक बेटी शामिल हैं। रुकसाना खातून उत्तम नगर स्थित सेवक पार्क में रहती हैं।

## तैमूर नगर नाले की चौड़ाई कम होने से जलभराव का खतरा बढ़ा

**नई दिल्ली।** तैमूर नगर नाले की शुरुआती चौड़ाई २० से २५ फीट है, वहीं अंतिम छोर महज आठ फीट ही बचा है। निकासी पर आसपास के लोगों की आवाजाही के लिए अस्थायी पुलिया बनी है। इसी के नीचे दो-दो फीट (२४ इंच) की चार पाइपों के जरिए तैमूर नगर नाले का सारा ड्रेनेज यमुना में गिर रहा है, जो पहले से ही आधे ब्लॉक हैं।

हाई कोर्ट के आदेश पर स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने अभियान चलाकर किनारे के अतिक्रमण को हटा दिया पर नाले के प्रवाह में चार अस्थायी पुलिया अब भी बाधा हैं। मानसून से पहले बाधाओं को हटाते हुए मुहाने पर नाले की चौड़ाई नहीं बढ़ाई गई तो महारानी बाग, फ्रैंड्स कालोनी, न्यू फ्रैंड्स कालोनी, सनलाइट कालोनी व कालिंदी कालोनी और आसपास के लोगों को एक बार फिर 'जल प्रलय' का सामना करना पड़ सकता है। दरअसल, किनारों पर अतिक्रमण के चलते तैमूर नगर नाले का प्रवाह बाधित था। सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के इस नाले से महारानी बाग, फ्रैंड्स कालोनी, न्यू फ्रैंड्स कालोनी, सनलाइट कालोनी व कालिंदी कालोनी का ड्रेनेज भूमिगत जल निकासी नेटवर्क ईस्टर्न एवेन्यू रोड (महारानी बाग के गेट नंबर ५ के पास) के पास जुड़ा है।

# जहरीले धुएं के चलते चार की तबीयत बिगड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के संगम पार्क इलाके में एक विनिर्माण इकाई में कथित तौर पर जहरीले धुएं के कारण सोमवार को एक परिवार के चार सदस्यों की तबीयत बिगड़ गई और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार संगम पार्क इलाके में 'डीएसआईडीसी शेड' नंबर ६३ में बाइक हॉर्न की विनिर्माण इकाई के मालिक हरदीप सिंह सुबह अपनी पत्नी हरप्रीत कौर (३८), बेटे जगदीश सिंह (१६) और बेटी हरगुल कौर (१५) के साथ शेड में पहुंचे थे। बाद में, पुलिस नियंत्रण कक्ष को घटना के संबंध में सूचना मिली जिसके बाद वह वहां पहुंची तो चारों की हालत खराब थी। उसने बताया कि हरदीप सिंह, जगदीश सिंह और हरगुल कौर को हिंदू राव अस्पताल में भर्ती कराया गया जबकि हरप्रीत कौर को दीप चंद बंधु अस्पताल ले जाया गया।

पुलिस को घटना के बारे में तब पता चला जब पीड़ितों में से एक बच्चे ने अपने रिश्तेदारों को इसकी जानकारी दी, जिन्होंने पुलिस और आपातकालीन सेवाओं को सूचित किया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि चारों को चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। उन्होंने बताया कि शेड को सील कर दिया गया है और मामला दर्ज किया जा रहा है।

# स्वरूप नगर से लेकर बुराड़ी 24 मई तक बंद रहेगी सड़क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** स्वरूप नगर रजिस्ट्रार ऑफिस (एनएच-४४ पर नाला के पास) से लेकर बुराड़ी विजय चौक (बुराड़ी की ओर) तक रोड यातायात के लिए आगामी २४ मई तक बंद रहेगा। यह निर्णय इस रोड के मरम्मत कार्य के मद्देनजर लिया गया है। इस बारे में दिल्ली पुलिस ने ट्रैफिक एडवायजरी जारी कर वैकल्पिक मार्ग के इस्तेमाल को कहा है। यह मार्ग शनिवार से आवाजाही के लिए बंद कर दिया गया है। वाहन चालकों को असुविधा से बचने के लिए ट्रैफिक पुलिस के निर्देशों का पालन करने की सलाह दी है। ट्रैफिक एडवाइजरी के मुताबिक, काठिया बाबा मार्ग (स्वरूप नगर रजिस्ट्रार ऑफिस-बुरारी रोड विजय चौक तक) पर अगले १५ दिन मरम्मत और री-कार्पेटिंग का काम चलेगा, इस कारण इस मार्ग १० मई से १५ अगले दिन के लिए वाहनों की आवा. जाही के लिए प्रतिबंधित रहेगी। ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों को आगाह किया गया है कि परेशानी से बचने के लिए वैकल्पिक रास्तों का इस्तेमाल करें। एसडीएम रजिस्ट्रार ऑफिस स्वरूप नगर नाला रोड से वाहन चालक सीसी रोड के माध्यम से भलस्वा लैंडफिल की ओर जा सकते हैं।

झंडा चौक से बुराड़ी चौक तक जा सकते हैं। बुराड़ी पहुंचने के लिए झंडा चौक से विजय चौक तक का मार्ग सही रहेगा। विजय चौक से वाहन चालक गुरुद्वारा रोड से होते हुए गुर्जर चौक के रास्ते झंडा चौक से भलस्वा लैंडफिल और फिर नाला तक का रास्ता ले सकते हैं।

# करोड़ों के लोन का फर्जीवाड़ा, कारोबारी पकड़ा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी और हेराफेरी करने के आरोप में नोएडा के रहने वाले अनिल मिठास को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आईसीआईसीआई बैंक के अधिकारियों ने आर्थिक अपराध शाखा थाने में एक शिकायत दी थी। जिसमें आरोप लगाया गया था कि वर्ष २०१६ और २०१७ में बैंक ने मेसर्स उन्नति फॉर्च्यून होल्डिंग लिमिटेड (यूएफएचएल) को आर्यना प्रोजेक्ट नोएडा के शेष निर्माण के लिए १०० करोड़ रुपये और प्रोजेक्ट एल्डर ग्रोव और यूनीवर्ल्ड (यूडब्ल्यू) रिसॉर्ट्स गुडगांव के शेष निर्माण के लिए ६५ करोड़ रुपये का लोन मंजूर किया था। आरोपी व्यक्तियों ने गलत जानकारी दी और लोन का गबन किया। २०१९ में, मेसर्स नुपुर फिनवेस्ट प्राइवेट लिमिटेड ने एनसीएलटी दिल्ली के समक्ष कंपनी यूएफएचएल के खिलाफ एक आवेदन दायर किया, जिसमें आरोप लगाया गया कि यूएफएचएल ने क्रेडिट सुविधाओं का लाभ उठाया और मेसर्स नूपुर फिनवेस्ट प्राइवेट लिमिटेड के पास ७५ फ्लैटों को गिरवी रखा, जिन्हें बाद में फिर से आईसीआईसीआई बैंक के पास गिरवी रख दिया गया। एनसीएलटी ने दिवालियापन प्रक्रिया भी शुरू की थी और एक आईआरपी नियुक्त किया था, जिसने बाद में कंपनी का ऑडिट कराया।

ऑडिटर ने अपनी रिपोर्ट भी दी, जिसमें कंपनी के खातों में मार्च २०१४ से मार्च २०१९ का रिकॉर्ड दिया गया। ऑडिटर की रिपोर्ट में पता चला कि संबंधित पार्टियों, सहयोगी संस्थाओं और शेल कंपनियों में निवेश करके धन को डायवर्ट किया गया था। पुलिस ने धारा ४०६, ४२०, १२०-बी आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया। मेसर्स नूपुर फिनवेस्ट प्राइवेट लिमिटेड और शिकायतकर्ता बैंक से जवाब प्राप्त किए गए। संबंधित दस्तावेजों की जांच की गई। जिसमें हेराफेरी सामने आई। आरोपी अनिल मिठास को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ करने पर पता चला कि आरोपी अनिल मिठास एक रियल एस्टेट व्यवसायी है।

## तेज धूप ने किया परेशान

**नई दिल्ली।** पश्चिमी विक्षोभ सहित अन्य मौसमी कारकों के असर से मिल रही राहत का दौर अब खत्म हो गया है। सोमवार से राजधानी में दोबारा गर्मी बढ़ने लगी। हालांकि लू अभी नहीं चली , । इस दौरान तेज धूप ने भी परेशान किया । सुबह ही धूप निकल गई थी और दिन चढ़ने के साथ और तीखी होती गई। अधिकतम तापमान ३८.८ डिग्री जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से २४.६ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया।

# उम्र पूरी कर चुके वाहनों को दिल्ली एनसीआर में नहीं मिलेगा ईंधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली एनसीआर के १९ जिलों में उम्र पूरी करने वाले वाहनों को एक अप्रैल २०२६ से ईंधन नहीं मिलेगा। वायु प्रदूषण के स्तर में कमी लाने के मकसद से वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने सख्त रवैया अख्तियार कर लिया है। दिल्ली और पांच जिलों में यह प्रतिबंध इसी साल लागू हो जाएगा। सीएक्यूएम की ओर से एनसीआर में शामिल सभी राज्य सरकारों के मुख्य सचिवों को इस आशय के लिखित आदेश भी जारी किए जा चुके हैं। गौरतलब है कि विभिन्न अध्ययनों के मुताबिक, दिल्ली के प्रदूषण में वाहनों से निकलने वाले धुएं की हिस्सेदारी ४२ प्रतिशत या इससे अधिक भी हो सकती है। विशेषज्ञों के अनुसार, आम वाहनों की तुलना में समयावधि पूरा कर चुके वाहनों से और ज्यादा प्रदूषण होता है।

इसीलिए उम्र पूरी कर चुके वाहनों के संचालन पर रोकथाम जरूरी है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि एनसीआर में डीजल वाहनों के लिए उम्र पूरी के लिए १० साल और पेट्रोल वाहनों के लिए १५ साल की समयावधि निर्धारित की गई है।

ऐसे वाहनों पर रोक सुनिश्चित करने के लिए सीएक्यूएम ने दिल्ली के लिए इन्हें ईंधन न देने की तिथि एक जुलाई और गुरुग्राम, सोनीपत, फरीदाबाद, नोएडा, गाजियाबाद के लिए एक नवंबर तय की है। उक्त तारीखों से पहले इन शहरों के पेट्रोल पंपों पर आटोमैटिक नंबर प्लेट रीडर (एएनपीआर) कैमरे लगाना भी अनिवार्य कर दिया गया है। सीएक्यूएम के मुताबिक, एनसीआर में शामिल उक्त पांच जिलों के अतिरिक्त अन्य हरियाणा के ११, उत्तर प्रदेश के छह और राजस्थान के दो जिलों में भी यही व्यवस्था लागू होनी है, लेकिन इन जिलों के पेट्रोल पंपों पर एएनपीआर कैमरे लगाने की समयावधि ३१ मार्च, २०२६ रखी गई है। यानी वहां पर एक अप्रैल २०२६ से बूढ़े वाहनों को ईंधन मिलना बंद किया जाएगा।

# ई-रिक्शा चालक की हत्या में नाबालिग गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** रणहौला इलाके में पांच दिन से लापता ई-रिक्शा चालक की हत्या कर दी गई। उसका शव एक प्लॉट में सड़ी गली अवस्था में मिला। पुलिस ने मामले की छानबीन करने के बाद एक नाबालिग को पकड़ा है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर हत्या करने के कारणों के बारे में जानकारी हासिल कर रही है। जिला पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया कि ९ मई को रणहौला पुलिस को एक खाली प्लॉट में युवक के शव पड़े होने की जानकारी मिली। पुलिस ने पाया कि शव २२ से २४ साल के युवक की है। जांच के दौरान मृतक की शिनाख्त रणहौला निवासी राहुल के रूप में हुई। वह पेशे से ई-रिक्शा चालक था। राहुल पांच मई से अपने घर से लापता था। परिवार वालों ने उसकी गुमशुदगी की शिकायत रणहौला थाने में की थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर उसकी तलाश कर रही थी।

शव मिलने के बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने जांच के दौरान मृतक के परिवार वालों और उसके दोस्तों से पूछताछ की। साथ ही घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे की जांच की। पुलिस ने एक नाबालिग की पहचान करने के बाद उसे रविवार को पकड़ लिया।

# दो पक्षों के बीच हुए विवाद में दस लोगों को किया गिफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** थाना चांदीनगर क्षेत्र के गढ़ी कलंजरी गांव में दो पक्षों के बीच में विवाद हुआ। पुलिस ने दोनों पक्षों से दस लोगों को गिरफ्तार किया है। गांव के ही दो पक्षों के बीच रविवार देर रात मामूली कहा. सुनी को लेकर दोनों पक्षों में जमकर धारदार हथियार चले थें। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडे और पत्थरों से हमला किया। इस दौरान कई लोग घायल हो गए थें।

रटौल थाना क्षेत्र के गढ़ी कलंजरी गांव में रविवार रात दो पक्षों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया था। लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हुई मारपीट में दोनों ओर से कुल 9 लोग घायल हो गए थे। पुलिस के अनुसार, गांव निवासी सौरभ पुत्र राजपाल और राहुल पुत्र राजेंद्र के बीच तीन दिन पहले दुकान पर किसी बात को लेकर कहासुनी और मारपीट हुई थी। उस समय मामला आपसी समझौते से सुलझा लिया गया था। लेकिन रविवार रात कथित रूप से सौरभ और प्रताप पहलवान के मकान पर 20-25 युवक पहुंचे और पथराव व मारपीट की। संघर्ष में बीच-बचाव करने पहुंचे धीरेन्द्र पुत्र नवल भी घायल हो गए। वहीं, दूसरे पक्ष के युवक अंकित ने आरोप लगाया कि वह रात में कोल्ड ड्रिंक लेने जा रहा था, तभी गांव के चार युवकों ने उस पर हमला कर दिया। हिंसक झड़प में एक पक्ष से हनी पहलवान, भज्जी पुत्र अजीत, बंटी पुत्र प्रताप, और अनूप पुत्र धर्मवीर घायल हुए, जबकि दूसरे पक्ष से अंकित, पालेराम, बलराज और राजेंद्र को चोटें आई हैं। घायलों को पुलिस ने उपचार के लिए पिलाना सीएचसी भेजा है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए दोनो पक्षों से दस लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में पालेराम, बलराज, अंकित, राजेंद्र, धीरेन्द्र, रितिक, हनी, प्रवेश, हर्ष और सौरभ शामिल हैं।



# ताला तोड़ 2 लाख के बकरे चोरी, सीसीटीवी कैमरे में कैद वारदात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** रटौल मे एक मकान का ताला तोड़ चोर दो लाख के 6 बकरे चोरी कर ले गये चोरी करते समय घटना सीसीटीवी कैमरे मे कैद हो गयी पीडित ने अज्ञात चोरो के खिलाफ रटौल पुलिस चौकी पर तहरीर दी है।

रटौल निवासी शकील पुत्र जमील का बस स्टैंड के समीप दुकान और घर है। उसने बताया की रात्रि वह घर का गेट लगाकर अन्दर घर पर आकर सो गये रात्रि अज्ञात चोर ब्रेजा गाड़ी लेकर वहा पहुंचे और गेट का ताला तोड़ वहा मौजूद 6 बकरे चोरी कर ले गये सुबह जब पीड़ित परिवार जागा तो घटना का पता चला परिजनों ने सीसीटीवी फुटेज चेक की तो घटना कैमरे मे कैद हो गयी बकरा चोरी की घटना के बाद अन्य बकरा पालकों मे भी दहशत का माहौल है। बकरा ईद के त्यौहार के नजदीक आते ही बकरा चोरी की घटना बढ जाती है पिछले वर्ष भी रटौल से 12 बकरे चोरी हुये थे पीड़ित ने रटौल पुलिस चौकी पर अज्ञात चोरो के खिलाफ तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की है।



# वीर शहीदों की आत्मा की शांति व राष्ट्र कल्याण के लिए किया यज्ञ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** भारत-पाकिस्तान युद्ध में माँ भारती की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए शहीद सैनिकों की स्मृति में छपरौली क्षेत्र के लूम गांव में सोमवार को एक भव्य और भावपूर्ण वृहत यज्ञ का आयोजन किया गया। यह यज्ञ गांव के प्राचीन बड़े शिव मंदिर परिसर में आयोजित हुआ, जिसका उद्देश्य न केवल शहीदों की आत्मा की शांति एवं श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समाज के सभी वर्गों में एक साथ मिलकर देश की एकता अखंडता के कल्याण की कामना की सम्पूर्ण राष्ट्र के कल्याण, एकता और समृद्धि की भी कामना करते हुए देश की अमर शहीदों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर गांव व क्षेत्र के अनेक प्रतिष्ठित और सम्माननीय जन उपस्थित रहे। यज्ञ में विशेष रूप से डा. स्वदेश, डा. अरविन्द चौहान, टिंकू, बृजपाल सिंह, टीकाराम चौधरी, ऋषिपाल सिंह, मा. लखमी चंद, संजीव डायरेक्टर, हिमांशु चौहान, युवा किसान नेता विक्की चौहान, कुलदीप चौहान व उनकी पत्नी तथा पंडित सोमदत्त की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। इस दिव्य यज्ञ के मुख्य यजमान श्री कुलदीप चौहान एवं उनकी धर्मपत्नी रहे। जिन्होंने पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुतियाँ अर्पित कीं। यज्ञ के दौरान देशभक्ति से ओतप्रोत वातावरण, मंत्रों की गूंज, अग्नि की ज्वाला और श्रद्धा से भरे चेहरों ने पूरे परिसर को एक अलौकिक ऊर्जा से भर दिया। ग्रामवासियों के इस सामूहिक प्रयास ने यह स्पष्ट कर दिया कि देश की रक्षा में प्राणों की आहुति देने वाले वीर कभी भुलाए नहीं जाते। उनका सम्मान, उनकी स्मृति और उनके आदर्श पीढ़ियों तक प्रेरणा स्रोत बने रहेंगे। गांव के सम्मानित लोगों ने युवाओं से आहवान किया कि सभी युवा वर्ग देश के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देकर उन्हें नमन करें।



# आधीं के चलते आम बागानों को नुकसान, बागान मालिकों के चेहरों पर मायूसी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** मौसम के बदलाव के चलते देर शाम आयी आधीं के चलते आम की फसल को नुकसान पहुंचा है। आधीं के चलते 10 प्रतिशत आम की फसल गिर गयी है जिससे आम उत्पादक मायूस है।

रटौल मे एक बड़े भू-भाग मे आम के बागान है। यहा का आम देश और विदेशों मे प्रसिद्ध है अबकी बार आम की फसल अच्छी आयी है लेकिन मौसम की मार आम की फसल को नुकसान पहुंचा रही है रविवार देर शाम अचानक मौसम खराब होने और आधीं के चलते 10 प्रतिशत आम की फसल गिर गयी जिससे आम उत्पादको को नुकसान हुआ है। आम उत्पादक हबीब खान, उमर फरीदी, बदर मेहराजुदीन ने बताया की आधीं ने नुकसान पहुंचाया है अभी आम छोटा है जो बिक्री के काम का भी नही है जिससे आम उत्पादको के साथ साथ आम बागानों के ठेकेदारों को भी नुकसान हुआ है जिससे आम उत्पादक मायूस है।



# चोरों ने किराना की दुकान का तोड़ा ताला, हजारों का सामान चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** महिला थाना बागपत के निकट चोरों ने किराना की दुकान का ताला तोड़कर नगदी सहित हजारों का सामान चोरी कर ले गए। पीड़ित ने कोतवाली बागपत पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

सोमवार को करीब साढे आठ बजे मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली बागपत क्षेत्र के अर्जुनपुरम कालोनी निवासी प्रहलाद सिंह के मुताबिक महिला थाना बागपत के निकट उसकी किराना की दुकान है। सोमवार की सुबह करीब छह बजे जब वह दुकान पर पहुंचे तो घटना पता चला। आरोप है कि रविवार की रात करीब पौने 12 बजे चोरों ने किराना की दुकान का ताला तोड़कर करीब 25 हजार रुपये की नगदी, सिगरेट और कोल्ड ड्रिंक की बोतले चोरी कर ले गए। पीड़ित ने कोतवाली बागपत पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। पीड़ित ने कोतवाली बागपत पर तहरीर देकर चोरी की घटना का मुकदमा दर्ज करके केस का राजफाश करने की मांग की हैं। उधर, कोतवाली बागपत प्रभारी दीक्षित कुमार त्यागी का कहना है कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



# महात्मा बुद्ध ने दिखाया सत्य, अहिंसा और शांति का रास्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सपा कार्यालय परिसर में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर महात्मा बुद्ध को पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धा से याद किया। इस अवसर पर सपा जिला अध्यक्ष रविंद्र देव यादव ने कहा कि महात्मा बुद्ध ने दुनिया को सत्य, अहिंसा ,और शांति का रास्ता दिखाया जिसके माध्यम से ही लोक कल्याण संभव है। उन्होने बताया कि महात्मा बुद्ध ने मध्यम मार्ग को उत्तम मार्ग बताया और दुख व उसके निवारण के लिए अष्टांगिक मार्ग का उपदेश दिया।

इस अवसर पर संजीव त्यागी, नगेंद्र सिंह, हाजी निजात खान, डा. शालिनी ,बिल्लू प्रधान, राहुल यादव, सन्नी सुला. निया, महबूब मलिक, शाहरुख अजमू, आशुददीन सिददीकी, इरशाद, कविता गिरी, अनुज यादव, रामबीर सिंह, सावन त्यागी ,सोनू सबगा, विक्रम पंचाल, फिरोज खान ,शौकीन, कादिर प्रधान, श्रीनिवास सुरेंद्र त्यागी ,रोहित सिंह नजामुद्दीन आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## एक नजर

### कबूतरबाजी कर रहे आठ लोगो को पुलिस ने पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ललियाना गांव मे कबूतरों को उडा उस पर सट्टा लगा रहे आठ लोगो को पुलिस पकड़ थानें ले आयी जिनके खिलाफ मुकदमा कायम किया गया है।

ललियाना गांव मे कबूतरों को लेकर कबूतरबाजी का शोक रखने वाले लोगो ने एक प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमे कबूतर उडा कर दो दो हजार रूपये की प्रतियोगिता रखी गयी जिसका कबूतर देर से नीचे आयेगा वह प्रतियोगिता जीत जायेगा। बेजुबान पक्षी को इस तरहा उड़ानें की जब पुलिस को सूचना मिली तो पुलिस मौकें पर पहुंची जहां से शारूख पुत्र बाबू निवासी ललियाना, वसीम पुत्र फखरूदीन निवासी रटौल,फरियाद पुत्र आबिद रटौल, साहिल पुत्र इकबाल ललियाना, इस्लाम पुत्र अफसर रटौल, जाकिर पुत्र नवाब रटौल, समीर पुत्र खलील रटौल, राजेन्द्र पुत्र श्यामसुंदर ललियाना को पुलिस पकड़ कर थाने से आयी जिनके खिलाफ थानें मे मुकदमा कायम किया गया है।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दीया जलाकर शहीद हुए जवानों को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर पालिका के मैदान में सोमवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय के निर्देश पर एक दीया शहीदो के नाम शहर कांग्रेस कमेटी बडौत शहर अध्यक्ष रामहरी पंवार के नेतृत्व मे कांग्रेस जनों ने नगर पालिका बडौत परिसर मे पहुँच कर राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की प्रतिमा पर दीया जलाकर भारत पाकिस्तान संघर्ष में शहीद हुए वीर जवानों एवं जान गंवाने वाले निर्दोष नागरिकों के प्रति दो मिनट का मोन रखकर उनकी याद मे भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई । सभी ने देश की एकता अखण्डता सम्प्रभुता की रक्षा के लिए जवानों के साहस पराक्रम दृढता आत्मीयता को नमन किया।

इस अवसर पर रन्नजय लम्बा रामकुमार मुखिया देवेन्द्र चौहान मनोज जैन डा.सुभाष शर्मा अनुज कुमार आशु पंडित बालमुकुन्द औकार दत्त शर्मा जोनमाना मीडिया प्रभारी प्रवीण रूहेला बिजेन्दर शर्मा कृष्णहरी पंवार हरबीर सिंह आदी मौजूद रहे।

### अब म्यूजियम जाने पर मिलेगा जिम्मेदार नागरिकता प्रमाण पत्र, उड़ान यूथ क्लब का अभियान हुआ शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** उड़ान यूथ क्लब, जो युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार के नेहरू युवा केन्द्र बागपत से जुड़ा हुआ है, ने एक अनोखा कार्यकम चलो म्यूजियम चलें जिम्मेदार नागरिकता अभियान शुरू किया है। इस अभियान का उद्देश्य देशभर के युवाओं को म्यूजियम के माध्यम से अपने गौरवशाली इतिहास और सांस्कृतिक धरोहर से जुड़ने के लिए प्रेरित करना है।

अभी तक म्यूजियम जाने की अहमियत को नज़रअंदाज किया जाता रहा है, लेकिन उड़ान यूथ क्लब अब इसे जिम्मेदार नागरिकता से जोड़ने का प्रयास कर रहा है। क्लब ने इस अभियान के तहत म्यूजियम भ्रमण करने वाले प्रतिभागियों को जिम्मेदार नागरिकता प्रमाण पत्र और डिजिटल बैज प्रदान करने की घोषणा की है। इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को केवल इतिहास और संस्कृति से परिचित कराना नहीं, बल्कि उन्हें अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना भी है। उड़ान यूथ क्लब के अध्यक्ष और राज्य युवा पुरस्कार से सम्मानित सामाजिक कार्यकर्ता अमन कुमार ने कहा, हमारे म्यूजियम न केवल हमारे इतिहास और संस्कृति के खजाने हैं, बल्कि यह हमें अपनी जिम्मेदार नागरिकता को समझने का मौका भी देते हैं। म्यूजियम में जाने से हमें अपनी पहचान, संस्कृति और विरासत का महत्व समझ में आता है, जो एक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए बेहद ज़रूरी है। अमन कुमार ने यह भी बताया कि अभियान के पहले चरण में क्लब का लक्ष्य लगभग दो हजार युवाओं को इस अभियान में जोड़ने का है। इच्छुक प्रतिभागी भारत सरकार के माय भारत पोर्टल के माध्यम से 18 मई तक अपनी सहभागिता दर्ज कर सकते हैं। इस अभियान के अंतर्गत युवा ना केवल म्यूजियम का दौरा करेंगे, बल्कि अपने अनुभवों को साझा करेंगे, जिससे पूरे देश में म्यूजियम की अहमियत और जिम्मेदार नागरिकता के प्रति जागरूकता फैलेगी। यह पहल विशेष रूप से देशभर के युवाओं को एक सकारात्मक दिशा में प्रेरित करने का एक बेहतरीन कदम है। उड़ान यूथ क्लब के इस अभियान को युवा वर्ग द्वारा अच्छा समर्थन मिल रहा है, और उम्मीद की जा रही है कि यह पहल आने वाले समय में और भी व्यापक रूप से फैलेंगी।

# मातृ दिवस पर मातृशक्ति कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर के बडोली रोड स्थित सैंट आर वी कान्वेंट स्कूल में मातृ दिवस के उपलक्ष में मातृशक्ति को समर्पित एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की विशेषता माता के लिए आयोजित विभिन्न गतिविधियों जैसे म्यूजिकल एक्ट, कुकिंग विदाउट फायर व विभिन्न प्रकार के खेल में फनी गतिविधियां रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ समाजस. ेवी अनुराग जैन निर्देशिका श्रीमती चारू जैन, प्रथम जैन व प्रधानाचार्य पंकज शर्मा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। सभी माताओ का स्वागत तिलक लगाकर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। मुख्य अतिथि के रूप में आए जयदेव सिंह चेयरमैन रमाला शुगर मिल, सत्यव्रत आर्य समाजसेवी एवं सोशल मीडियन इन्फ्लुएंसर पारूल चौधरी तुगाना को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर पारूल चौधरी ने सभी मातृ शक्तियों को संबोधित करते हुए कहा कि मातृशक्ति के बिना पूरा संसार अध. ूरा है। सभी विजेता माताओ को स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया तथा कार्यक्रम की सारण करते हुए कहा कि समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रम होते रहना चाहिए। माताओ को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। सभी माताए पूर्ण उत्साह व उमंग से ओत प्रोत थी तथा प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने को उतावली माताओ ने अपने-अपने अनोखे अंदाज में पकवान प्रस्तुत किए, जिनमें स्वाद, सजावट और पोषण का बेहतरीन मेल देखने को मिला। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण तालिया और माताओ की मुस्कुराहटों के साथ हुआ जो इस दिन को अविस्मरणीय बना गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी अध्यापक गण का पूर्ण सहयोग रहा।




# धूमधाम से मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** चौधरी केहर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस एण्ड हॉस्पिटल में अन्तर्राष्ट्रीय नर्सिस दिवस बडे ही हर्षोल्लास से मनाया गया जिसके मुख्य अतिथि संस्था के सचिव डा. मनीष तोमर रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलित कर थीम प्रस्तावना के साथ प्राचार्य डा. महेन्द्र लाम्बा के द्वारा किया गया तथा सभी नर्सिंग प्रशिक्षुओं के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

इस मौके पर नर्सिंग प्रशिक्षिओं ने फलोरेंस नाइटैगिल की जीवनी पर प्रकाश डाला व सांक्षिप्त नाटकों के द्वारा नर्सिंग संबंधित विषयों पर जानकारी दी। इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी प्रदीप शर्मा, ने आने वाले अतिथियों का स्वागत किया समस्त फैकल्टी व नर्सिंग- प्रशिक्षु भी उपस्थित रहें।



# उपाध्याय समाज द्वारा गुरु गोरक्षनाथ महापर्व उत्सव का प्रारम्भ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** तहसील क्षेत्र के गाँव लूम्ब में स्थित उपाध्याय ध्यान केन्द्र में उपाध्याय समाज द्वारा गुरु गोरक्षनाथ महापर्व उत्सव का प्रारम्भ यज्ञ से हुआ। उत्सव में नाथ सम्प्रदाय के इतिहास, योग, नाथ पंथ की शिक्षा-दिशा एवं गुरु गोरक्षनाथ के जीवन पर वक्ताओं ने प्रकाश डाला। उत्सव में अतिथियों को फूल-मालायें व पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में आमन्त्रित केटी विंग के संस्थापक कपिल त्यागी ने कहा बटोगें तो कटोगें का उद्घोष करने वाले नाथ सम्प्रदाय के महन्त मुख्यमन्त्री योगी आदित्य नाथ की दृढ़ता नाथ पंथ के हट योग का प्रमाण है। गोरखधंधा गुरु गोरक्षनाथ की रहस्यमय विद्या है। लेकिन कुछ अज्ञानी व्यक्ति इसे तस्करी और चोर बजारी के लिए प्रयोग कर रहे है जो निन्दनीय है। विशिष्ट अतिथि संजोग उपाध्याय ने कहा गुरु गोरक्षनाथ महापर्व हम नाथ सम्प्रदाय के व्यक्तियों में एक आलोकित ऊर्जा का संचार करता है। नाथ सम्प्रदाय सनातन धर्म की एकता और अखंडता का प्रतीक है। उत्सव की अध्यक्षता संसार सिंह उपाध्याय और संचालन रविकुमार एडवोकेट ने किया। इस अवसर पर, रक्षिता, मधू, प्रिया उपाध्याय, कौशल, सुनीता, सोमपाल, प्रदीप कुमार उपाध्याय, जय कुमार, सुरेश, चन्द्रपाल, माल, राजीव, नरेश आदि उपस्थित रहे।



# शहीदों की याद में निकाली शौर्य तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** सोमवार को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जनपद बागपत द्वारा शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें सेना के सम्मान में शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में छपरौली विधानसभा की दोघट नगर पंचायत, पूसार, इदरीशपुर, भगवानपुर नांगल,के अंतर्गत सैकड़ो की संख्या में एक शौर्य तिरंगा ट्रैक्टर यात्रा निकाली।

कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा पश्चिम के यशस्वी क्षेत्रीय अध्यक्ष आदरणीय तेजा गुर्जर जी एवं कार्यक्रम संयोजक भाजपा किसान मोर्चा जनपद बागपत के जिला अध्यक्ष नितिन चौधरी ने किया। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री सोनू माया बामनोली ने किया। इस अवसर पर तेजा गुर्जर ने कहा कि भारतीय सेना ने अपने अदम्य साहस प्रकरण को दिखाते हुए पाकिस्तान की सेना को घुटनों पर ला दिया जिससे वह दुनिया से जान की भीख मांगने को मजबूर हो गया। नितिन चौधरी ने कहा कि यह ट्रैक्टर रैली सेना के साहस को बढ़ाने एवं इस लड़ाई के दौरान जो लोग शहीद हुए हैं उनको सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए निकल गई है। इस अवसर पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष गौरव तोमर राजीव राणा ,वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव राठी, नरेंदर राणा व उनकी टीम, मंडल अध्यक्ष हरपाल राठी, कपिल निरपुडा, उदय टिकरी, जिला मंत्री सोनू माया, बामनौली अपने कार्यक्रम में अपनी टीम के साथ बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



# 2.5 करोड़ के विवो मोबाइल चोरी का खुलासा

■ 603 फोन समेत तीन शातिर गिरफ्तार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में कंटेनर के माध्यम से विवो कंपनी के भेजे जाने वाले कीमती मोबाइल फोन ड्राइवरों की मिली-भगत से चोरी करने वाले एक गिरोह के तीन शातिर बदमाशों को थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने एक सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया है।इनके कब्जे से चोरी किए हुए 603 मोबाइल फोन बरामद किया है। मोबाइल फोनों की कीमत 2 करोड़ 50 लाख रुपए बताये जा रहे हैं। गिरफ्तार बदमाशों में एक कंटेनर चालक भी है। इन बदमाशों ने कुछ दिन पूर्व विवो कंपनी के एक कंटेनर से यह मोबाइल फोन चोरी किया था।

एडीसीपी ग्रेटर नोएडा सुधीर कुमार ने बताया किएक सूचना के आधार पर थाना पुलिस ने झट्टा रेलवे अंडरपास के पास से अरविंद दुबे पुत्र राज किशोर दुबे उम्र 36 वर्ष, अभिषेक चौहान पुत्र सुधीर सिंह उम्र 24 वर्ष तथा सिमरन सेठी पुत्र प्रीतम सिंह उम्र 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इनके पास से पुलिस ने प्लास्टिक के कट्टों में रखे हुए करीब 60 बॉक्स बरामद किया है, जिनमें कुल 603 मोबाइल फोन मिले हैं। ये मोबाइल फोन विवो कंपनी के हैं।

उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान गिरफ्तार बदमाशों ने पुलिस को बताया कि अरविंद दुबे एक ट्रांसपोर्ट कंपनी में कंटेनर चलता है, वह अपने कंटेनर में वीवो कंपनी का मोबाइल फोन भरकर दिल्ली एयरपोर्ट पर छोड़ने जा रहा था। इसी बीच अभिषेक चौहान आदि के साथ मिलकर उसने कंटेनर में भरे हुए 603 मोबाइल फोन चोरी कर लिया। इस मामले में ट्रांसपोर्टर की तरफ से थाना नॉलेज पार्क में पूर्व में मुकदमा दर्ज कराया गया है।एडीसीपी ने बताया कि अभियुक्तों के कब्जे से 603 मोबाइल कीमती मोबाइल फोन के अलावा अवैध शस्त्र भी बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों ने पूछताछ के दौरान बताया है कि कन्टेनर गाड़ी कंपनियों से मोबाइल फोन लेकर रवाना होती थी तो गाड़ी का ड्राईवर अभियुक्तों से सांठ-गांठ करके गाड़ी से मोबाइल फोन के कुछ कारटून चोरी करके सील बदल दिया करते थे। उन्होंने बताया कि इस घटना में कुछ अन्य लोग भी शामिल हैं। पुलिस उनकी भी तलाश कर रही है।

# बीटेक में दाखिला दिलाने के नाम पर डेढ़ लाख ठगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** राजस्थान के नामी विश्वविद्यालय में बीटेक में दाखिला दिलाने के नाम पर एक व्यक्ति से 1. 60 लाख रुपये की ठगी की गई। एक साल पहले हुई ठगी की घटना में थाना सेक्टर-58 पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पीड़ित नीतिश सिंह ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2023 में सेक्टर-11 स्थित एक कोचिंग संस्थान में उसकी मुलाकात गाजियाबाद के विजयनगर निवासी एक महिला से हुई। उस समय पीड़ित बीटेक के लिए ऐसे कॉलेज की तलाश कर रहा था, जहां कम फीस में दाखिला हो जाए।

महिला ने उन्हें बताया कि उसका




भाई राजस्थान के अलवर स्थित एक नामी विश्वविद्यालय में बीटेक में दाखिला करा देगा। विश्वविद्यालय में दाखिला लेने पर दो लाख रुपये लगते हैं, लेकिन महिला के भाई ने एक लाख 60 हजार रुपये में ही दाखिला दिलाने का आश्वासन दिया। यह भी बताया गया कि दाखिला के लिए उसे विश्वविद्यालय भी जाना नहीं होगा। पीड़ित का दावा है कि सेक्टर-62 मेट्रो स्टेशन के पास दोनों लोग आए। उन्हें 50 हजार रुपये नकद और एक लाख 10 हजार रुपये ऑनलाइन खाते में ट्रांसफर किए। इसके बाद से आरा.पी लगातार टरकाने लगे। यही नहीं, आरोपियों ने कहा कि तुम्हें विश्वविद्यालय जाने की जरूरत नहीं है। डिग्री बनकर घर पर आ जाएगी। पीड़ित ने फर्जी डिग्री का विरोध किया तो आरोपियों ने रुपये लौटाने से इनकार कर दिया। जान से मारने की भी धमकी दी। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# सीएनजी बस में लगी आग, 15 यात्रियों ने कूदकर बचाई जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में सोमवार दोपहर को एक सीएनजी बस में अचानक आग लग गई। यह घटना दनकौर-सिकंदराबाद रोड पर चीती गांव के पास हुई। बस में 15 यात्री सवार थे।

बस सिकंदराबाद की तरफ जा रही थी। चीती गांव के पास पहुंचते ही बस से धुआं निकलने लगा। चालक ने तुरंत बस रोक दी। उसकी सूझबूझ से सभी यात्रियों को समय रहते बस से उतार लिया गया।

कुछ ही देर में आग ने पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया। मौके पर मौजूद लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन आग काबू में नहीं आई। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू



पाया।

घटना के दौरान सड़क के दोनों तरफ यातायात बाधित हो गया। आग बुझने के बाद ही यातायात सामान्य हो सका। पुलिस के अनुसार इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। प्रारंभिक जांच में सीएनजी से संबंधित तकनीकी खराबी आग का कारण माना जा रहा है।

# ई-चार्जिंग स्टेशन के लिए जमीन की तलाश शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए ग्रेटर नोएडा में 15 व्यावसायिक चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। प्राधिकरण ने इसकी कार्ययोजना तैयार कर जमीन की तलाश शुरू कर दी है। चार्जिंग स्टेशन के निर्माण, रखरखाव और संचालन की जिम्मेदारी निजी कंपनी को सौंपी जाएगी। प्रत्येक चार्जिंग स्टेशन पर तीन प्वाइंट होंगे। प्रथम चरण में ई-चार्जिंग स्टेशन बनाने के लिए भीड़भाड़ वाले स्थानों को शामिल किया गया है। ग्रेटर नोएडा के सेक्टर अल्फा-1 कमर्शियल बेल्ट, जगत फार्म मार्केट, रामपुर बीटा-1, अल्फा, बीटा, गामा, डेल्टा आदि सेक्टरों में 15 स्थानों पर व्यावसायिक चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे।

योजना के मुताबिक प्रत्येक चार्जिंग स्टेशन पर तीन प्वाइंट होंगे। यानी एक साथ तीन वाहन चार्ज किए जा सकेंगे। प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक ई-चार्जिंग स्टेशन की विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर जगह की तलाश के लिए नियोजन विभाग को रिपोर्ट भेज दी गई है। नियोजन विभाग द्वारा जगह चिन्हित किए जाने के बाद आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

अधिकारी के मुताबिक कमाई में साझेदारी के आधार पर चार्जिंग स्टेशन का संचालन किया जाएगा। इच्छुक कंपनी को प्राधिकरण सिर्फ जमीन देगा, बाकी निर्माण सहित सारा खर्च कंपनी खुद उठाएगी। सबसे ज्यादा बोली लगाने वाली कंपनी को संचालन की जिम्मेदारी दी जाएगी। दिल्ली मॉडल पर व्यायसायिक ई-चार्जिंग स्टेशन का संचालन किया जाएगा। इससे प्राधिकरण को हर साल अच्छी खासी कमाई होने की उम्मीद है। अधिकारी के मुताबिक चार्जिंग स्टेशनों से फायदा होने पर भविष्य में इनकी संख्या और बढ़ाई जाएगी।

सिटी बसों के लिए अलग से नेटवर्क तैयार होगा जिले में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए 500 इलेक्ट्रिक बसों के संचालन की तैयारी चल रही है। इन बसों के लिए अलग से चार्जिंग स्टेशन का नेटवर्क तैयार किया जाएगा। सभी बस स्टैंड के आसपास और पार्किंग स्थल पर चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे।

ई-वाहनों का इस्तेमाल करने वाले लोगों की सहूलियत के लिए चार्जिंग स्टेशन बनाने की योजना पर काम चल रहा है। इसके लिए जगह चिन्हित करने के लिए नियोजन विभाग को दिशा निर्देश दिए गए हैं। प्रथम चरण में 15 व्यावसायिक चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। जगह चिन्हित होने के बाद कंपनी की तलाश सहित अन्य प्रक्रिया शुरू की जाएगी। प्रेरणा सिंह, एसीईओ ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण दिल्ली एनसीआर में वायु प्रदूषण की समस्या साल दर साल बढ़ती जा रही है। इस समस्या से निपटने के लिए शासन- प्रशासन जरूरी उपायों के साथ ई-वाहनों के उपयोग पर भी जोर दे रहा है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने आंतरिक सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था के तहत ई-बसों के संचालन की योजना बनाई है। सरकार के बढ़ावा देने के कारण भी सड़कों पर इलेक्ट्रिक गाड़ियां दिखने लगी हैं। दूसरी ओर, शहर में चार्जिंग स्टेशन की कमी महसूस की जा रही है। इसको देखते हुए प्राधिकरण ने प्रमुख स्थानों पर व्यावसायिक ई- चार्जिंग स्टेशन बनाने का निर्णय लिया है।

## एक नजर

### डेयरी पर सामान ले रहे युवक से झपटा मोबाइल

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** थाना सेक्टर-24 क्षेत्र में डेढ़ माह पूर्व फैक्टरी कर्मी से मोबाइल फोन छीनने की हुई वारदात का पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। बाइक सवार बदमाशों ने सेक्टर-34 में वारदात को अंजाम दिया था। सेक्टर-51 स्थित गांव होशियारपुर निवासी सुनील कुमार ने पुलिस को बताया कि बेटा जितेंद्र कुमार एक फैक्टरी में काम करता है। 29 मार्च की रात करीब 10 बजे जितेंद्र सेक्टर-34 में ओम डेयरी के पास आया था। इसी दौरान उसके मोबाइल पर किसी परिचित की कॉल आई। वह उनसे बात कर ही रहा था, तभी बाइक पर सवार दो अज्ञात लोग आए। बाइक पर पीछे बैठे बदमाश ने उसके हाथ से मोबाइल फोन छीन लिया।

जितेंद्र ने शोर मचाते हुए बदमाशों का काफी दूर तक पीछा भी किया, लेकिन बदमाश भागने में सफल रहे। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि घटना स्थल और उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान की जा रही है। जल्द ही घटना का पर्दाफाश कर दिया जाएगा।

### अवैध हथियारों के साथ दो बदमाश पकड़े

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान में पुलिस को सफलता मिली है। जेवर कोतवाली पुलिस ने रविवार की देर रात मुखबिर की सूचना पर थोरा गांव के पास यमुना एक्सप्रेसवे से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

दोनों आरोपी बुलंदशहर जिले के खुर्जा देहात थाना क्षेत्र के सरावा गांव के रहने वाले हैं। पहला आरोपी जाहिद का बेटा दानिश है। दूसरा आरोपी असलम का बेटा अब्दुल है।

तलाशी के दौरान दानिश से एक अवैध तमंचा 315 बोर और एक जिंदा कारत.ूस बरामद हुआ। अब्दुल से भी एक तमंचा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस मिला। आरोपियों के पास से एक बोलेरो पिकअप गाड़ी भी जब्त की गई। पुलिस ने गाड़ी को मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 207 के तहत सीज कर दिया है। जेवर कोतवाली प्रभारी संजय सिंह के अनुसार, आरोपी किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। पुलिस आरोपियों के अन्य साथियों की तलाश कर रही है। दोनों आरोपियों को सोमवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

### यातायात नियम तोड़ने वाले ऑटो पर कार्रवाई

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के गलगोटिया विश्वविद्यालय के पास अवैध ऑटो स्टैंड पर चल रही अनियमितताओं पर पुलिस ने कार्रवाई की है। यातायात पुलिस ने विशेष जांच अभियान चलाया।

पुलिस ने पाया कि कई ऑटो बिना नंबर प्लेट के चल रहे थे। कई वाहनों की फिटनेस की अवधि समाप्त हो चुकी थी। ऑटो चालक नियमों का उल्लंघन करते हुए क्षमता से अधिक सवारियां बैठा रहे थे। यातायात पुलिस ने कुल 89 ऑटो पर कार्रवाई की। इनमें से 78 ऑटो का चालान किया गया। 11 ऑटो को सीज कर दिया गया। ट्रैफिक विभाग के एसीपी उमेश कुमार ने कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

### दीवार तोड़कर अवैध रास्ता बनाने का आरोप

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर फाई-4 स्थित गेट नंबर-4 के पास एक बिल्डर पर दीवार तोड़कर अवैध रूप से रास्ता बनाने का आरोप लगा है। प्राधिकरण के सहायक प्रबंधक ने बिल्डर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के लिए पुलिस से शिकायत की है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सहायक प्रबंधक वर्क सर्किल-4 डीपी श्रीवास्तव ने बीटा-2 थाने में शिकायत दी। इसमें बताया कि सेक्टर के लोगों ने एक बिल्डर पर बाउंड्रीवाल तोड़कर अवैध रूप से रास्ता बनाने की शिकायत की थी। इसके बाद सेक्टर का 30 अप्रैल को निरीक्षण किया गया। इसमें देखा गया कि बिल्डर ने सेक्टर की बाउंड्रीवाल चोरी छिपे तोड़कर अवैध रूप से रास्ता बना लिया है। प्राधिकरण की टीम ने बिल्डर से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन संपर्क नहीं हुआ। इस मामले में बीटा दो कोतवाली प्रभारी का कहना है कि प्राधिकरण से शिकायत मिली है। पुलिस द्वारा मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### बिल्डर की निर्माणाधीन साइट से सामान चोरी करने का आरोप

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र में स्थित एक बिल्डर की निर्माणाधीन साइट से लोहे के सरिया और पाइप समेत अन्य सामान चोरी कर बेचने का आरोप लगा है। इस मामले में साइड एडमिन और एक ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सेक्टर जीटा वन में एक बिल्डर की साइट पर निर्माण कार्य चल रहा है। साइट प्रमुख अजीत सिंह ने साइट एडमिन विधुर तोमर और एक टैक्टर चालक प्रमोद पर चोरी करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि यह दोनों मिलकर साइट से लोहे का सामान चोरी कर बाहर कबाड़ी को बेच रहे हैं।

# सास और मां ने किडनी देकर बचाई दो जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** मदर्स डे के अवसर पर फोर्टिस अस्पताल नोएडा के डॉक्टरों ने दो हाइरिस्क किडनी ट्रांसप्लांट करते हुए ऐसे दो व्यक्तियों को नया जीवन दान दिया। ये किडनी की ला इलाज बीमारी से परेशान थे। डॉ अनुजा पोरवाल, डायरेक्टर, नेफ्रोलॉजी ने फोर्टिस अस्पताल, नोएडा की अगुआई में डॉ पीयूष वार्ष्णेय, डायरेक्टर, यूरोलॉजी एंड किडनी ट्रांसप्लांट, फोर्टिस अस्पताल, नोएडा ने इस सर्जरी के माध्यम से मां की ममता और स्नेह की मजबूत डोर का प्रदर्शन किया।

केस-1

**सास ने दामाद को दी किडनी:** प्रदेश में हापुड़ के 37 साल के व्यक्ति को क्रॉनिक किडनी डिजीज (सीकेडी) थी। उन्होंने अपनी एलोपैथिक दवाइयां छोड़ कर आयुर्वेदिक इलाज का सहारा लिया। जिससे किडनी और भी खराब हो गईं।

जब मरीज को फोर्टिस अस्पताल नोएडा में भर्ती कराया गया तो उनकी हालत हाइपरटेंसिव थी और बेहद कमजोर थी। रक्त नलियों क्षतिग्रस्त होने की वजह से उनकी हालत डायलसिस की भी नहीं थी। उनके बूढे माता पिता उपयुक्त डोनर नहीं पाए गए और पत्नी व उनके भाई का रक्त समूह मरीज से मेल नहीं खाता था।

उम्मीद टूटती जा रही थी। ऐसे में मरीज की 53 साल की सास ने हौसला दिखाया। उन्होंने यह कहते हुए किडनी दान करने की इच्छा जतायी कि मैं भी तो मां ही हूं। इस तरह मरीज का किडनी ट्रांसप्लांट किया गया जिसके बिना मरीज का जीवन कुछ ही साल बचा था। अब यह मरीज स्वस्थ जीवन जी रहा है।

केस-2

**66 साल की मां ने दी किडनी:** मेरठ के एक 40 साल के व्यक्ति की किडनी पूरी तरह फेल हो चुकी थी। इस मरीज ने भी ऑप्शनल इलाज से अपना हाल खराब किया था और समय पर इलाज न किया जाता तो जीवन के कुछ ही साल बचे थे। फोर्टिस अस्पताल नोएडा में लाए जाने के बाद उन्हें बिगड़ती स्थिति के मद्देनजर तत्काल किडनी ट्रांसप्लांट की सलाह दी गई।

मरीज की पत्नी और उनकी 66 साल की मां ने किडनी दान करने की पेशकश की। जेनेटिक जांच में उनकी मां को एकदम उपयुक्त किडनी डोनर पाया गया। उन्होंने अपने बेटे को किडनी दान की और उसे दूसरा जीवन प्रदान किया। ऑपरेशन पूरी तरह से कामयाब रहा और मरीज को स्थिर हालात में डिस्चार्ज किया गया।

**दोनों मामलों में डायलिसिस तक का विकल्प नहीं:** इन दोनों मामलों की जानकारी देते हुए डॉ अनुजा पोरवाल, नेफ्रोलॉजी ने बताया कि "इन दोनों ही मामलों में मरीज की हालत इतनी बिगड़ चुकी थी कि डायलसिस का विकल्प नहीं बचा था। ऐसे में उनका जीवन केवल तत्काल ट्रांसप्लांट पर ही निर्भर था।

# वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** फिल्म सिटी के गेट के पास अज्ञात वाहन के चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए स्कूटी सवार को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक के भाई ने सेक्टर-20 थाने में अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस को दी शिकायत में दिल्ली के अजमेरी गेट निवासी सचिन कटारिया ने बताया कि उनके बड़े भाई नवीन कटारिया नोएडा स्थित एक कंपनी में काम करते थे। बीते साल तीन दिसंबर को वह दिल्ली से नोएडा स्थित अपने ऑफिस स्कूटी से जा रहे थे। जब वह फिल्म सिटी के पास पहुंचे तभी अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि नवीन कई फीट दूर जाकर गिरे और सिर समेत शरीर के अन्य हिस्से में चोट लगने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने पुलिस की मदद से घायल नवीन को निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। हालत गंभीर होने के चलते घायल को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर किया गया। सफदरजंग अस्पताल में उपचार के दौरान नवीन की मौत हो गई। घायल को अस्पताल पहुंचाने की बजाय आरा.पी चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया था। हादसे में स्कूटी भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। पांच महीने पहले हुई घटना के संबंध में केस मृतक के भाई ने अब दर्ज कराया है।

# आकर्षक नंबर बुक कराने का मौका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** हल्के वाहनों की नई सीरीज यूपी 16ईवाई के आकर्षक नंबरों की दूसरी बार की नीलामी के नतीजे 11 मई को जारी हो गए थे। अब बचे आकर्षक नंबर बिना नीलामी के वाहन मालिक पहले आओ, पहले पाओ की तर्ज पर बुक कर सकते हैं।

परिवहन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक अधिकारिक वेबसाइट ॣचंतपऔंद.हवअ.पद पर लोग नीलामी के नतीजे देख सकते हैं। पहली और दूसरी बार की नीलामी के बाद बचे आकर्षक नंबर सीधे वेबसाइट पर जाकर बुक किए जा सकते हैं। यह नंबर निर्धारित आधार मूल्य पर उपलब्ध हैं। इसमें जो व्यक्ति पहले नंबर बुक कर लेगा, उसके वाहन के लिए उसे पंजीकृत कर दिया जाएगा।

# जिले में दो स्कूली बसों को छोड़कर सभी दुरुस्त हुई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिले की स्कूली बसों में बच्चों का सफर पहले की तुलना में सुरक्षित हो गया है। परिवहन विभाग के अनुसार दो स्कूली बसों को छोड़कर बाकी बसें दुरुस्त हो गई हैं। फरवरी में 26 स्कूली बसों की फिटनेस खत्म थी। परिवहन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार स्कूलों की कुल 2079 बसें पंजीकृत हैं। इसमें स्कूलों के नाम 1922 बसें पंजीकृत हैं। वहीं, स्कूलों में लगी अनुबंधित बसों की संख्या 157 है। शिक्षण संस्थानों के नाम पंजीकृत बसों में से दो बसों की फिटनेस जांच खत्म है। वहीं, बाकी बसों की फिटनेस जांच स्कूलों ने करा ली है।

इसके अलावा 15 साल की समयसीमा पूरी कर चुकी 305 बसों का पंजीकरण निलंबित किया जा चुका है। निलंबन की छह माह की अवधि पूरी कर चुकी 73 बसों को पंजीकरण निरस्त किया जा चुका है। एआरटीओ प्रशासन डॉ. सियाराम वर्मा ने कहा कि स्कूली बसों में बच्चों की सुरक्षा प्रमुखता पर है। उन्होंने कहा कि लगातार जांच अभियानों, नोटिस, बसों के चालान और जब्त की कार्रवाई के कार्रवाई के बाद स्कूलों व बस ऑपरेटर्स ने बसों को दुरुस्त कराया है। उन्होंने कहा कि बिना फिटनेस जांच बसों के सड़कों पर दौड़ने के दौरान दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में बसों में सवार बच्चों की जान जोखिम में पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में स्कूलों ने पुरानी बस का पंजीकरण सरेंडर करके नई स्कूली बसों को पंजीकृत करा लिया है। फिटनेस में हर हिस्से की जांच की जाती है परिवहन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक फिटनेस में बस के हर हिस्से की जांच की जाती है। मैनुअल होने के कारण पूरी प्रक्रिया में करीब तीन घंटे तक लग जाते हैं। बसों की फिटनेस जांच में हेड लाइट, स्पीड गर्वनर, ब्रेक, क्लच, अग्निशमन उपकरण, प्रत्येक सीट पर सीट बेल्ट, बस की खिड़की का पूरी तरह से ग्रिल से कवर होना, बस की बघेंडी, बच्चों के बैग रखने का स्थान समेत हर हिस्सा शामिल है। किसी भी हिस्से में यदि कमी मिलती है तो उसे दुरुस्त कराकर लाने के लिए बस चालक से कहा जाता है। यदि सभी हिस्से दुरुस्त मिलते हैं तो फिटनेस जांच प्रमाण पत्र जारी कर दिया जाता है। विभाग के अनुसार निर्धारित समय सीमा पूरी होने के बाद फिर से बस की फिटनेस जांच करानी अनिवार्य है। निजी वैन पर सख्ती परिवहन विभाग के अनुसार स्कूली बच्चों को ढोते पकड़े जाने वाले निजी वैन चालकों पर सख्ती की जा रही है। इसमें चालान के अलावा वैन के दस्तावेज और चालक का ड्राइविंग लाइसेंस जब्त कर लिया जाता है। बच्चों के बैठे होने के कारण वैन को जब्त करना मुश्किल होता है।




स्कूली बसों से जुड़े तथ्य-
कुल स्कूली बसों की संख्या-2079 स्कूलों के नाम
पंजीकृत बसों की संख्या-1922
अनुबंधित बसों की संख्या 157
-फिटनेस खत्म बसों की संख्या-02

# शराब के नशे में व्यक्ति ने लगाई आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-12 के पास एक व्यक्ति ने अपने को आग लगा ली। जिस समय उसने आग लगाई वो शराब के नशे में था। नोएडा के सेक्टर-22 के पीछे चौड़ा गांव में रहता है। जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची। किसी तरह आग पर काबू पाया और व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाया गया। वहां इलाज किया जा रहा है। इस मामले में अब तक कोई शिकायत नहीं मिली है। करीब 40 प्रतिशत तक जल गया है।

पुलिस ने बताया कि सोमवार शाम को ईएसआईसी डिस्पेंसरी सेक्टर 12 के पास समीर दास पुत्र आनंद दास अपने भांजे के साथ बैठकर शराब पी रहा था। नशे में समीर की अपने भांजे के साथ कहासुनी हो गई। इस दौरान उसने अपने ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डाला और आग लग ली। बताया गया कि उसने शराब ही डाली थी।

वहां से गुजर रहे लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया। इस दौरान उसके कपड़े जल गए थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने पूरी तरह से आग बुझाई और समीर को अस्पताल में भर्ती कराया। बताया गया कि समीर ई रिक्शा चलाता है। उसका भांजे से किसी बात को लेकर विवाद था या नहीं इसकी जांच की जा रही है। मूल रुप से पश्विम बंगाल का रहने वाला है। परिजनों को जानकारी दे दी गई है। साथ ही आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

# नोएडा में अवैध इमारत पर लिखेंगे ये 'बिल्डिंग है अवैध'

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लो. केश एम ने सोमवार को सभी विभागों की रिव्यू बैठक की। इसमें संबंधित विभाग के एसीईओ, ओएसडी , जीएम , डीजीएम, डायरेक्टर के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। जिसमें स्पष्ट कहा कि अधिसूचित जमीन पर बने निर्माण पर अवैध बिल्डिंग लिखा जाए। एफआईआर के बाद भी जो निर्माण नहीं रोक रहे भू माफिया घोषित किया जाए। सड़क का चौड़ा किया जाए, 300 वर्गमीटर के भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग को सुनिश्चित किया जाए।

नोएडा में जितने भी स्थानों पर अवैध निर्माण है वहां पर मार्किंग की जाएगी। इस पर लिखा जाएगा ये बिल्डिंग अवैध है। अधिसूचित क्षेत्र में अवैध निर्माण करने वाले अतिक्रमणकर्ताओं के खिलाफ थ्प्त् दर्ज कराई जाए। वर्क सर्किल वार अवैध निर्माणों के खिलाफ पहले लिए गए एक्शन के बारे में बुकलेट बनाए। जिन मामलों में एफआईआर दर्ज है वहां अब भी निर्माण जारी है उनको भू माफिया घोषित कराया जाए। आवासीय और ग्रुप हाउसिंग भूमि के लिए लैंड बैंक बनाया जाए। साथ ही जरूरत पड़ने पर आपसी सहमति से किसानों से जमीन खरीदी जाए। गोल्फ कोर्स के लिए अपर जिलाधिकारी से समन्वय बनाया जाए।



**12 स्थानों की सफाई के लिए क्यूआरटी:** मानसून से पहले मुख्य नालों और सेक्टर की नालियों की सफाई एक महीने में पूरी की जाए। साथ ही सात दिन में नाले में तैयार रहा फ्लोटिंग मटेरियल हटाया जाए। नोएडा के 12 स्थानों को जीरो टालरेंस के लिए चयनित किया गया। इन 12 स्थानों में सफाई के लिए क्यूआरटी गठित की गई है। प्रत्येक क्यूआरटी में एक सुपरवाइजर और 10 कर्मचारी होंगे। यहां दो शिफ्टों में सफाई अभियान चलाया जाएगा। इसमें डीएससी रास्ता सेक्टर-15 से मेट्रो स्टेशन से सेक्टर-18 अंडरपास तक, सेक्टर-18 बाजार, एमपी-3 रास्ते पर शशी चौक से सेक्टर-34 मेट्रो स्टेशन, सेक्टर-125 एमिटी यूनिवर्सिटी के सामने, सेक्टर-59 मेट्रो स्टेशन से सेक्टर-62 एनएच के मेट्रो के नीचे। फेस-2 सेमसंग रोड, सेक्टर-62 फोर्टिस अस्पताल के चारो ओर, हाजीपुर रोड सेक्टर-104 बाजार के सामने, सेक्टर-57, 58, 59 और सेक्टर-63 के बीच रास्ता इसके अलावा बह्मपुत्र बाजार के चारो ओर अट्घ्टा बाजार , एमपी-2 सेक्टर-18 से अंडरपास से निठारी तक की सफाई की जाएगी। इसमें सिविल कार्य जैसे मरम्मत का काम भी होगा।

**यातायात के लिए विद्युत पोल करे शिफ्ट:** सभी मेट्रो स्टेशन के नीचे स्थापित स्ट्रीट लाइट की क्षमता को बढ़ाया लाए। रजनीगंधा क्रासिंग सेक्टर-17 की ओर उद्योग मार्ग पर संदीप पेपर मिल के पास सड़क चौड़ीकरण में आ रहे विद्युत पोलों को शिफ्ट किया जाए। केबिल को भूमिगत करने और सेक्टर-57 एवं 58 की बीच की रोड पर स्थापित ट्रासंफार्मर को शिफ्ट किया जाए।

सेक्टर-62 फोर्टिस चौराहे पर रोड चौड़ीकरण में आ रहे विद्युत पोलों को शिफ्ट किया जाए। एमपी-1 रोड पर आ रहे विद्युत डबल पोल स्ट्रक्चर को भूमिगत किया जाए।

फेज-2 में विद्युत डिफेक्ट ओवर हेड विद्युत लाइन को शिफ्ट किया जाए। एक्सप्रेसवे के सुंदरी करण के लिए सेक्टर-14ए के पास स्थापित डीर को दो दिवस में कार्यशील करे। एक्सप्रेसवे पर सेक्टर 125 के सामने सेंट्रल वर्ज में 6 बड़े फाउंटेन लगाए जाए।

एक्सप्रेसवे पर दोनों ओर पेड़ों की छटाई करने के लिए उद्यान विभाग से समन्वय बनाकर दो दिन में करे। एमपी-2 रोड पर एलिवेटेड रोड के नीचे सेक्टर-28 से सेक्टर-61 तक सेन्ट्रल वर्ज में पथ प्रकाश व्यवस्था करे।

**पुरानी ग्रुप हाउसिंग को करे रि डेवलप:** प्राधिकरण की विभिन्न प्रकार की पुरानी ग्रुप हाउसिंग परियोजनाओं के रि-डेवलपमेंट प्लान बनाया जाए। शासन में अफोर्डेबल हाउसिंग के संबंध में भेजे गये पत्र की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया जाए। 300 वर्ग मी या इससे अधिक क्षेत्रफल के भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। 5000 वर्ग मी या इससे अधिक क्षेत्रफल के भूखंडों पर निर्मित सभी श्रेणी के भवनों में सॉलिड वेस्ट मेनेजमेंट की व्यवस्था की जांच की जाए। ग्रुप हाउसिंग योजनाओं में चल रही अवैध व्यवसायिक गति.विधियों की जांच करे।

# युवती के साथ मारपीट करने का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शादी का झांसा देकर युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाने और बाद में मारपीट करने वाले आरा.पी को फेज दो थाने की पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान फिरोजाबाद के रसूलगढ़ निवासी पवन कुमार के रूप में हुई है। 22 वर्षीय पवन वर्तमान में फेज दो थानाक्षेत्र स्थित नया गांव में किराये का कमरा लेकर रह रहा था। केस दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। सोमवार को जब वह किसी काम से नोएडा आया तभी मुखबिर से मिली सूचना पर उसे नया गांव के तिराहे के पास से ही दबोच लिया गया।

थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी ने एक युवती के साथ दोस्ती की और उसे शादी करने का झांसा दिया। इस दौरान उसने युवती से कई बार शारी.रिक संबंध बनाए। युवती ने जब शादी करने का दबाव बनाया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और पुलिस से शिकायत करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

सी-311, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# घर का खर्च चलाने की धुन में सड़कों पर भटक रहा बचपन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** केंद्र सरकार ने शिक्षा अधिकार अधिनियम लागू किया हुआ है, जिसके तहत छह से 14 वर्ष तक की आयु वाले सभी बच्चों का स्कूल में रजिस्ट्रेशन कराकर उन्हें शिक्षा देना अनिवार्य किया हुआ है। लेकिन इसके बाद भी कैसी पढ़ाई, कहां स्कूल और कौन अध्यापक इसके विषय में कितने मासूमों को कोई जानकारी तक नहीं है। क्योंकि उन्हें तो सुबह होते ही चंद पैसे कमाने के लालच में जान जोखिम में डालकर हाईवे पर चलते वाहनों में चढ़ उतरकर खाने पीने की चीजें बेचनी पड़ती हैं। कुछ बच्चे तो दिन भर कबाड़,प्लास्टिक और कांच की खाली बोतलें इकठ्ठी करते नजर आ जायेंगे, नगर के स्याना चौपला, टोल प्लाजा, ब्रजघाट, स्याना मेरठ मार्ग पर दाल, गोला, पानी, खीरा आदि की विक्री काफी संख्या में बच्चे कर रहे हैं। इन पर अधिकारियों की नजर नहीं पड़ रही है। जबकि सरकार ने बच्चों को स्कूल भेजने के आदेश दिए है। लेकिन यह बच्चे सुबह सात बजे से लेकर शाम नौ बजे तक बाल श्रम कर अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं। प्रतिदिन अधिकारी अपने वाहनों से यहाँ से गुजरते हैं, लेकिन इन बच्चों पर उन अधिकारियों की नजर तक नहीं पड़ती, जब दस वर्षीय एक बच्चे से वार्ता की गई तो उसने बताया कि पिता सुबह मजदूरी करने के लिए चले जाते हैं, उनके जाने के बाद वह अपने भाई के साथ यहां पर गोला और खीरा बेचने के लिए आ जाता है। जब उससे स्कूल न जाने की बात कहीं तो उसने कहा कि आज तक उनका दाखिला नहीं हुआ है। इस संबंध में एसडीएम साक्षी शर्मा ने बताया कि बाल श्रम करने वाले बच्चों को उनके घर भेजकर अभिभावकों को उनके स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया जायेगा।






# गवाही देने जा रहे युवक को दबंगों ने पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सद्दीकपुरा निवासी इमरान सोमवार की सुबह दुकान से सामान लेने के लिए जा रहा था। तभी पहले से मौजूद कुछ लोगों ने उस पर हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि मुकदमे में फैसला न करने के कारण आरोपियों ने उसे जमकर पीटा। पीड़ित के पिता नसरुद्दीन ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार एक मामला अपर जिला जज गाजियाबाद न्यायालय में चल रहा है जिसकी तारीख सोमवार यानी 12 मई 2025 को नियत थी। पीड़ित इमरान का कहना है कि आरोपी उस पर फैसला करने का दबाव बना रहे हैं। धमकी दी कि अगर फैसला नहीं किया तो जान से मार देंगे। विरोध पर तीनों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। शोर सुनकर मोहल्ले वालों ने जान बचाई। सूचना पर पहुंची पुलिस को देख आरोपी भाग निकले। पीड़ित के पिता नजरूद्दीन की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।




# अम्बेड़कर जन्मोत्सव समिति ने बुद्ध पूर्णिमा पर लगाया भंडारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** डा. भीमराव अम्बेड़कर जन्मोत्सव समिति ने तहसील मुख्यालय पर भंडारा और छबील लगाकर राहगीरों समेत श्रद्धालुओं को प्रसाद और शर्बत ग्रहण कराया।

बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर अम्बेड़कर जन्मोत्सव समिति के तत्वाधान में तहसील मुख्यालय के सामने भंडारा और छबील लगाई। जहां बुद्ध पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने आ जा रहे श्रद्धालुओं समेत राहगीरों को ठंडा पानी और शर्बत पिलाकर इस समय पड़ रही भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप के प्रकोप से राहत दिलाई। अम्बेड़कर आयोजन समिति के अध्यक्ष सतेंद्र प्रताप सिंह, सचिव मिलिन एड़वोकेट और कोषाध्यक्ष सतेंद्र सागर ने बताया कि बुद्ध पूर्णिमा पर भंडारा लगाया और छबील लगाकर ठंडा पानी और शर्बत पिलाने का विशेष महत्व माना जाता है। इससे पहले तथागत गौतम बुद्ध के चित्र पर श्रद्धा भाव से पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके बताए आदर्शों पर चलकर समाज मेंफैल रहीं कुरी. तियों से दूर रहते हुए गरीब निराश्रितों की हरसंभव मदद करने का संकल्प भी लिया गया। इस अवसर पर जयकिशोर, श्रीनिवास सिंह, नवनीत कुमार, आकाश प्रताप, तिलक. राम, विनोद चन्द्रा, डा. राजेन्द्र, भीम सिंह, विनय कर्दम, अरुण, राकेश, मंगल आदि मौजूद रहे।



# जेएमएस वर्ल्ड स्कूल में मातृ दिवस का किया गया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सोमवार को जेएमएस वर्ल्ड स्कूल में मातृ दिवस का आयोजन धूमधाम से किया गया, जिसमें देश की रक्षा में तैनात वीर जवानों और उनकी माताओं को विशेष सम्मान दिया गया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें बच्चों ने अपनी माताओं के प्रति अपने प्यार और सम्मान का इजहार किया।

विद्यालय की प्रधानाचार्य डा. निधि मलिक ने सभी के जीवन में माताओं के महत्व पर प्रकाश डाला और उनके त्याग और समर्पण की सराहना की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसमें विद्यालय सचिव डा. रोहन सिंघल और प्रधानाचार्य डा. निधि मलिक उपस्थित थे। बच्चों ने अपनी माताओं के लिए नृत्य प्रस्तुत किए और माताओं ने भी नृत्य प्रतियोगिता में भाग लिया। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा, माताओं और बच्चों ने साथ में रैंप वॉक भी किया, जिसमें सभी ने भारतीय परिधानों में अपनी अदाओं का जलवा बिखेरा। इस कार्यक्रम के अंत में, विद्यालय निदेशक डा. आयुष सिंघल ने सभी माताओं से अपने बच्चों को बहादुर और देशभक्त बनाने का आहवान किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश की सेवा करना हम सभी का धर्म और कर्तव्य है। इस आयोजन ने माताओं के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करने का एक सुंदर तरीका प्रस्तुत किया।




# बुद्ध पूर्णिमा की 2589वीं जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सोमवार को नगर के विभिन्न क्षेत्रों में बुद्ध पूर्णिमा की 2589वी जयंती बड़े ही धूम-धाम से मनाई। फ्री गंज रोड़ स्थित मोहल्ला गंगापुरा के लोगों ने बुद्धपूर्णिमा के दिन भगवान बुद्ध की वंदना करने के बाद नगर क्षेत्र में निकाली गई शोभा यात्रा को सम्मानित भी किया, साथ ही स्थानीय लोगों ने बुद्ध पूर्णिमा को लेकर हलवा पूरी और मीठे शर्बत का वितरण किया।

इस मौके पर दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इण्डिया के जिलाध्यक्ष प्रदीप गौतम ने बताया कि आज बुद्ध पूर्णिमा के दिन ही तथागत भगवान बुद्ध का जन्म, उनको ज्ञान की प्राप्ती करना और उनकी मृत्यु, महापरिनिर्वाण संजोग से आज ही के दिन हुआ तभी तो सभी लोग इस वैशाख की पूर्णिमा के दिन यह त्योंहार मनाते हैं। इस मौके पर मास्टर अमर सिंह, घनश्याम सिंह, दीपक प्रधान, अधिवक्ता नितिन कुमार, आकाश दीप, डा. नीरज कुमार, सोनू सहाय, टीनू, गगन, लाखन, मयंक, डा. मोनू, उदित, शेखर सिंह, राहुल कस्सी, रिंकू बिरतु आदि मौजूद रहें।



# शांति निकेतन प्ले स्कूल में कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सोमवार को शांति निकेतन प्ले स्कूल में बुद्ध पूर्णिमा का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर राम अवतार भैया ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

प्रधानाचार्य रामावतार सिंह ने कहा कि बुद्ध पूर्णिमा भगवान बुद्ध के जन्म, ज्ञान प्राप्ति और महापरिनिर्वाण के उपलक्ष्य में मनाई जाती है। इस दिन लोग भगवान बुद्ध की शिक्षाओं को याद करते हैं और शांति, करुणा और मैत्री के संदेश को फैलाने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों को भगवान बुद्ध की शिक्षाओं से परिचित कराने और उनके मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित करने में मदद करते हैं। शांति निकेतन प्ले स्कूल में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने भगवान बुद्ध की जीवनी और उनके उपदेशों के बारे में जाना। इस दौरान प्रधानाचार्य रामावतार सिंह, प्रबंधक कृष्ण अवतार, शिक्षक अमित, शुभम, अकरम, विनय शर्मा, केके गुप्ता, कविता, मुस्कान, हर्षिता, करुणा आदि मौजूद रहे।



## एक नजर

### युवक पर लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला, जांच में जुटी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बडौदा हिंदुवान में कस्तला कासमाबाद के एक युवक पर लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। युवक को घायल को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोप है कि युवक को मारने की नीयत से हमला किया गया।

ग्राम कस्तला दर्ज मुकदमे के अनुसार कासमाबाद निवासी प्रमोद कुमार ने बताया कि 11 मई की रात करीब आठ बजे उनका पुत्र दीपांशु बडौदा हिंदुवान की ओर जा रहा था। तभी ग्राम बडौदा हिंदुवान के अनुज उर्फ पाकी पुत्र निजेन्द्र, प्रशान्त पुत्र सतीश, दीपक पुत्र कैलाश, मेहर सिंह पुत्र कृष्ण और दो नामालूम व्यक्तियों ने उसे पकड़ लिया और कृष्ण के मकान के सामने ले जाकर उस पर धारदार हथियार, लाठी-डंडों व लोहे की रॉड से हमला कर दिया। आरोपियों के साथ कुछ अन्य अज्ञात लोग भी थे, जिन्होंने मिलकर दीपांशु को बुरी तरह मारा, जिससे उसके सिर सहित पूरे शरीर पर गंभीर चोटें आईं। परिजन जब गांव के लोगों के साथ मौके पर पहुंचे तो हमलावर उसे मरा समझकर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। सीओ अनीता चौहान ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। घायल का उपचार कराया जा रहा है और आरोपियों की तलाश जारी है।

### दबंगों द्वारा अवैध रूप से दुकान कब्ज़ाने का आरोप, पीड़ित ने एसपी से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के रेलवे रोड पर स्थित दुकान को दबंगों द्वारा अवैध रूप से कब्ज़ाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने एसपी को शिकायती पत्र देते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में ज्ञान लोक कालोनी निवासी पीड़ित अमित त्यागी ने बताया कि नगर पालिका द्वारा पीड़ित को एक दुकान पट्टे पर दी गई थी। दुकान कुछ समय के लिए पीड़ित के भाई संजीव कुमार त्यागी के अनुरोध पर संजीव के दोस्तों को दे दी गई थी। आरोप है कि सचिन और संजीव ने मिलकर पीड़ित की दुकान पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया और सचिन कम्युनिकेशन के नाम से दुकान में मोबाइल का काम करना शुरू कर दिया। आरोप है कि जब पीड़ित ने इस बात का विरोध किया तो आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़ित अमित त्यागी ने एसपी को शिकायती पत्र देते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर दुकान को कब्जा मुक्त कराने की मांग की है।

### सड़क हादसे में पिता की हुई मौत, बेटा घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ के गांव शेरपुर से सुलेला मार्ग पर बाइक से बाइक की भिडंत हो गई, जिसमें पिता की मौके पर मौत और बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। बहादुरगढ कस्बा निवासी यूनुस पुत्र नत्थू 60 वर्ष व उसका बेटा गुलजार कुरैशी शेरपुर से अपने बाग जा रहे थे। इसी दौरान सामने से शेरपुर निवासी जमरूदीन बाइक पर आ रहा था, आमने सामने से टक्कर होने से युनुस की मौके पर मौत हो गई। जबकि गुलजार गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना प्रभारी महेंद्र सिंह का कहना है तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# बसपा कार्यकर्ताओं ने बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर लगाई सबील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सोमवार को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष एके कर्दम के नेतृत्व में अंबेडकर तिराहा मेरठ रोड पर ठंडे पानी और शरबत के वितरण का आयोजन किया गया। जिसमें पार्टी के सभी पदाधिकारीयों और कार्यकर्ताओं ने भगवान गौतम बुद्ध के चित्र के सामने दीप प्रज्जवलित किया और पुष्प अर्पित करते हुए सेवा अभियान की शुरुआत की।

पदाधिकारीयों और कार्यकर्ताओं ने छबील लगाकर आने जाने वाले राहगीरों को ठंडा पानी और शर्बत पिलाकर इस समय पड़ रही भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप के प्रकोप से राहत दिलाई। बसपा जिला अध्यक्ष एके कर्दम ने बताया कि बुद्ध पूर्णिमा पर छबील लगाकर ठंडा पानी और शर्बत पिलाने का विशेष महत्व माना जाता है। इससे पहले तथागत गौतम बुद्ध के चित्र पर श्रद्धा भाव से पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके बताए आदर्शों पर चलकर समाज में फैल रहीं कुरी. तियों से दूर रहते हुए गरीब निराश्रितों की हर संभव मदद करने का संकल्प भी लिया गया। इस अवसर पर जिला प्रभारी महेश कुमार टायर वाले, जिला संयोजक सतीश कश्यप, जिला सचिव राज. कुमार, एडवोकेट दिनेश, जिया परवेज, प्रदीप जाटव, पिंटू प्रधान, विपिन जाटव, राजू जाटव, अनिल तान्या, विपिन दीवान जी, रामवीर पहलवान, कलवा पेट्रोल पंप वाले, केपी सिंह, योगेंद्र जाटव, अनुराग जाटव, डा. सुनील सरकार, अशोक मुर्गे वाले सभासद आदि मौजूद रहे।




# बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर नगर में निकाली शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सोमवार को त्रिविध बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर एक विशाल धम्म मैत्री रथयात्रा का आयोजन किया गया। रथ यात्रा देवनिदिनी अस्पताल गढ रोड से प्रारम्भ होकर पूरे शहर में भ्रमण करने के बाद देव नंदिनी अस्पताल गढ़ रोड पर समाप्त हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डा. श्याम कुमार सर्जन व वशिष्ठ अतिथि के रूप में डा. हरिओम सिंह, डा. नीलम सिंह व डा. नरेन्द्र केन उपस्थित रहे।

विशाल धम्म मैत्री रथ यात्रा का उदघाटन श्रेर्ध्य संजय त्यागी सुमित्रा मेडीकोज देवनंदिनी अस्पताल ने किया तथा दीप प्रज्जवलन डा. श्याम कुमार सर्जन, डा. नीलम सिंह, नरेश भाटी, राव विरेन्द्र सिंह प्रधान जसरूपनगर, डा. जीत सिंह, डा. योगेन्द्र सिंह, रतन लाल राही आदि ने किया। बुद्ध वंदना कार्यक्रम के मुख्य आयोजक अशोक कुमार गौतम, महेन्द्र सिंह एडवोकेट, सिंद्वाकुर प्रेमी, डा. मुकेश सैनी आदि रहे। इसके पश्चात विशाल धम्म मैत्री रथयात्रा को पंचशील के झंडे दिखाकर, महेन्द्र सिंह एडवोंकेट, रामगोपाल गौतम, रोहित प्रेमी, अशोक मुर्गे वाले आदि ने रवाना किया। जिसमें हजारों की संख्या में धम्म उपासक मौजूद रहे।



# गंगा स्नान के दौरान युवक गंगा में डूबा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** परिजनों के साथ बुद्ध पूर्णिमा पर गंगा मैया में आस्था की डुबकी लगाने आया मैनपुरी का युवक तेज बहाव के साथ गंगा के गहरे पानी में पहुंचकर डूब गया, जिसकी खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोर और नाविकों को खोजबीन में लगाया हुआ है।

दिल्ली में रहकर जॉब करने वाला उत्तर प्रदेश के जनपद मैनपुरी का करीब 32 वर्षीय युवक अंकित कुमार जैन सोमवार की सुबह बुद्ध पूर्णिमा के उपलक्ष में ब्रजघाट तीर्थ नगरी में आया था। जहां गंगा स्नान करने के दौरान तेज बहाव के साथ वह गहरे पानी में पहुंचकर डूबने लगा। आसपास में स्नान कर रहे अन्य श्रद्धालुओं ने अंकित का शोर सुनते ही उसे बचाने का प्रयास किया, परंतु कुछ ही पलों के भीतर वह तेज बहाव के साथ गहरे पानी में डूब कर आंखों से ओझल हो गया।सूचना पर सीओ वरुण मिश्रा, इंस्पेक्टर नीरज कुमार और चौकी प्रभारी इंद्रकांत यादव आनन फानन में मौके पर पहुंच गए, जिन्होंने निजी गोताखोर और नाव चलाने वाले मल्लाहों को बुलाकर गंगा में डूबे अंकित की खोजबीन में लगा दिया। परंतु शाम तक गंगा में डूबे अंकित का कोई भी अता-पता लगवाना संभव नहीं हो पाया है। एसडीएम साक्षी शर्मा और सीओ वरुण मिश्रा का कहना है कि ब्रजघाट तीर्थ नगरी में स्नान के दौरान गंगा में डूबने की घटना हो जाती है, जिनमें श्रद्धालुओं को बचाने के लिए प्रशिक्षित गोताखोरों की तैनाती के लिए जिला प्रशासन के माध्यम से शासन को जल्द ही डिमांड भिजवाई जाएगी।



# भाकियू की मासिक पंचायत का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कैम्प कार्यालय सोमवार को मासिक पंचायत का आयोजन किया गया है। मासिक पँचायत की अध्यक्षता अमीचंद द्वारा की गई वहीं संचालन तहसील अध्यक्ष श्याम सुंदर त्यागी ने किया।

जिला अध्यक्ष दिनेश खेड़ा ने कहा कि किसान व गरीब मजदूर तहसील पर चक्कर काटने को मजबूर हो रहा है क्योंकि सरकार द्वारा ड्रोन कैमरे से गावों में घरोनी बनाई गई है जिनमें अधिक्तर नाम गलत है और सही कराने के लिए तहसील मुख्यालय के चक्कर काटने को मजबूर हो रहे है। इसके साथ ही किसानों की फर्द में भी नामों की त्रुटियां चल रही जिसको ठीक कराया जाए। वरना भाकियू तहसील का घेराव आंदोलन कर धरना दिया भी जाएगा। मासिक पंचायत के दौरान जिला कार्यकारणी द्वारा अनुराग गौतम को बाबू गढ़ नगरअध्यक्ष जी जिम्मेदारी सौपी गई। इस दौरान महिला विंग नीलम त्यागी, जिला सचिव राजबीरी, ब्लॉक अध्यक्ष सरिता देवी, मेरठ संगठन मंत्री महिपाल सिंह, जिला संरक्षक पीके वर्मा, कुँवर खुशनूद अली, गढ़ ब्लॉक अध्यक्ष माजिद चौधरी का कहना है कि जल्द किसानों का गन्ना भुगतान जल्द से जल कराया जाए ताकि किसान आर्थिक तंगी से गुजरना बंद हो जाये। साथ ही आवारा गौवंशो से किसान की फसल को भारी नुकसान हो रहा जिनको जल्द से जल्द गौशालाओं में सुरक्षित किया जाए। इस दौरान बाबूगढ़ नगराध्यक्ष अनुराग गौतम, मुनव्वर अली फैज़ान अब्बासी, राजा खेड़ा, नोशाद अल्वी, समेत जनपद, तहसील, ब्लॉक ग्राम स्तरीय पदा. धिकारी मौजूद रहे।



## आवश्यता है

शाह टाइम्स समाचार पत्र में जिला हापुड़ के विभिन्न क्षेत्रों जैसे धौलाना, गढ़मुक्तेश्वर, सिंभावली, बाबूगढ़, हाफिजपुर आदि के लिए संवाददाता/विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है इच्छुक व्यक्ति अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रों सहित जिला कार्यालय में संपर्क करें।

चांद मियां
जिला प्रभारी, शाह टाइम्स
जनपद हापुड़

मो. 9897823485, 9927631162

जिला कार्यालय:- अबेंडकर चौक हापुड़

# महर्षि वाल्मीकि सरोवर में शव मिलने से सनसनी

## नगर पंचायत ने बनवाया था सरोवर, वोट भी चलाते हैं लोग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर पंचायत के समीप महर्षि वाल्मीकि सरोवर में एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को बाहर निकालकर शव की शिनाख्त करने का प्रयास किया मगर शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। नगर पंचायत के समीप नगर पंचायत द्वारा महर्षि वाल्मीकि सरोवर बनाया गया था जिसमें लोग वोट भी चलाते थे इस सरोवर में सोमवार शाम एक व्यक्ति का शव पानी में तैरता दिखाई दिया जिसकी सूचना लोगों ने थाना पुलिस को दी, मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया तथा शिनाख्त करने का प्रयास किया मगर उसकी कोई शिनाख्त नहीं हो सकी थाना प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह ने बताया की इस व्यक्ति की उम्र लगभग 45 वर्ष है जिसने लाल टी-शर्ट तथा काले रंग का लोअर पहन रखा है शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हाउस मैं रखवाया जा रहा है। शव मिलने की सूचना से देरशाम तक क्षेत्र में चर्चा रही।

# न्यायपालिका को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने में अहम योगदान कर गए खन्ना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** देश के प्रधान न्यायधीश संजीव खन्ना आज सेवानिवृत्त हो रहे हैं उनका कार्यकाल बहुत बड़ा नहीं रहा लेकिन निर्णय बड़े रहे। उन्होंने न्यायधीशों की सम्पत्ति की सूचना सार्वजनिक करने की पहल की है। जिसका आने वाले समय में अच्छा परिणाम देखने को मिल सकता है। इसके अलावा हाईकोर्ट के न्यायधीश यशवंत वर्मा के मामले को उन्होंने दबाने के बजाय उसे उजागर किया जांच रिपोर्ट उजागर की और माना की जस्टिस वर्मा भ्रष्टाचारी है और उन्हे इस्तीफा देने की सलाह दी।



जब जस्टिस वर्मा इसके लिए तैयार नहीं हुए तब सीजेआई खन्ना ने अभूतपूर्व निर्णय लेते हुए भारत के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और लोकसभा अध्यक्ष को जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग चलाने हेतू पत्र लिखा। जब वह सीजेआई बने तो चर्चा चल रही थी कि कार्पोरेट जगत से आते है इसलिए आम आदमी की सुनवाई नहीं होगी लेकिन इसके विपरीत उनके समय में भी आम आदमी से प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर लगातार संज्ञान लिया गया। यही नहीं कुछ मीडिया घरानों ने यह भी चर्चा चलाई थी कि श्री खन्ना के चाचा जी को पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने समुचित सम्मान नहीं दिया था। जिसका अर्थ निकल रहा था कि वह सरकार के पक्ष में कार्य करेंगे। लेकिन यह एक इत्तेफाक ही रहा कि उनके कार्यकाल में सरकार के लगभग हर कदम की आलोचना देश की सर्वोच्च अदालत में होती दिखाई दी। सीजेआई पद की एक गरिमा होती है। यह उन्होंने साबित करके दिखाया बहुत थोड़े कार्यकाल में बहुत ज्यादा की अपेक्षा नहीं करनी चाहिये लेकिन जो श्री खन्ना कर गये वह भी कम नहीं है। शाह टाइम्स परिवार उनके दीर्घआयू की कामना करता है साथ ही अपेक्षा करता है कि आने वाले सीजेआई बीआर गवई भी सुप्रीमकोर्ट की गरिमा को नये आयाम देंगे।

# नहर में डूबे धर्मवीर का नहीं लगा सुराग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर के समीप मध्य गंगा नहर में डूबे हुए युवक का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है पीएसी के गोताखोर मोटर बोट से उसकी तलाश कर रहे हैं वहीं दर्जनों ग्रामीण रविवार रात से ही मौके पर जमे हुए हैं। किना नगर थाना भावनपुर निवासी धर्मवीर पुत्र पीतम सिंह उम्र 22 वर्ष रविवार दोपहर अपने साथियों के साथ मध्य गंग नहर में नहाने आया था जहां बैठकर सभी दोस्तों ने एंजॉय किया तथा पूठी रेगुलेटर के पास नहर में नहाने लगे इसी बीच धर्मवीर नहर में डूब गया इससे दोस्तों में अफरा तफरी मच गई सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने प्राइवेट गोताखोर बुलाकर उसकी तलाश की मगर पूरी रात उसका कोई सुराग नहीं लग सका थाना प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह भी फोर्स के साथ तभी से मौके पर जमे हुए हैं। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि नहर में पानी कम कर दिया गया है वहीं हर पुल पर निगरानी की जा रही है पीएसी के गोताखोर भी सोमवार से मोटर बोट द्वारा युवक की तलाश कर रहे हैं वहीं युवक के नहर में डूबने से उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है तथा दर्जनों ग्रामीण व रिश्तेदार मौके पर जमे हुए हैं।

# किठौर तिराहे पर दृष्टि आई क्लीनिक ने लगाया आंखों का शिविर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर के किठौर तिराहे पर दृष्टि आई क्लीनिक द्वारा एक दिवसीय निशुल्क आंखों के शिविर का आयोजन किया गया जिसमें करीब 250 मरीजों की निशुल्क जांच कर दवाई वितरित की गई। शिविर का उद्घाटन चेयरमैन हिटलर त्यागी व इमाम मोहम्मद आरिफ ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

शिविर में 250 मरीजों की जांच हुई जिसमें 45 मरीजों को मोतिया बिंद पाया गया। वहीं डाक्टर तौफीक राजा खान ने बताया कि मोतियाबिंद के ऑपरेशन व चश्मा में छूट दी जाएगी। इस मौके पर कारी स्माइल, बिलाल कुरैशी, तनवीर खान, अनस, साहिल, अमन, महावीर सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# जावेद अली के शतक से जीता सिवालखास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** कस्बे में जमालपुर मार्ग पर स्थित नेशनल क्रिकेट ग्राउंड पर पर चल रहे याद ए हकीम मुस्तकीम क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को सिवालखास व मवाना की टीम के बीच मैच खेला गया।

जिसमें सिवालखास ने मवाना को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। टूर्नामेंट के आयोजक डॉ. खुशनसीब व अध्यक्ष साईम रिजवी ने जानकारी देते हुए बताया कि अवेंजर्स किंग मवाना ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.2 ओवर में 10 विकेट खोकर 163 बनाए। अवेंजर्स किंग मवाना की ओर से आकिब ने 57 व गौरव कुमार ने 54 रन बनाए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी सिवालखास चैंपियन की तरफ से ओपनर बल्लेबाज जावेद अली ने ताबड़तोड़ बैटिंग करते हुए 38 बोल में शतक लगाया। उन्होंने अपनी आतिशी पारी में महज 40 गेंद में 102 रनों की नाबाद पारी खेली जिसमें 12 छक्के व चार चौके शामिल हैं। सिवालखास चैंपियन टीम ने 13.1 ओवर में एक विकेट खोकर 164 रन का स्कोर बनाकर जीत हासिल की। जावेद अली को मैन ऑफ द मैच चुना गया। आयोजकों ने उन्हें ट्रॉफी व पुरुस्कार राशि देकर सम्मानित किया। सिवालखास चैंपियन टीम के ओनर आजम रिजवी ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उत्साहवर्धन किया। इस दौरान मास्टर रिहान, डॉ. बिलाल, मोहन सैनी, शाही अब्बास, मुन्ना, हाफिज अजमल, रमीज रिजवी, बिलाल रिजवी, शादाब कुरैशी, मोहित शर्मा, यादराम जाटव आदि मौजूद रहे।

# सम्राट अशोक सुभारती स्कूल ऑफ बुद्धिस्ट स्ट्डीज में हुआ बुद्ध पूर्णिमा पर कार्यक्रम

**प्रेम करूणा, मैत्री व सद्भावना एवं शांति के भाव से समाज के भेदभाव होंगे समाप्तः डॉ. अतुल कृष्ण**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के सम्राट अशोक सुभारती स्कूल ऑफ बुद्धिस्ट स्ट्डीज में बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बोधि उपवन स्थित प्राचीन बोधि वृक्ष के नीचे बौद्ध विद्वानों द्वारा विशेष पूजा अर्चना व ध्यान क्रिया की गई एवं विवि परिसर में भिक्षुओं द्वारा आध्यात्मिक यात्रा निकाली गई। साथ ही कार्यक्रम में बुद्ध के जीवन, उनके उपदेशों और धम्म के सिद्धांतों पर गहन चर्चा की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग के सलाहकार डॉ. हिरो हितों ने की। उन्होंने बुद्ध के जीवन दर्शन, करुणा, अहिंसा और शांति के संदेश पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं विभाग अध्यक्ष डॉ. चंद्र कीर्ति भंते ने बुद्ध पूर्णिमा को आत्मचिंतन, सेवा और मानवता की ओर अग्रसर होने का पावन अवसर बताया। डॉ. हिरो हितों ने अपने उद्बोधन में कहा कि तथागत बुद्ध का मार्ग आज भी समसामयिक है और वर्तमान समाज को हिंसा, असहिष्णुता और अज्ञानता से मुक्त कराने में सहायक हो सकता है। उन्होंने बताया कि सम्राट अशोक सुभारती स्कूल ऑफ बुद्धिस्ट स्ट्डीज द्वारा तथागत बुद्ध की शिक्षा व आदर्शों से मानव कल्याण की दिशा में विद्यार्थियों का ज्ञान वर्धन किया जा रहा है। सुभारती में देश विदेश के विद्यार्थी तथागत बुद्ध की शिक्षा से लाभान्वित हो रहे है। आयोजन के अंत में बुद्ध वंदना और ध्यान सत्र का आयोजन हुआ, जिसने उपस्थित सभी जनों को शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। इस विशेष अवसर पर सुभारती समूह के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण ने समस्त देशवासियों को बुद्ध पूर्णिमा की मंगलकामनाएं दी। उन्होंने प्रेम, करूणा, मैत्री, सद्भावना, समन्वय एवं शांति के भाव को समाज में फैलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह दिन हमें सभी प्रकार के भेदभाव को समाप्त करने और सभी के साथ समानता का व्यवहार करने की प्रेरणा देता है। इस मौके पर कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज, कार्यकारी अधिकारी डॉ. कृष्णा मूर्ति ने बुद्ध पूर्णिमा की सुभारती परिवार की ओर से सभी को बधाई दी। इस अवसर पर डॉ. पल्लबी मुखर्जी, डॉ. विवेक कुमार, डॉ. मुकेश मेहता, डॉ. शरणपाल सिंह, भंते विमल बोधि, डॉ. पिंटू मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# नानू फतेहपुर गांव में बौद्ध पंचशील के परिवार ने राहगीरों को पिलाया शरबत

**जीवन में हजारों लड़ाई जीतने से बेहतर है स्वयं पर विजय प्राप्त करना: बुद्ध**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** भीषण गर्मी को देखते हुए सोमवार को नानू फतेहपुर गांव में बौद्ध पंचशील जनकल्याण समिति द्वारा बुद्ध पूर्णिमा हर्षोल्लास से मनाई गई। जिसमें समिति के द्वारा राहगीरों को मीठा जलपान भी कराया गया तथा सभी को बुद्ध पूर्णिमा की शुभकामनाएं भी दी। समिति के अध्यक्ष प्रवीण राजवंश ने कहा कि तथागत बुद्ध के विचार आज भी प्रासंगिक है बुद्ध के विचार पूर्णतः वैज्ञानिकता पर आधारित वास्तविक सत्य है जो तर्क की कसौटी पर खरे उतरते है। बुद्ध ने कहा कि जीवन मे दुःख सत्य है जिसमें जन्म, मृत्यु, बीमारी और असंतोष शामिल है। दुःख का कारण है और इस दुःख का अंत भी किया जा सकता है जिसके लिए दुःख निवारण मार्ग है बुद्ध ने दुखो को दूर करने के लिए अष्टांगिक मार्ग बताया तथा जीवन को सुखमय बनाने के लिए पंचशील के सिद्धांत को अपनाने को कहा। जिसमें अहिंसा, चोरी न करना, व्यभिचार न करना, झूठ न बोलना तथा नशा न करना। अमित सागर ने कहा कि बुद्ध के अनुसार इंसान जैसा सोचता है वह वैसा ही बन जाता है कोई मुनष्य बुरी सोच के साथ बोलता या काम करता है तो उसे कष्ट ही मिलता है। वहीं कोई व्यक्ति शुद्ध विचारों के साथ काम करता है तो उसे जीवन मे खुशियां मिलती है। ओमदत्त कुमार और सरदेश ने कहा की बुद्ध ने कहा है कि जीवन मे हजारो लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त करना है, जैसे छत पर पानी रखना पक्षियों के लिए ऐसे समय बहुत ही पुन्य का काम है और किसी प्यासे को पानी पिलाना भी खुश रहने का अच्छा तरीका है। दीपक, अजीत, अरुनकान्त, रामानंद, अमनसिंह, ब्रजलाल, सतेंद्र, रजत, कुसुम आदि मौजूद रहे।



शरबत का वितरण करते बौद्ध पंचशील परिवार के सदस्य।

# लावड़ पुलिस चौकी पर एक महीने में दूसरी बार एसएसपी ने की कार्रवाई

**आसपा नेता वाईज अब्बास व शाहजेब ने चंद्रशेखर से कराई थी पीड़ित की बात**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** एसएसपी विपिन टाडा ने मात्र एक महीने के अंदर दो बार लावड़ चौकी पर कड़ी कार्यवाही की जिससे पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। आपको बता दें कि लगभग एक माह पहले क्षेत्र में गौकशी की बढ़ती घटनाओं को लेकर एसएसपी विपिन टाडा ने पूरी लावड़ चौकी सहित इंचौली थाना प्रभारी अतुल कुमार को भी निलंबित कर दिया था। जिसके बाद नितिन पांडेय को इंचौली थाना प्रभारी व इंद्रेश विक्रम सिंह को लावड़ चौकी प्रभारी बनाया गया था। लेकिन मात्र 15 दिन बाद ही कस्बे में एक दलित परिवार की महिलाओं पर लाठीचार्ज करने की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई।

जिसमें कुछ पुलिसकर्मी दलित समाज की महिलाओं को दौड़ा दौड़ाकर पीट रहे है। इस घटना की जांच एसपी क्राइम कर रहे हैं। इस घटना को लेकर तमाम विपक्षी पार्टियों ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की ओर हर संभव मदद का आश्वाशन दिया। इस दौरान कांग्रेस नेता सैय्यद रिहानुद्दीन, सपा विधायक अतुल प्रधान, बदर अली आदि ने भी पीड़ित परिवार से मिलकर उनका हाल चाल जाना। वहीं रविवार को कस्बे में आजाद समाज पार्टी के नेता वाईज अब्बास रिजवी व शाहजेब रसूलपुर काफी संख्या में

**शनिवार को सरधना विधायक अतुल प्रधान भी पहुंचे थे कप्तान आफिस**



कार्यकर्ताओं के साथ रविवार की देर शाम पीड़ित सुशील व सुनील के परिवार से मिले, उन्होंने आसपा के अध्यक्ष व सांसद चंद्रशेखर आजाद से वीडियो कॉल पर उनकी बात कराई उन्होंने लगभग आठ मिनट चली वार्ता में कहा कि वो पीड़ित परिवार के साथ है और कहा कि अगर उच्च अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्यवाही नहीं की तो वो बड़ा आंदोलन करेंगे। वहीं देर रात एसएसपी ने लावड़ चौकी प्रभारी इंद्रेश विक्रम सिंह, उप निरीक्षक पवन सैनी, उप निरीक्षक सुमित गुप्ता, कांस्टबल वसीम व इंचौली थाना प्रभारी नितिन कुमार पांडेय को लाइन हाजिर कर अपनी बड़ी कार्रवाई को अंजाम दे दिया।

# कांग्रेसियों ने एक दीपक शहीदों के नाम कार्यक्रम आयोजित कर दी शहीदों को श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रंजन शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने देश की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सपूतों सूबेदार पवन कुमार, सिपाही एम. मुरली नाइक, लांस नायक दिनेश कुमार, बीएसएफ के सब-इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज, सार्जेंट सुरेंद्र कुमार मोगा, राइफलमैन सुनील कुमार, और राजौरी के अधिकारी राज कुमार थापा को दीप जलाकर श्रद्धांजलि दी गई। इसके साथ ही हालिया सैन्य टकराव में शहीद हुए अन्य जवानों और आम नागरिकों की शहादत को भी नमन किया गया। कार्यक्रम का समापन दो मिनट के मौन रखकर किया गया।



महानगर अधयक्ष रंजन शर्मा पूर्व जिला अध्यक्ष अवनीश काजला ने कहा कि देश शहीदों के बलिदान को हमेशा याद रखेगा भारत मां की रक्षा मे बलिदान होने वाले एक एक सैनिक और आम नागरिकों के साथ पूरा देश एकजुटता के साथ खड़ा है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष अवनीश काजला, पूर्व महानगर अध्यक्ष जाहिद अंसारी, प्रवक्ता हरिकिशन अंबेडकर, सलीम खान, आदित्य शर्मा, मतन सिंह डेड़ा, महेंद्र शर्मा, फेज अहमद, सेवादल जिलाध्यक्ष विनोद सोनकर, रोहित पारासर, प्रवीण कुमार, अशोक कुमार, महेंद्र गुर्जर, डॉ. अशोक आर्य, शोएब साबरी, सलीम पठान, हाजी यूनुस, इरशाद मवाना, देशपाल गुर्जर, अवधेश बिहारी सक्सेना, नईम राणा, रीना शर्मा, अफसा, के. डी. शर्मा, मणि शंकर शर्मा, फुरकान अंसारी, आरिफ राजपूत आदि मौजूद रहे।

# सौरभ राजपूत हत्याकांड मामले में पुलिस ने कोर्ट में दाखिल की एक हजार पेज की चार्जशीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना ब्रह्मपुरी क्षेत्र में सौरभ राजपूत हत्याकांड तीन मार्च को हुई थी जिसमें मुस्कान रस्तोगी और साहिल शुक्ला दोनों ने मिलकर इस घटना को अंजाम दिया था पुलिस को मामले की जानकारी 18 मार्च को मिली। जिसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया था। देश को हिला कर रख देने वाले सौरभ राजपूत हत्याकांड में आरोपियों को सलाखों के पीछे और अंजाम तक पहुंचाने के लिए पुलिस लगातार उन पर कार्यवाही में जुटी हुई थी। इसी कड़ी में पुलिस की तरफ से आरोपी मुस्कान और साहिल के खिलाफ कोर्ट में एक हजार पेज की चार्जशीट सबमिट की गई है। जिसमें लगभग 50 लोगों को गवाह बनाया गया है।

सौरभ राजपूत हत्याकांड की जांच कर रहे केस के विवेचक आज एक हजार पेज की चार्जशीट का पुलिंदा लेकर कोर्ट में पहुंचे। जहां उन्होंने मुस्कान और साहिल के खिलाफ चार्जशीट सबमिट की। इस चार्जशीट में 10 पुलिसकर्मियों सहित करीब 50 लोगों को गवाह बनाया गया है। उस होटल का स्टाफ भी शामिल है, जिसमें मुस्कान और साहिल ठहरे थे। इसी के साथ मुस्कान के मां-बाप भी इस केस में मुस्कान और साहिल के खिलाफ गवाह बनाए गए हैं। एसएसपी का दावा है कि चार्जशीट में कोई भी एंगल ऐसा नहीं छोड़ा गया है, जिससे मुस्कान और साहिल को किसी प्रकार की राहत मिल सके। गौरतलब है कि सौरभ राजपूत हत्याकांड में आरोपी सौरभ की पत्नी मुस्कान और उसके प्रेमी साहिल शुक्ला की जमानत याचिका कोर्ट पहले ही खारिज कर चुकी है। थाना ब्रह्मपुरी क्षेत्र के सौरभ राजपूत की पत्नी मुस्कान का प्रेम प्रसंग साहिल शुक्ला के साथ चल रहा था। तीन मार्च की रात साहिल और मुस्कान ने बेरहमी के साथ सौरभ की हत्या करके उसके शव के कई टुकड़े करने के बाद ड्रम में डालकर सीमेंट से सील कर दिया था। इस वारदात को अंजाम देने के बाद मुस्कान और साहिल शिमला घूमने चले गए। वापस लौटने पर मुस्कान ने अपने परिजनों और पुलिस को गुमराह करते हुए सौरभ की हत्या की सूचना दी थी।

7217.410.410, 9412.486.198
जीरो बन कर आये, हीरो बन कर जाये
(R.N. 70885)
जनता क्लीनिक
M.V. RAJPOOT MD
DR. M.S. RAJPOOT B.A.M.S, Kanpur
केवल गुप्त रोगी मिले
ब्रजेश पाठक
उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार
नितिन अग्रवाल
अवार्ड विनर बेस्ट
सेक्सोलोजिस्ट
IN INDIA 2024
नामर्दी, शीघ्रपतन, हस्त मैथुन,
जल्दी डिस्चार्ज हो जाना के स्पेशल विशेषज्ञ।
बागपत में प्रतिदिनः सुबह 10:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक
पताः पैट्रोल पम्प के सामने, गौरीपुर मोड, बागपत

GLA UNIVERSITY
Accredited with A+ Grade by NAAC
Mathura | Greater Noida
27 Years of Educational Excellence
THE World University Rankings
Uttar Pradesh Shines in Asia!
Congratulations to the 5 leading private universities of Uttar Pradesh ranked in the Times Higher Education Asia University Rankings 2025.

| University Name | Band/ Rank among Private Universities | | |
|---|---|---|---|
| | Asia | India | U.P. |
| Amity University, Noida | 251-300 | 10 | 1 |
| GLA University, Mathura | 351-400 | 18 | 2 |
| Sharda University, Greater Noida | 401-500 | 22 | 3 |
| Galgotias University, Greater Noida | 501-600 | 27 | 4 |
| Shiv Nadar University, Greater Noida | 601+ | 46 | 5 |

Special applause to faculty members of GLA University for reinforcing our commitment to excellence and innovation.
— Narayan Das Agrawal, Chancellor, GLA University, Mathura
ADMISSION OPEN 2025-26
Mathura Campus: 17km Stone, NH-19, Mathura -Delhi Road, P.O. Chaumuhan, Mathura-281406 (U.P.) India
Gr. Noida Campus: 15 A, Knowledge Park - II, Greater Noida - 201310 (U.P.) INDIA
+91-9027068068 Visit us: www.gla.ac.in
EMPOWER YOUR GROWTH WITH GLA ONLINE | Find details at online.gla.ac.in



# पांच दिन के अंदर विराट कोहली-रोहित का टेस्ट से संन्यास

## ● नौ खिलाड़ी दोनों की जगह लेने को तैयार, विराट कोहली को रिप्लेस करने के लिए श्रेयस नंबर-1

**नई दिल्ली, वार्ता।** पांच दिन के भीतर भारत के दो सुपर स्टार क्रिकेटर विराट कोहली और रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया। अब टीम में रवींद्र जडेजा को छोड़कर कोई भी 60 से ज्यादा टेस्ट खेलने वाला सीनियर प्लेयर नहीं बचा है। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि प्लेइंग-11 में रोहित और विराट की जगह कौन लेगा।


विराट कोहली के जाने से टीम में मिडिल ऑर्डर के अनुभवी और मजबूत बैटर का बहुत बड़ा गैप बनेगा। जिसे भरने के लिए भी 5 दावेदार मौजूद हैं। श्रेयस अय्यर- भारत से तीनों फार्मेट में डेब्यू कर चुके श्रेयस टेस्ट में कोहली को रिप्लेस करने के नंबर-1 दावेदार हैं। वे वनडे टीम में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं, लेकिन टेस्ट में खराब प्रदर्शन के कारण फिलहाल बाहर हैं। वे 14 टेस्ट में 1 शतक और 5 फिफ्टी लगा चुके हैं। श्रेयस के नाम 15 फर्स्ट क्लास शतक भी हैं। रजत पाटीदार- इंग्लैंड के खिलाफ पिछली टेस्ट सीरीज में पाटीदार ने ही कोहली को रिप्लेस किया था। तब विराट निजी कारणों से सीरीज नहीं खेल सके थे। हालांकि, पाटीदार 3 मैचों में एक भी फिफ्टी नहीं लगा सके। घरेलू क्रिकेट में प्रदर्शन को देखते हुए वे इंग्लैंड सीरीज के लिए एक बार फिर स्क्वाड में जगह बना सकते हैं। रजत के नाम 13 फर्स्ट क्लास सेंचुरी हैं। सरफराज खान- भारत के लिए पिछले साल ही टेस्ट डेब्यू करने वाले सरफराज 1 शतक और 3 फिफ्टी लगा चुके हैं। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया दौरे पर उन्हें एक भी मैच में मौका नहीं मिला। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में सरफराज का औसत 65.61 का है। वे घरेलू पिचों के एक्सपर्ट माने जाते हैं, ऐसे में विदेशी कंडीशन में उनका कोहली को रिप्लेस कर पाना मुश्किल है। ध्रुव जुरेल- 24 साल के जुरेल भारत के लिए 4 टेस्ट खेल चुके हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भी अपनी टेक्निक से सिलेक्टर्स का ध्यान खींचा। युवा जुरेल विकेटकीपंग भी कर लेते हैं, ऐसे में प्लेइंग-11 में शामिल होने का ज्यादा आप्शन देते हैं। इंग्लैंड दौरे के लिए मैनेजमेंट उन पर भी इन्वेस्ट कर सकता है। करुण नायर- घरेलू क्रिकेट के पिछले सीजन में अपनी परफार्मेंस से सबका ध्यान खींचने वाले करुण को इंग्लैंड में भी खेलने का अनुभव है। कोहली के रिप्लेसमेंट के रूप में वे अच्छा आप्शन हैं। घरेलू मैदान पर भारत के लिए तिहरा शतक लगाने के साथ वे 23 फर्स्ट क्लास सेंचुरी भी लगा चुके हैं। रोहित शर्मा ने 7 मई को टेस्ट से संन्यास लिया। पिछले 6 साल से वे रेड बाल में ओपनिंग कर रहे थे। ओपनिंग पोजिशन पर उनकी जगह केएल राहुल परमानेंट हो सकते हैं। जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर यशस्वी जायसवाल के साथ ओपनिंग की थी। शुभमन भी ओपनिंग करने लौट सकते हैं। इनके अलावा भी 4 युवा प्लेयर्स रोहित की जगह लेने के दावेदार हैं। साई सुदर्शन-23 साल के सुदर्शन आईपीएल में अपनी परफार्मेंस के बाद चर्चा में हैं। वे भारत के लिए 3 वनडे और 1 टी-20 खेल चुके हैं। उनकी टेक्नीक और स्किल को देखते हुए रवि शास्त्री जैसे एक्सपर्ट्स उन्हें टेस्ट टीम के लिए फिट बता चुके हैं। सुदर्शन फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 7 शतक लगा चुके हैं और उन्हें इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट का अनुभव भी है। देवदत्त पडिक्कल-24 साल के पडिक्कल को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर मौका मिला था। उन्होंने नई गेंद के सामने बेहतरीन बैटिंग की थी। 2 टेस्ट के अलावा वे 2 टी-20 भी खेल चुके हैं। वे इंडिया-ए टीम से लगातार फर्स्ट क्लास मैच खेलते रहते हैं। इस फार्मेट में 6 शतक लगाकर वे 2815 रन बना चुके हैं। अभिमन्यु ईश्वरन- ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रोहित पहला मैच नहीं खेल सके, उनकी जगह स्क्वाड में ईश्वरन को ही मौका मिला था। उन्हें अब तक इंडिया डेब्यू का मौका नहीं मिला, लेकिन फर्स्ट क्लास के 101 मैचों में वे 27 शतक लगा चुके हैं। )तुराज गायकवाड- व्हाइट बाल क्रिकेट में भारत से डेब्यू कर चुके गायकवाड भी रोहित को रिप्लेस करने के उम्मीदवार हैं। हालांकि, वे घरेलू क्रिकेट में रेड बाल से ज्यादा प्राथमिकता व्हाइट बाल को देते हैं। देखना अहम होगा कि उन्हें स्क्वाड में शामिल करने के बारे में विचार होता है या नहीं। गायकवाड के नाम 7 फर्स्ट क्लास शतक हैं। रोहित और कोहली के बाद टेस्ट टीम में रवींद्र जडेजा ही इकलौते सीनियर प्लेयर बचे, जिनका करियर 12 साल से ज्यादा है। माना जा रहा है कि जडेजा अगर 1-2 साल में इस फार्मेट से रिटायर नहीं हुए तो उन्हें भी चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे की तरह साइडलाइन कर दिया जाएगा। ईशांत शर्मा, उमेश यादव और )(मान साहा भी कुछ प्लेयर रहें, जिन्हें रिटायरमेंट से पहले ही टीम से बाहर कर दिया गया था। टीम इंडिया ने युवा प्लेयर्स पर इन्वेस्ट करना शुरू कर दिया है। ऐसे में नंबर-1 टेस्ट आलराउंडर पर भी गाज गिर सकती है। जडेजा के अलावा टेस्ट टीम में जसप्रीत बुमराह और केएल राहुल ही थोड़े अनुभवी हैं। दोनों ने 45 से ज्यादा टेस्ट खेल लिए हैं। बुमराह 31 और राहुल 33 साल के हैं।

# मुझे वो आंसू याद रहेंगे जो तुमने कभी नहीं दिखाए: अनुष्का

## ● विराट कोहली के संन्यास लेने पर गंभीर बोले- शेर जैसे जुनून वाले कोहली को मिस करेंगे

**मुंबई, वार्ता।** 14 साल तक टेस्ट में भारत के लिए खेलने वाले विराट ने 123 मैचों में 9230 रन बनाए। इनमें 30 शतक शामिल हैं। पूरा क्रिकेट जगत विराट के रिटायरमेंट पर प्रतिक्रिया दे रहा है।

रवि शास्त्री बोले- विश्वास नहीं हो रहा टीम इंडिया के पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री ने कहा कि विश्वास नहीं हो रहा। आप माडर्न डे लीजेंड हैं, टेस्ट क्रिकेट में आपकी कप्तानी ने फार्मेट की दिशा बदल दी। सुखद यादों के लिए धन्यवाद, मैं इन्हें हमेशा याद रखूंगा। शास्त्री ने आगे कहा कि कोहली ने टेस्ट क्रिकेट को जुनून और आक्रामकता के साथ जिया और इस फार्मेट में भारत की पहचान को नई ऊंचाई दी। अनुष्का शर्मा ने इंस्टाग्राम पर विराट के साथ फोटो शेयर करते हुए पोस्ट में लिखा, श्वे रिकार्ड और माइलस्टोन के बारे में बात करेंगे। लेकिन मुझे वो आंसू याद रहेंगे जो तुमने कभी नहीं दिखाए, वो संघर्ष जिन्हें किसी ने नहीं देखा और वह अटूट प्यार जो आपने टेस्ट क्रिकेट को दिया। हर टेस्ट सीरीज के बाद आप थोड़े समझदार, थोड़े विनम्र होकर लौटे। आपको इन सबके माध्यम से विकसित होते देखना एक विशेषाधिकार रहा है। अनुष्का ने आगे इस पोस्ट में लिखा, श्मैंने हमेशा कल्पना की थी कि आप टेस्ट क्रिकेट में किसी अलग तरह से संन्यास ले लेंगे, लेकिन आपने हमेशा अपने दिल की बात सुनी है।



## संक्षिप्त खेल समाचार

### पाक सुपर लीग को दोबारा शुरू करने पर विचार: पीसीबी

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बाद स्थगित की गई पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) को दोबारा शुरू करने पर विचार कर रहा है। पीसीबी का मानना है कि अगर टूर्नामेंट के शेष मैचों के लिए विदेशी खिलाड़ी नहीं भी आ पाए तो भी वह लीग शुरू करने के लिए तैयार है। बांग्लादेश को इस महीने के अंत में टी20 सीरीज के लिए पाकिस्तान का दौरा करना है और बोर्ड इससे पहले ही टूर्नामेंट का फाइनल कराना चाहता है। पीसीबी सूत्र ने बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के एलान के बाद पीसीबी 16 मई से पीएसएल दोबारा शुरू करने की योजना बना रहा है। सूत्र ने कहा, फाइनल लेकर पीएसएल में हमारे आठ मैच शेष हैं और रणनीति यह है कि विदेशी खिलाड़ी के बिना भी 15-16 मई से टूर्नामेंट दोबारा शुरू किया जाए और इसे खत्म किया जाए। अधिकारियों ने कहा कि कुछ विदेशी खिलाड़ी अभी दुबई में हैं, जबकि कुछ अपने घर के लिए रवाना हो गए हैं।

### भारत की पुरुष व मिश्रित रिले टीमें विश्व चैंपियशनिप क्वालीफिकेशन से चूकी

**चीन, वार्ता।** भारत की पुरुष और मिश्रित 4 गुणा 400 मीटर टीमें विश्व एथलेटिक्स रिले 2025 से आगामी विश्व चैंपियनशिप के लिए सीधे क्वालीफिकेशन हासिल करने में विफल रहीं। शनिवार को अपना पहला अवसर चूकने के बाद आज हुई स्पर्धा में टीमों को इस सितंबर में टोक्यो में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 के लिए सीधे क्वालीफिकेशन हासिल करने के लिए अपनी हीट में शीर्ष तीन में जगह बनाने की आवश्यकता थी। मिश्रित 4गुणा 400 मीटर रिले में भारत की टी संतोष, रूपल, विशाल टीके और सुभा वेंकटेशन की चौकड़ी ने 3:14:81 का समय निकालकर हीट 2 में 4वां स्थान हासिल किया।

## ● 14 साल तक लाल गेंद के खेल में दिखाया जलवा ●

# एकदिवसीय प्रारूप में भारत के लिए खेलते नजर आएंगे विराट

### बोर्ड ने लिखा, टेस्ट क्रिकेट में एक युग समाप्त हो गया है, लेकिन विरासत जारी रहेगी

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने 14 साल तक लाल गेंद के खेल में अपना जलवा दिखाने के बाद अंततः सोमवार को टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया। अब केवल कोहली एकदिवसीय प्रारूप में भारत के लिए खेलते नजर आयेंगे। कोहली ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर लिखा कि टेस्ट क्रिकेट में पहली बार बैगी ब्लू पहनने के 14 साल हो गए। सच कहूं तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह प्रारूप मुझे ऐसी यात्रा पर ले जाएगा।

इसने मुझे परखा, गढ़ा। मैं इसे जिंदगी भर याद रखूंगा। उन्होंने कहा इस प्रारूप से दूर जाना आसान नहीं है, लेकिन यह सही लगता है। कोहली ने जून 2011 में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। उनकी शानदार बल्लेबाजी के दम पर भारतीय टीम ने कई महत्वपूर्ण जीत हासिल की और भारत को आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर पहुँचाया। उन्होंने कहा कि मैंने इसमें अपना सबकुछ झोंक दिया है और इसने मुझे मेरी उम्मीद से कहीं अधिक लौटाया है। उन्होंने अपनी जर्सी का नंबर '269' लिखा और लिखा 'साइनिंग ऑफ'। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने कोहली को धन्यवाद कहा। बोर्ड ने लिखा टेस्ट क्रिकेट में एक युग समाप्त हो गया है, लेकिन विरासत जारी रहेगी। भारतीय टीम में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। कोहली ने अपने टेस्ट करियर में 30 शतक, 31 अर्द्धशतक और सात दोहरे शतक बनाये। उन्होंने 123 टेस्ट मैच की 210 पारियों में 46-85 की औसत से की मदद से 9230 रन बनाए। इस दौरान नाबाद 254 उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा। उन्होंने 68 मैचों में भारतीय टीम की कप्तानी भी की, जिसमें 40 में भारत की जीत और 17 में हार का स्वाद चखने को मिला, जबकि 11 मैच ड्रॉ भी हुए।

कोहली ने 2016 और 2019 के बीच शानदार प्रदर्शन किया और उस दौर के सबसे प्रभावशाली बल्लेबाज उभरकर सामने आये। उन्हें टेस्ट क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के लिए वर्ष 2017 और 2018 में टेस्ट प्लेयर ऑफ द ईयर चुने गया। हालांकि 2020 की शुरुआत में उनका फॉर्म कमजोर हुआ, लेकिन उन्होंने 2023 में फिर से वापसी की। सफेद जर्सी में उन्होंने आखिरी बार ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में खेला था। इस सीरीज में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। कोहली ने मुस्कुराते हुए कहा कि मैं इस खेल का, अपने साथ खेलने वाले हर साथी का और हर उस व्यक्ति का दिल से शुक्रगुजार हूं, जिसने इस सफर में मुझे सराहा।



# तन्वी शर्मा ने जीता डेनमार्क चैलेंज बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब

## ● तन्वी ने फाइनल मुकाबले में इंडोनेशियाई खिलाड़ी को 21-13 व 21-10 से हराया

**नई दिल्ली, वार्ता।** उभरती हुई भारतीय शटलर तन्वी शर्मा ने महिला एकल के फाइनल मुकाबले में इंडोनेशिया की नी कडेक ढिंडा अमर्त्य प्रतिवी को हराकर डेनमार्क चैलेंज 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में महिला एकल का खिताब जीता। 16 वर्षीय तन्वी शर्मा ने फाइनल में मुकाबले में इंडोनेशियाई खिलाड़ी नी कडेक ढिंडा अमर्त्य प्रतिवी को 21-13, 21-10 से हराया। तन्वी का यह बीडब्ल्यूएफ इंटरनेशनल चैलेंज स्तर का दूसरा खिताब है। खेले गए मुकाबले की शुरुआत में भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी संघर्ष करती दिखीं, और इंडोनेशियाई प्रतिद्वंद्वी ने 6-2 की बढ़त बनाई। हालांकि, तन्वी ने धैर्य रखते हुए स्कोर 8-8 से बराबर कर दिया और मैच पर अपना दबदबा बनाते हुए सीधे गेम में मैच अपने नाम कर लिया। तन्वी ने सेमीफाइनल में इंडोनेशियाई शटलर मुटियारा आयु पुष्पितसारी पर 23-21, 19-21, 21-19 से हराया था।

# करिश्मा सानिल ने एथलेटिक्स वूमेंस गाला की भाला फेंक स्पर्धा में जीता सोना

### करिश्मा सानिल ने 53.33 मी. के प्रयास के साथ तीन एथलीटों में शीर्ष स्थान हासिल किया

**दुबई, वार्ता।** भारत की करिश्मा सानिल ने एथलेटिक्स वूमेंस गाला 2025 में जहां शानदार प्रदर्शन करते हुए भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। वहीं, एंसी सोजन और शैली सिंह लंबी कूद स्पर्धा में क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। रविवार को मदर्स डे पर दुबई पुलिस क्लब स्टेडियम में प्रतिस्पर्धा में 24 वर्षीय करिश्मा सानिल ने 53.33 मीटर के प्रयास के साथ तीन एथलीट में शीर्ष स्थान हासिल किया। यूएई की अलियाज्या तारेक (31.04 मीटर) थ्रो के साथ दूसरे और भारत की हर्षिता सेहरावत की (16.77 मीटर) थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रही। वूमेंस लंबी कूद में एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता भारतीय एथलीट एंसी सोजन 6.54 मीटर के सीजन के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। भारत की शैली सिंह 6.48 मीटर की लम्बी कूद लगाकर तीसरे स्थान के साथ कांस्य पदक हासिल किया। इस प्रतिस्पर्धा में अरब गेम्स की चैंपियन एसरा ओविस ने 6.66 मीटर की लम्बी कूद लगाकर स्वर्ण पदक जीता। एंसी सोजन और शैली सिंह ने शुक्रवार को इसी स्थान पर यूएई ग्रां प्री 2025 एथलेटिक्स मीट में भी हिस्सा लिया था। इस प्रतियोगिता में शैली सिंह ने 6.44 मीटर की कूद के साथ दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि एंसी सोजन 6.33 मीटर के प्रयास के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। अन्य स्पर्धाओं में रविवार को भारत की मौमिता मोंडल (24:61 सेकेंड) ने दक्षिण अफ्रीका की तमजिन(24:15 सेकेंड) में 200 मीटर रेस में 2वां हासिल किया।

### अनाहत, वीर, रमित की हार से विश्व स्क्वैश चैंपियनशिप में भारतीय अभियान समाप्त

**शिकागो, वार्ता।** विश्व स्क्वैश चैंपियनशिप में अनाहत सिंह, वीर चोटरानी और रमित टंडन की हार के साथ ही भारत का टूर्नामेंट में अभियान समाप्त हो गया। लेकशोर स्पोर्ट एंड फिटनेस सेंटर में रविवार को खेले गए दूसरे दौर में 28 मिनट तक चले मुकाबले में भारत की शीर्ष रैंक वाली महिला खिलाड़ी अनाहत को मिस्र की फैरूज अबोएलखिर के हाथों 3-1 (11-7, 8-11, 11-4, 11-3) से हार का सामना करना पड़ा। 17 वर्षीय भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी अनाहत ने पहले दौर के पांच सेट में अमेरिका की मरीना स्टेफनोनी को हराकर इस स्पर्धा के एकल में जगह बनाई थी।

# भारत-पाक सीजफायर के बाद गुजरात का अभ्यास शुरू



## 16 या 17 मई से फिर हो सकता है आईपीएल, 9 मई को रोक दिया गया था

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बाद गुजरात टाइटंस ने प्रैक्टिस शुरू कर दी है। टीम के खिलाड़ियों ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में जाकर प्रैक्टिस की। हालांकि, आईपीएल को दोबारा शुरू करने के लिए अभी आधिकारिक रूप से कोई बयान नहीं है। माना जा रहा है कि आईपीएल 16 या 17 मई से फिर से शुरू हो सकता है। 9 मई को आईपीएल को रोक दिया गया था भारत-पाक के बढ़ते तनाव के कारण आईपीएल को 9 मई को एक हफ्ते के लिए रोक दिया गया था। फाइनल सहित 16 मैच बचे हुए है। वहीं 8 मई को धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच हुए मैच को भी बीच में ही रोक दिया गया था। पंजाब ने पहले बैटिंग करते हुए 10.1 ओवर के बाद 1 विकेट के नुकसान पर 122 रन बना लिए थे। हमलों के बीच मैच रोकना पड़ा था। गुजरात पाइंट्स टेबल में टॉप पर आईपीएल रोके जाने तक लीग स्टेज के 57 मैच खत्म हो चुके थे। 58वां मैच बीच में रोका गया। 57 मैच के बाद पाइंट्स टेबल में गुजरात टाइटंस और रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु के सबसे ज्यादा 16-16 पाइंट्स रहे। बेहतर रन रेट के कारण जीटी टॉप पर रही। आईपीएल 16 मई से फिर शुरू हो सकता है। मौजूदा सीजन के बचे मुकाबले चार वेन्यू पर खेले जा सकते हैं। फाइनल मुकाबला 30 मई को मुमकिन है। नया शेडयूल जल्द जारी होगा। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने न्यूज एजेंसी एएनआई से कहा कि लीग के बाकी मुकाबले अगले हफ्ते से शुरू होंगे। इन्हें चार वेन्यू पर कराया जाएगा। जल्द ही वेन्यू फाइनल किए जाएंगे। लीग बेंगलुरु और लखनऊ मैच के साथ फिर से शुरू होगी। वहीं, पीटीआई ने एक सूत्र के हवाले से लिखा कि फाइनल मैच कोलकाता से बाहर हो सकता है। पिछले शेडयूल में प्लेआफ के मुकाबले हैदराबाद और कोलकाता में खेले जाने थे। फाइनल मैच भी कोलकाता में होना था। आईपीएल 2025 जीतने की दावेदार गुजरात टाइटंस शुरुआत से ही आईपीएल 2025 को जीतने की बड़ी दावेदार रही है। अभी इस टीम के 3 खिलाड़ी आरेंज कैप की रेस में हैं। साई सुदर्शन (509 रन), शुभमन गिल (508) और जोस बटलर (500 रन) बना चुके हैं। दूसरी ओर पर्पल कैप भी फिलहाल गुजरात टाइटंस के खिलाड़ी के पास है। गुजरात के प्रसि( कृष्णा 20 विकेट लेने के साथ पर्पल कैप होल्डर बने हुए हैं। गुजरात के अभी 3 मैच बाकी हैं और वह टेबल के टॉप-2 में जगह पक्की कर सकती है।

# एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण के लिए 24 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषित

## ● एफआईएच प्रो लीग का यह चरण 14 से 29 जून तक लंदन एंटवर्प और बर्लिन में खेला जाएगा

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने 14 से 29 जून तक होने वाली एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण में प्रतिस्पर्धा करने के लिए 24 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम घोषणा कर दी है।

एफआईएच प्रो लीग का यह चरण 14 से 29 जून तक लंदन, एंटवर्प और बर्लिन में खेला जायेगा। इस लीग भारत, ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, बेल्जियम और चीन के बीच दो-दो मैच खेले जायेंगे। भारत 14 जून को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले के साथ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। भारतीय महिला हॉकी टीम का कप्तान सलीमा टेटे को बनाया गया है जबकि अनुभवी फॉरवर्ड नवनीत कौर टीम की उप-कप्तान होंगी। टीम में गोलकीपर सविता और बिचू देवी खारीबाम हैं। चयनित डिफेंडरों में सुशीला चानू पुखरामबम, ज्योति, सुमन देवी थौदम, ज्योति सिंह, इशिका चौधरी और ज्योति छत्री शामिल हैं।

मिडफील्ड में वैष्णवी विठल फाल्के, सुजाता कुजूर, मनीषा चौहान और नेहा शामिल हैं, जबकि हमलावर मिडफील्डर सलीमा टेटे, लालरेमसियामी, शर्मिला देवी, सुनीता टोप्पो और महिमा टेटे हैं। फॉरवर्ड लाइन में दीपिका, नवनीत कौर, दीपिका सोरेंग, बलजीत कौर, रुतजा दादासो पिसल, ब्यूटी डुंगडुंग और साक्षी राणा शामिल हैं। अतिरिक्त खिलाड़ी के रूप में गोलकीपर बंसरी सोलंकी और डिफेंडर अजमीना कुजूर शामिल हैं।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

मंगलवार, 13 मई 2025

# पीएम का संबोधन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने तय कार्यक्रम के अनुसार सोमवार की सायं आठ बजे देश की जनता को सीधे संबोधित किया। राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में उन्होंने पाकिस्तान को सीधे आतंकवाद को लेकर ललकारा साथ ही अपनी सेना को इस बात के लिए बधाई दी कि उन्होंने अपने काम को बहुत ही बेहत तरीके से अंजाम दिया। आतंकवाद के विरुद्ध चलाए ऑपरेशन सिंदूर को उन्होंने महिलाओं के प्रति समर्पित करते हुए कहा कि जो भी हमारी महिलाओं के सिंदूर के साथ खिलवाड़ करेगा उसको बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह ऑपरेशन रुकने वाला नहीं है। जब तक पाकिस्तान आतंकवाद का साथ देता रहेगा सिंदूर ऑपरेशन जारी रहेगा। छह-सात मई की रात हमारी भारतीय सेना ने जिस तरह सीमापार जाकर पाक के आतंकियों को धूल चटाई और उनके तमाम ठिकाने ध्वस्त किए जिनमें 100 आतंकियों की जान चली गई। यह देश और दुनिया को बताने के लिए काफी है कि भारत अब चुप रहने वाला नहीं है। उन्होंने सीधे विश्व समुदाय को आह्वान करते हुए यह कहकर चेताया कि कश्मीर पर जब भी बात होगी तो वह उस कश्मीर पर बात होगी जिस पर पाकिस्तान ने कब्जा किया हुआ है। जाहिर है वह एक तरह से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस बयान को खारिज कर रहे थे जो उन्होंने सीजफायर की घोषणा करते हुए कहा था कि वह कश्मीर के विवाद को सुलझाने के लिए सहयोग देने के लिए तैयार है। जाहिर है यह भारत का स्टैंड नहीं है भारत हमेशा से कहता रहा है कि वह कश्मीर को लेकर तीसरे देश की मध्यस्ता स्वीकार नहीं करेगा। भारत-पाक के बीच बातचीत को लेकर उन्होंने दो टूक कहा ट्रेड और आतंकवाद साथ-साथ नहीं चल सकते। पानी और खून एक साथ नहीं बह सकता बातचीत और आतंकवाद साथ-साथ जारी नहीं रह सकते। मतलब साफ है यह पाकिस्तान के लिए सीधी चेतावनी है कि वह अगर भारत के साथ बातचीत करना चाहता है। तो उसे आतंकवाद की फैक्ट्री बंद करनी ही होगी। उन्होंने भारत में निर्मित रक्षा उपकरणों का भी जिक्र किया और कहा कि उनकी सटीकता के चलते ही पाक घुटनों पर आया और दुनिया से सीजफायर के लिए गुहार लगाता रहा। उन्होंने भारत के स्टैंड का जिक्र करते हुए कहा कि भारत भी युद्ध नहीं चाहता, लेकिन उन्होंने याद दिलाया कि शांति का रास्ता भी शक्ति के माध्यम से निकलता है इसलिए भारत का मजबूत होना भी बेहद आवश्यक है और भारत इस पर बेहतर तरीके से काम कर रहा है। जिस तरह सीजफायर हुआ उसको लेकर देश के भीतर कई तरह की बाते चल रही है। कुछ लोग इसके पक्ष में दिखाई दे रहे थे तो ऐसे लोगों की कमी भी नहीं जो कह रहे थे कि भारत को सीजफायर पर पाक को पूरी तरह सबक सिखाए बिना सहमत नहीं होना चाहिए था। इन तमाम बातों का जवाब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में लिया। अपने लगभग 22 मिनट के संबोधन में देशवासियों को पूरी तरह आश्वस्त किया कि देश सुरक्षित हाथों में है।

## देश में कुछ लोग तनाव पैदा करने में लगे



मुसलमानों के शैक्षिक, आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक विकास के बिना देश का विकास नहीं हो सकता और सरकार को इस संबंध में ठंडे दिमाग से सोचना चाहिए, देश की वर्तमान परिस्थिति में लोगों के व्यापक हित में यह आवश्यक है कि देश के राजनेता, , बुद्धिजीवी, सामाजिक कार्यकर्ता और कानूनी विशेषज्ञ एक साथ बैठकर देश की जनता के समक्ष उपस्थित विभिन्न समस्याओं, सामाजिक सुरक्षा और अन्य मुद्दों पर विचार-विमर्श करें, वर्तमान परिस्थिति में सभी का दायित्व है कि वे इन समस्याओं के समाधान में अपनी भूमिका निभाएं, देश में कुछ लोग तनाव पैदा करने में लगे हैं और सरकार भी देश की जनता का ध्यान मूल मुद्दों से भटकाने में प्रयासरत दिखती है।

**तारिक अनवर, सांसद**
**अध्यक्ष, अखिल भारतीय कौमी तंजीम**

# कोहली का टेस्ट सन्यासः क्रिकेट के सबसे महान अध्यायों में से एक

डॉ. सत्यवान सौरभ



भारतीय क्रिकेट के महान इतिहास में विराट कोहली का नाम ऐसे चमकता है जैसे कोई सितारा। पिछले चौदह वर्षों में कोहली ने एक ऐसी धरोहर बनाई है, जो न केवल उनके अभूतपूर्व आंकड़ों के लिए बल्कि खेल के प्रति उनकी जुनून, तीव्रता और नेतृत्व क्षमता के लिए भी याद रखी जाएगी। जैसे ही वे टेस्ट क्रिकेट से विदा लेते हैं, यह केवल एक खिलाड़ी का नहीं, बल्कि क्रिकेट के इतिहास का एक ऐसा अध्याय है जो आने वाली पीढ़ियों तक चर्चा का विषय रहेगा। विराट कोहली, जिन्हें आधुनिक क्रिकेट के महानतम खिलाड़ियों में से एक माना जाता है, ने 21वीं सदी में क्रिकेट खेलने का



तरीका ही बदल दिया। उनके आक्रामक बल्लेबाजी, प्रेरणादायक नेतृत्व और खेल के प्रति निष्ठा ने क्रिकेट को एक नई दिशा दी। उनकी यात्रा केवल व्यक्तिगत उपलब्धियों की नहीं बल्कि भारतीय क्रिकेट की वह प्रक्रिया है, जहां टीम की मानसिकता, दृष्टिकोण और दृष्टि उनके नेतृत्व में विकसित हुई।

### संक्रमण के दौर में एक पथप्रदर्शक

जब विराट कोहली ने 2011 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था, तब किसी ने नहीं सोचा था कि वे क्रिकेट की दुनिया में इतनी बड़ी छाप छोड़ेंगे। उस समय भारत क्रिकेट के एक संक्रमण काल से गुजर रहा था। दिग्गज खिलाड़ी जैसे सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़ और वीवीएस लक्ष्मण के संन्यास के बाद भारत को एक नए नेता की आवश्यकता थी, और कोहली ने इस जिम्मेदारी को पूरी तरह से निभाया। कोहली का क्रिकेट में प्रवेश आक्रामकता और सफलता की इच्छा से भरा था। पहले के खिलाड़ियों की तुलना में जो अधिक संयमित और नियंत्रित थे, कोहली का खेल तरीका एकदम अलग था। उन्होंने क्रिकेट के नियमों को तोड़ा और अपने आक्रामक खेल, फिटनेस के प्रति समर्पण और उत्कृष्टता की आकांक्षा से भारतीय क्रिकेट को नई दिशा दी। जल्दी ही भारतीय टीम फिटनेस और आक्रामकता के एक नए युग का प्रतीक बन गई और कोहली इस बदलाव के सिरमौर थे।

### टेस्ट क्रिकेट में

विराट कोहली का टेस्ट क्रिकेट में रिकॉर्ड स्वयं में एक मिसाल है। 27 टेस्ट शतक के साथ, वे वर्तमान में टेस्ट क्रिकेट में सबसे अधिक शतक बनाने वाले खिलाड़ियों में से एक हैं। भारत के लिए, वे सचिन तेंदुलकर के बाद दूसरे स्थान पर हैं। 8,000 से अधिक टेस्ट रन और अद्वितीय औसत के साथ, उन्होंने क्रिकेट के इस सबसे कठिन प्रारूप में खुद को साबित किया है। लेकिन कोहली की महानता केवल उनके आंकड़ों में नहीं, बल्कि इस बात में भी है कि उन्होंने टेस्ट क्रिकेट को कैसे पुनः परिभाषित किया। उस दौर में जब तेज गेंदबाज और चुनौतीपूर्ण पिचें अक्सर प्रमुख रहती थीं, कोहली ने बिना किसी डर के अपने कौशल का परिचय दिया। चाहे इंग्लैंड की स्विंग करती पिचें हो या भारत की स्पिनिंग पिचें, कोहली ने हर चुनौती का सामना किया। उनकी यात्रा 2014 में एक महत्वपूर्ण मोड़ पर पहुंची, जब उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ खराब प्रदर्शन के बाद खुद को और बेहतर बनाने का फैसला किया। उन्होंने अपने खेल में लगातार सुधार किया और अब वे टेस्ट क्रिकेट के सबसे सशक्त बल्लेबाजों में से एक माने जाते हैं। कोहली ने न केवल रन बनाए, बल्कि उन्होंने टेस्ट क्रिकेट के लिए एक नया मानक स्थापित किया।

### नेतृत्वः मैदान पर और मैदान के बाहर एक क्रांति

कोहली का व्यक्तिगत प्रदर्शन भले ही अद्वितीय हो, लेकिन उनका नेतृत्व ही उनकी असली धरोहर है। 2017 में, कोहली ने भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी संभाली और महेन्द्र सिंह धोनी से यह जिम्मेदारी ली। कोहली के नेतृत्व में भारत ने टेस्ट क्रिकेट में एक मजबूत और सफल टीम के रूप में पहचान बनाई। उनकी कप्तानी में भारत ने प्ब्ब टेस्ट रैंकिंग में नंबर 1 का स्थान लंबे समय तक बरकरार रखा।

कोहली की कप्तानी में भारत ने 2018 में ऑस्ट्रेलिया में अपनी पहली टेस्ट सीरीज जीत हासिल की, जो भारतीय क्रिकेट के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित हुई। उनकी कप्तानी में भारत ने लगातार शानदार प्रदर्शन किया, चाहे वह ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड या वेस्ट इंडीज की धरती हो। उनका नेतृत्व न केवल रणनीतिक था, बल्कि उन्होंने भारतीय क्रिकेट टीम में व्यक्तिगत जिम्मेदारी और जवाबदेही का भी माहौल बनाया। कोहली का नेतृत्व भारतीय क्रिकेट को नई ऊंचाइयों तक लेकर गया।

### टेस्ट क्रिकेटः कोहली की कठोरता की पहचान

टेस्ट क्रिकेट का असली उद्देश्य धैर्य, तकनीक और मानसिकता की परीक्षा लेना है। यह एक खिलाड़ी की चरित्र की वास्तविक परीक्षा होती है। कोहली ने बार-बार यह साबित किया कि उनके पास टेस्ट क्रिकेट में सफल होने की सारी क्षमताएं हैं। उनका समर्पण इस प्रारूप के प्रति हमेशा स्पष्ट था। कुछ क्रिकेटर जहां टी20 लीग और वनडे क्रिकेट की ओर आकर्षित होते हैं, वहीं कोहली ने हमेशा टेस्ट क्रिकेट को प्राथमिकता दी। इस खेल में उनकी उपस्थिति यह सुनिश्चित करती थी कि भारत हमेशा एक मजबूत बल्लेबाज के साथ मैदान में उतरे।

कोहली के सबसे महत्वपूर्ण योगदानों में से एक उनकी कठिन परिस्थितियों में बनाए गए शतक हैं। 2014 में एडिलेड में उनका शतक एक बेहतरीन उदाहरण है, जहां उन्होंने भारतीय टीम की गिरावट के बीच अपनी अद्वितीय बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। इसी तरह दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ उनके शतक उनके टेस्ट क्रिकेट में अपार योगदान को दर्शाते हैं। लेकिन यह सिर्फ रन बनाने की बात नहीं थी। कोहली ने टेस्ट क्रिकेट को खेलने के तरीके में भी बदलाव किया। उनका मानना था कि टेस्ट क्रिकेट को उत्साह और उद्देश्य के साथ खेलना चाहिए। उनका मानसिकता हमेशा यह थी कि टेस्ट क्रिकेट खेल का सबसे शुद्ध रूप है, और उनका लक्ष्य था कि वे इसमें जितना हो सके योगदान दें। यही कारण है कि जब वे अपने टेस्ट करियर से विदाई ले रहे हैं, तो यह उनके खेल के प्रति उनकी गहरी श्रद्धा और सम्मान को दर्शाता है।

### कोहली का प्रभावः आंकड़ों से कहीं बढ़कर

जब विराट कोहली टेस्ट क्रिकेट से विदा ले रहे हैं, तो इसे केवल उनके आंकड़ों में ही नहीं देखा जाना चाहिए। उनका वास्तविक प्रभाव भारतीय क्रिकेट की संस्कृति पर था। जब कोहली ने भारतीय टीम की कप्तानी संभाली, तो उन्होंने क्रिकेट के प्रति खिलाड़ियों के दृष्टिकोण में एक क्रांति ला दी। उनकी फिटनेस पर जोर, कड़ी मेहनत की प्रतिबद्धता और हर छोटी-से-छोटी बात पर ध्यान देने का तरीका यह दर्शाता है कि उन्होंने भारतीय क्रिकेट को एक नई दिशा दी। उनका प्रभाव भारतीय क्रिकेट की युवा पीढ़ी पर गहरा था, जो आज भी उनकी प्रतिबद्धता और आक्रामकता से प्रेरित होकर खेल में उत्कृष्टता प्राप्त करने की कोशिश कर रही है। कोहली केवल एक क्रिकेटर नहीं हैं, बल्कि एक ब्रांड, एक आदर्श और खेल के प्रति एक मिशन के प्रतीक हैं। उन्होंने यह सिद्ध किया कि केवल अच्छा क्रिकेट खेलने से ही सफलता नहीं मिलती, बल्कि आपको समर्पित, केंद्रित और महानता की ओर लगातार बढ़ते रहना पड़ता है। उनका मानसिक धैर्य और कार्य नैतिकता भविष्य की पीढ़ियों के लिए मानक बन गया है।

### एक महानता को अलविदा

विराट कोहली का टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेना एक युग का अंत है। उनके योगदान, उनके नेतृत्व और उनके खेल के प्रति समर्पण को आने वाली पीढ़ियां हमेशा याद रखेंगी। कोहली के संन्यास के बाद, क्रिकेट की दुनिया उनकी आक्रामकता, उनकी तीव्रता और उनकी शानदार क्रिकेट बुद्धिमत्ता को याद करेगी। लेकिन जो कुछ भी बचा रहेगा, वह यह है कि एक खिलाड़ी ने केवल अपने रन ही नहीं बनाए, बल्कि भारतीय क्रिकेट को एक नई पहचान दी। कोहली ने जो काम किया, वह न केवल आंकड़ों में है, बल्कि उस भावना में है जिसे उन्होंने भारतीय क्रिकेट टीम में डाला। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि भारत का नाम टेस्ट क्रिकेट में हमेशा सबसे ऊपर रहे।

# ओट्स को रोजाना नाश्ते में खाना हो सकता है नुकसानदायक

नाश्ते को दिन का पहला मील कहा जाता है और इसलिए आप जो भी खाते हैं, उसका सीधा असर आपकी सेहत पर पड़ता है। यही वजह है कि हर किसी को हेल्दी ब्रेकफास्ट करने की सलाह दी जाती है। अमूमन लोग ओट्स को एक हेल्दी नाश्ता मानते हैं। यह कहा जाता है कि ओट्स को वज़न कम करने के लिए काफी अच्छा कहा जाता है। कई बार लोग रोज ही ओट्स खाना शुरू कर देते हैं, लेकिन क्या आपको पता है कि हर दिन ओट्स खाना उतना भी अच्छा ऑप्शन नहीं माना जाता है।

जी हां, इस बात में कोई दोराय नहीं है कि ओट्स हेल्दी होते हैं, लेकिन जब रोज़ाना एक ही चीज़ खाई जाए, जिसमें ना कोई वैरायटी, ना बैलेंस, तो उसका उल्टा असर भी हो सकता है। ओट्स में फाइटिक एसिड होता है, जो मिनरल्स को ठीक से अब्ज़ॉर्ब नहीं होने देता। इसके अलावा ओट्स में प्रोटीन कम होता है, जिससे आपको जल्दी भूख लग जाती है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि हर दिन ओट्स खाने से आपको क्या-क्या नुकसान हो सकते हैं।



### मील हो जाता है बोरिंग

अगर हम रोज़ एक ही चीज़ खाते हैं, चाहे वो कितनी भी हेल्दी हो, तो शरीर उसमें से सिर्फ कुछ ही पोषक तत्व ले पाता है। साथ ही, हर दिन एक जैसा स्वाद मिलने की वजह से तरह-तरह की फूड क्रेविंग्स बढ़ने लगती हैं। ऐसे में कुछ टेस्टी मतलब तला-भुना या मीठा खाने का मन करता है। इससे कहीं ना कहीं आप अपने गोल्स से भटकने लगते हैं।

### फाइटिक एसिड से होता है नुकसान

ओट्स में फाइटिक एसिड मौजूद होता है, जो शरीर में आयरन, कैल्शियम और मैग्नीशियम जैसे ज़रूरी मिनरल्स को पूरी तरह से अब्ज़ॉर्ब नहीं होने देता। इसलिए, अगर आपको पहले से ही कमजोरी या आयरन की कमी रहती है, तो रोज़ ओट्स खाने से आपकी समस्या बिगड़ सकती है।

### प्रोटीन की कमी

आपका नाश्ता ऐसा होना चाहिए, जिसमें मैक्रो न्यूट्रिएंट्स बैलेंस हों। लेकिन ओट्स में प्रोटीन बहुत कम होता है। अगर आप बिना अंडा, पनीर, सीड्स या प्रोटीन पाउडर के ओट्स खा रहे हो, तो ऐसे में आपको नाश्ते में प्रोटीन मिल ही नहीं रहा। इससे होता ये है कि दो घंटे में फिर से भूख लग जाती है और एनर्जी भी लो हो जाती है।

***डिस्क्लेमरः इस लेख के सुझाव सामान्य जानकारी के लिए हैं, इन सुझावों और जानकारी को किसी डॉक्टर या मेडिकल प्रोफेशनल की सलाह के तौर पर न लें, किसी भी बीमारी के लक्षणों की स्थिति में डॉक्टर की सलाह जरूर लें***

# भारत व पाकिस्तान से सीजफायर के बाद कई अनसुलझे प्रश्न बाकी हैं

अशोक भाटिया



भारत और पाकिस्तान ने सीजफायर का ऐलान कर दिया है। बीते कई दिनों से दोनों देशों के बीच भयंकर तनाव चल रहा है। यह तनाव 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से शुरू हुआ, जिसमें 26 निर्दोष लोगों की मौत हो गई थी। आज भारत के विदेश सचिव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सूचना दी कि दोनों देश अब एक दूसरे पर किसी भी प्रकार का हमला नहीं करेंगे। दोनों देश केवल अमेरिकी मध्यस्थता के कारण युद्धविराम के लिए सहमत हुए हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के साथ बातचीत की, जिसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम के लिए सहमत हुए। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर दोनों देशों को बधाई दी। अमेरिका ने पहले घोषणा की कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम है और बाद में भारत ने इसकी पुष्टि की। दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम के बाद भारत ने घोषणा की थी कि हवाई, थल और समुद्र से हमले रुके जाएंगे, लेकिन विदेश मंत्री एस जयशंकर ने घोषणा की है कि आतंकवाद के मुद्दे पर कोई समझौता नहीं होगा।

सीजफायर से दोनों देशों पर हमले रुकेंगे और फायरिंग, ड्रोन और मिसाइलों का प्रवाह रुकेगा, लेकिन क्या पाकिस्तान प्रेरित आतंकवाद नहीं रुकना चाहिए। पहलगाम या पुलवामा में निर्दोष नागरिकों और सुरक्षा बलों की भयावह हत्याओं को अंजाम देने वाले आतंकवादी सामने आने चाहिए। उन्हें किसने प्रशिक्षित किया, उन्हें हथियार और स्वचालित बंदूकें किसने दीं? उन्हें किसने भेजा? उन्हें किसने कहा कि हिंदू पर्यटकों को उनके परिवारों के सामने गोली मारकर गोली मार दें और पूछें कि उनका धर्म क्या है? नरसंहार के बाद उन्हें



**भारत ने 7 मई की आधी रात के बाद ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया और पाकिस्तान में प्रवेश किया और ड्रोन और मिसाइल दागे, जिसमें 100 से अधिक आतंकी मारे गए**

किसने छिपाया? किसने उनकी रक्षा की? क्या युद्धविराम के बाद इन सवालों के जवाब मिल पाएंगे? क्या अमेरिका पाकिस्तान को इन सवालों के जवाब देने के लिए मजबूर करेगा? क्या सीजफायर से पाकिस्तान में सुधार होगा? इसकी गारंटी कौन देगा? यदि युद्ध कुछ दिन और जारी रहता तो पाकिस्तान भारत की शक्तिशाली और कुशल सेना के सामने फंस जाता। आंतरिक अशांति पाकिस्तान को और विभाजित कर देती। अमेरिका ने दोनों देशों पर युद्धविराम के लिए दबाव डाला। अमेरिका दो दिन पहले कह रहा था कि जब दोनों देशों के बीच तनाव होगा तो हम शामिल नहीं होंगे, तो अचानक क्या हुआ? युद्धविराम से किसे फायदा होगा? अगर आतंकवाद जारी है तो संघर्ष विराम क्यों, और किसके लिए? पिछले चार दिनों में, भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान में प्रवेश किया है और आतंकी शिविरों पर हवाई हमले किए हैं और पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकी शिविरों को नष्ट कर दिया है। 22 अप्रैल, 2025 को आतंकवादियों ने कश्मीर के पहलगाम में प्रकृति का आनंद लेने आए 26 पर्यटकों को गोली मार दी, उनसे उनका धर्म पूछा। परिवार की महिलाओं के सामने अपने पतियों की हत्या कर दी। जाके मोदी से कह दो कश्मीर के स्वर्ग में अपने परिवारों के साथ गई महिलाएं अपने पति के शव के साथ अपने घरों को लौट आईं। आतंकी हमले का बदला लेने के लिए, भारत ने 7 मई की आधी रात के बाद ऑपरेशन सिंदूर ऑपरेशन शुरू किया और पाकिस्तान में प्रवेश किया और ड्रोन और मिसाइल दागे, जिसमें 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए। ऑपरेशन सिंदूर ऑपरेशन के दौरान भारतीय सेना ने दुनिया को एक संदेश भेजा। नागरिकों के साथ कोई दुश्मनी नहीं है, आतंकवादियों के लिए कोई अच्छा नहीं है। पहलगाम नरसंहार के बाद पूरी दुनिया ने देखा कि पाकिस्तान और आतंकियों के बीच का रिश्ता कितना करीब है। भारत ने अक्सर दुनिया के सामने सबूत पेश किया है कि पाकिस्तान और आतंकवाद एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। भारत में आतंकवाद के मास्टरमाइंड मसूद अजहर के रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में पाकिस्तान में वर्दी में पुलिस और सेना के अधिकारी शामिल होते हैं। भारत ने इसकी क्लिप और तस्वीरें दुनिया के सामने पेश की हैं, पाकिस्तान से ट्रेनिंग लेकर आतंकी ब्रिगेड बनाई जाती हैं, भारत में खून-खराबा करने के लिए उन्हें आधुनिक हथियारों के साथ भारत भेजा जाता है और पाकिस्तान की सरकार उनकी रक्षा भी करती है। आतंकवाद ने न केवल भारत को बल्कि दुनिया के अनगिनत देशों को प्रभावित किया है। आम लोग शांतिपूर्ण जीवन जीना पसंद करते हैं, लेकिन पाकिस्तान प्रेरित आतंकवाद ने भारत में शांति और दैनिक जीवन को बार-बार दागदार किया है। पाकिस्तान उन आतंकवादियों को पसंद करता है जो भारत जाते हैं और बम विस्फोट, रक्तपात और नरसंहार करते हैं। जिनके माता-पिता, जिनके बच्चे, जिनके रिश्तेदार, उनके कुछ पड़ोसी आतंकवाद के शिकार हुए हैं। आतंकवादियों ने बंदूकें उठा ली हैं और भारत में अनगिनत महिलाओं की खोपड़ियां मिटा दी हैं।

लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद उन लोगों में से थे जिन्होंने भारत पर आतंकवादी हमले किए थे। आतंकवादियों ने 13 दिसम्बर, 2001 को भारत के सबसे बड़े संसदीय लोकतंत्र दिल्ली में संसद भवन पर हमला किया। आतंकवादियों ने 2002 में अक्षरधाम मंदिर पर हमला किया। 26 नवम्बर, 2008 को आतंकवादी समुद्र के रास्ते मुंबई आए और हमले को अंजाम दिया। बम विस्फोटों में 166 निर्दोष लोग मारे गए और 300 से अधिक घायल हो गए। मुंबई पुलिस अजमल कसाब को जिंदा पकड़ने में कामयाब रही। उन्होंने पाकिस्तान में ही आतंकवाद की ट्रेनिंग ली थी। भारत ने उसे दुनिया को पाकिस्तान के आतंकी चेहरे के रूप में दिखाया।

# सीमाओं की शेरनियां


**वे उठीं जब घने अंधेरों से,**
**ध्वंस की छाया से, मरुस्थल की लहरों से,**
**हर कण में थी बिजली की चमक,**
**हर सांस में था गर्जन का तड़प।**

**सरहदों की सलाखों पर बसी,**
**उनकी आंखों में बसी थी ध्रुव तारा की रोशनी,**
**उनके कदमों में बंधी थी,**
**धरती की धड़कन, पर्वतों की अटलता।**

**वे बसीं उस कोहरे में,**
**जहां दुश्मन की सांसें कांपें,**
**जहां बारूदी सुरंगें भी बिछ जाएं,**
**उनके हौसलों के आगे।**

**रक्त से सींचा है जिन्होंने इतिहास,**
**वो लहरें बनीं अभेद्य दुर्ग,**
**नरम दिलों में फौलाद उगा कर,**
**हर बार खड़ी हैं वे, एक नई परिभाषा।**

**सीमाओं की शेरनियां हैं वे,**
**धरती की हिम्मत, आसमान की ऊंचाई,**
**हर बार लिखेंगी वे नया इतिहास,**
**जब तक सांस है, जब तक तिरंगा है।**



प्रियंका सौरभ

# अमेरिका-चीन में बनी ट्रेड डील पर सहमति

## 115 प्रतिशत टैरिफ घटाया, अब यूएस 30 और चीन 10 प्रतिशत टैरिफ एक दूसरे पर लगाएंगे

**जेनेवा।** अमेरिका और चीन के बीच जेनेवा में ट्रेड डील पर सहमति बन गई है। दोनों देशों ने टैरिफ में 115 प्रतिशत कटौती का ऐलान किया है। जिनेवा में दोनों देशों के बीच हुए समझौते के मुताबिक अमेरिका, चीनी सामानों पर 30 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। वहीं चीन, अमेरिकी सामानों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। दोनों देशों के बीच टैरिफ में यह कटौती फिलहाल 90 दिनों के लिए हुई है। जिनेवा में दो दिनों की बातचीत के बाद दोनों देशों के बीच यह समझौता हुआ है। चीन के साथ चल रहे ट्रेड वार के बीच इसे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की बड़ी जीत माना जा रहा है। अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्काट बेसेन्ट और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमीसन ग्रीर ने ट्रेड डील को लेकर हुई बातचीत के बाद मीडिया से बातचीत की। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा-यह घाटा कम करने के लिए अच्छी डील व्हाइट हाउस ने 11 मई को एक बयान में चीन व्यापार समझौते की घोषणा की थी। हालांकि व्हाइट हाउस ने तब इसकी डिटेल नहीं दी थी। चीनी उप-प्रधानमंत्री हे लीफेंग ने कहा था कि जिनेवा में सोमवार को एक जाइंट स्टेटमेंट जारी किया जाएगा। वहीं, उप वाणिज्य मंत्री ली चेंगगैंग ने कहा कि इसमें दुनिया के लिए अच्छी खबर होगी। अमेरिकी अधिकारियों ने इसे व्यापार घाटा कम करने के लिए एक डील बताया, जबकि चीनी अधिकारियों ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच अहम सहमति बनी है और नए सिरे से आर्थिक बातचीत शुरू करने पर सहमति हुई है। पिछले महीने ट्रम्प ने चीनी सामानों पर 145 प्रतिशत टैरिफ लगा दिए थे, जिसके बदले चीन ने भी अमेरिकी सामान पर 125 प्रतिशत तक का टैरिफ लगा दिया था। जिससे दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच सालाना 600 अरब डॉलर का व्यापार लगभग रुक गया था। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर ने पत्रकारों को बताया, दोनों पक्ष बहुत जल्दी एक समझौते पर पहुंच पाए, इससे पता चलता है कि शायद मतभेद उतने बड़े नहीं थे जितना पहले सोचा जा रहा था। हालांकि, इन दो दिनों की बातचीत से पहले काफी तैयारी की गई थी।



## अमेरिका-चीन के बीच शुल्क कटौती भारत के लिए अवसर

**नई दिल्ली।** भारतीय निर्यात संगठन महासंघ (फियो) ने कहा है कि चीन और अमेरिका द्वारा हाल ही में एक-दूसरे की वस्तुओं पर आयात शुल्क में कटौती के प्रस्ताव को दोनों बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार के क्षेत्र में तनाव में महत्वपूर्ण कमी को दर्शाता है। फियो इसमें भारत के लिए अवसर और चुनौती दोनों देख रहा है। चीन ने अमेरिकी वस्तुओं पर आयात-शुल्क 90 दिनों के लिए 125 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत करने और चीन पर अमेरिका द्वारा चीनी वस्तुओं पर टैरिफ को 145 प्रतिशत से घटाकर 30 प्रतिशत करने का पारस्परिक प्रस्ताव, दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार तनाव में महत्वपूर्ण कमी दर्शाता है। फियो के अध्यक्ष एस सी रल्हन ने माना कि हालांकि इस तरह के घटनाक्रम वैश्विक व्यापार स्थिरता के लिए मोटे तौर पर सकारात्मक हैं, लेकिन वे भारत के लिए चुनौतियां और अवसर दोनों प्रस्तुत करते हैं। उन्होंने कहा कि दोनों चीन-अमेरिका के इन फैसलों से इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी और रसायन जैसे उच्च मूल्य वाले क्षेत्रों में अमेरिका-चीन द्विपक्षीय व्यापार में वृद्धि होने की संभावना है। इससे दक्षिण-पूर्व एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका जैसे तीसरे बाजारों में भारतीय निर्यातकों के लिए प्रतिस्पर्धा बढ़ सकती है, जहां भारत ने हाल ही में अमेरिका-चीन व्यापार व्यवधानों का लाभ उठाकर अपनी पैठ बनाई है। हालांकि, भारत इस बदलाव का लाभ फार्मास्युटिकल एपीआई, रत्न और आभूषण, इंजीनियरिंग सामान, कार्बनिक रसायन और आईटी-सक्षम सेवा जैसे उन क्षेत्रों में निर्यात को मजबूत करने के लिए उठा सकता है, जो अमेरिका-चीन व्यापार से अपेक्षाकृत अछूते हैं। फियो अध्यक्ष ने एक बयान में कहा कि भारत को अपनी तरजीही व्यापार पहुंच को सुरक्षित और विस्तारित करने के लिए अमेरिका के साथ गंभीरता से बातचीत करनी चाहिए, तथा एक विश्वसनीय वैकल्पिक स्रोत गंतव्य के रूप में अपनी भूमिका पर जोर देना चाहिए। रल्हन ने कहा कि टैरिफ कटौती की अस्थाई प्रकृति के कारण कंपनियां मेक इन इंडिया और पीएलआई योजनाओं के तहत भारत में विनिर्माण का विस्तार करके भविष्य की अस्थिरता से बचाव कर सकती हैं, विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटो घटकों और वस्त्रों में। उन्होंने कहा कि फियो इस उभरते परिदृश्य पर नजर रखेगा, तथा भारत के व्यापार हितों की रक्षा और संवर्धन सुनिश्चित करने के लिए नीति निर्माताओं के साथ मिलकर काम करना जारी रखेगा।

## चीन में भूकंप के तेज झटके

**ल्हासा।** दक्षिण-पश्चिम चीन के शिजांग स्वायत्त क्षेत्र के शिगाजे शहर में ल्हाजे काउंटी में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार सोमवार सुबह 5:11 बजे महसूस किए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.5 मापी गई। भूकंप के कारण किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

भूकंप का केंद्र 28.91 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 87.54 डिग्री पूर्वी देशांतर पर था। चीन के भूकंप नेटवर्क केंद्र के अनुसार, भूकंप 10 किलोमीटर की गहराई में केंद्रित था। काउंटी के स्थानीय अधिकारियों ने न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि भूकंप का जोरदार झटका महसूस किया गया, जिससे कुछ निवासी जाग गए। भूकंप के बाद काउंटी ने तुरंत प्रतिक्रिया उपाय शुरू किए, इसके टाउनशिप ने प्रभाव का आकलन किया। काउंटी से अग्निशमन और बचाव दल को भूकंप के केंद्र पर भेज दिया गया है।

जांच-पड़ताल



जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अदुल्ला हाल ही में सीमा पार से हुई गोलीबारी के बाद प्रभावित लोगों की स्थिति का आकलन करने के लिए पुंछ पहुंचे।

# भारत-पाक के बीच खतरा अभी टला नहीं

**नई दिल्ली।** भारत पाकिस्तान के बीच 4 दिन तक चला संघर्ष 10 मई की शाम 5 बजे थम गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर दोनों के बीच सीजफायर की घोषणा की। इसके बाद दोनों देशों के अधिकारियों की तरफ इसकी पुष्टि की गई। 4 दिनों तक चले संघर्ष के बाद हुए इस सीजफायर पर लेकर दुनियाभर की मीडिया का रिएक्शन भी आया। अमेरिका मीडिया ने सीजफायर के लिए ट्रम्प को क्रेडिट देने में कोई कसर नहीं छोड़ी। दूसरी तरफ कुछ अखबारों ने सीजफायर के बाद भी खतरे की आशंका जताई। न्यूयार्क टाइम्स ने सीजफायर पर रिएक्शन देते हुए लिखा कि भारत-पाकिस्तान के बीच खतरा अभी टला नहीं है। एलवाईटी के मुताबिक आने वाले समय में ऐसे और भी संघर्ष हो सकते हैं। भले ही दोनों देश जंग की कगार से पीछे हट गए हैं, लेकिन इस संघर्ष में बहुत कुछ नया था। नई मिलिट्री टेक्नोलाजी ने हवाई हमलों को तेज कर दिया है। पहली बार दोनों के संघर्ष में सैकड़ों हथियारबंद ड्रोन भी शामिल हुए। अमेरिकी अखबार वाशिंगटन पोस्ट ने लिखा कि अमेरिका ने भारत-पाक में संघर्ष विराम कराने में मदद की, लेकिन पूछा कि क्या यह टिक पाएगा। चार रात तक भारत और पाकिस्तान के प्रमुख शहरों के आसमान में मिसाइलें और ड्रोन उड़ते रहे। परमाणु हथियार से संपन्न पड़ोसी देश पूरी तरह युद्ध की तरफ बढ़ रहे थे। फिर अचानक राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संघर्षविराम की घोषणा कर दी। सीएनएन ने लिखा-सबसे भयानक लड़ाई के खत्म होने की उम्मीद जगी, भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर लागू होता दिख रहा है। दोनों पक्षों ने इस सहमति पर अपनी प्रतिबद्धता जता रहे हैं। इसकी वजह से दो परमाणु हथियार वाले देशों के बीच दशकों में हुई सबसे बड़ी रुक गई है। फ्रांसीसी अखबार फ्रांस 24 ने 10 मई की शाम हुए सीजफायर और उसी रात सीजफायर उल्लंघन पर प्रतिक्रिया दी। अखबार ने लिखा कि रात भर चली चली झड़पों के बावजूद भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर जारी है। भारत-पाकिस्तान में संघर्ष विराम पर ब्रिटिश अखबार द गार्जियन ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी। अपने विश्लेषण में द गार्जियन ने लिखा कि भले ही दोनों देश जंग की कगार से पीछे हट गए हैं, लेकिन दशकों विवाद और शत्रुता अभी भी कायम है।



इमरान रजा अपने पिता, बीएसएफ सब-इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज को श्रद्धांजलि देते हुए जिन्होंने जम्मू जिले में ड्यूटी के दौरान अपनी जान गंवा दी।

# इजरायल ने फिर किया गाजा में हमला, 16 लोगों की मौत

## आश्रय स्थल पर हमले में ज्यादातर बच्चे-महिलाएं हुईं शिकार

**दीर अल-बलाह।** गाजा में इजरायल की तरफ से हवाई हमले लगातार जारी है, वहीं ताजा हमले में 16 लोगों की मौत हो गई है। इसे लेकर स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि आश्रय स्थल पर हमले में ज्यादातर बच्चे-महिलाएं शिकार बने हैं। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय की आपातकालीन सेवा ने बताया कि जबालिया इलाके में एक स्कूल पर हुए हमले में मारे गए लोगों में कम से कम पांच बच्चे और चार महिलाएं शामिल हैं। इसने यह भी बताया कि कई लोग घायल हुए हैं। इस मामले में इजरायली सेना का कहना है कि वह केवल आतंकवादियों को निशाना बनाती है और नागरिकों की मौत के लिए हमास को दोषी ठहराती है क्योंकि उसके लड़ाके घनी आबादी वाले इलाकों में काम करते हैं। नवीनतम हमले पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई। बता दें कि, यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस सप्ताह सऊदी अरब, कतर और संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा पर जा रहे हैं। दो महीने पहले युद्धविराम समाप्त करने के बाद, इजरायल गाजा पट्टी में युद्ध को और तेज कर रहा है, जहां भोजन, दवा और अन्य आपूर्ति पर 10 सप्ताह की नाकाबंदी के कारण मानवीय संकट और भी बदतर हो गया है।



## अफगानिस्तान में खदान ढही, तीन की मौत

काबुल। उत्तरी अफगानिस्तान के बदख्शां प्रांत में रविवार को बेशकीमती पत्थरों की एक खदान का एक हिस्सा ढहने से तीन खनिकों की मौत हो गई है। प्रांतीय सरकार के अधिकारी मोहम्मद कामगर के हवाले से सोमवार को यहां टोलोन्यूज ने बताया कि कल अश्कशिम जिले में बेशकीमती पत्थरों की खदान में काम कर रहे खनिक अचानक खदान का एक हिस्सा ढह जाने से दब गए। इससे तीन श्रमिकों की मौके पर ही मौत हो गई। गौरतलब है कि इस वर्ष मार्च के अंत में इसी तरह की एक दुर्घटना में बदख्शां के पड़ोसी तखर प्रांत में दो स्वर्ण खनिकों की जान चली गई थी।

# इजरायल ने यमन बंदरगाहों पर हमले किए

**सना।** इजरायली सेना ने रविवार देर रात पश्चिमी यमन के होदेइदाह प्रांत में तीन बंदरगाहों पर हवाई हमले किए। यमन के विद्रोही समूह हौती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी की रिपोर्ट के अनुसार निकासी की चेतावनी जारी करने के तुरंत बाद इजरायली सेना की ओर से ए हमले किए गए। हमलों में होदेइदाह, रास इस्सा और अस-सलिफ बंदरगाहों को निशाना बनाया गया, जो सभी लाल सागर के किनारे स्थित हैं। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। स्थानीय निवासियों ने चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि हौती कार्यकर्ता हमलों से पहले ईंधन की खेप प्राप्त करने के लिए बंदरगाहों को तैयार कर रहे थे। हमलों से लगभग 40 मिनट पहले इजरायल ने कथित तौर पर नागरिकों को क्षेत्रों को छोड़ने की चेतावनी दी थी। इससे पहले दिन में, ब्रिटिश समुद्री व्यापार संचालन ने भी जहाजों को हौती-नियंत्रित बंदरगाहों के पास के जल क्षेत्र से दूर रहने की सलाह दी थी। यह हमला मंगलवार को इजरायली हवाई हमलों के जवाब में किया गया, जिसमें सना में दर्जनों लोग मारे गए और राजधानी के हवाई अड्डे को नष्ट कर दिया गया, जिसमें तीन वाणिज्यिक विमान भी शामिल थे। रविवार के हमले हाल के हफ्तों में हौथी-नियंत्रित बंदरगाहों पर इजरायली हमलों की श्रंखला में नवीनतम हैं, उन क्षेत्रों में ईंधन की बढ़ती कमी के बीच। पिछले हफ्ते, ओमान ने घोषणा की कि उसने हौथियों और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच एक युद्धविराम समझौता कराया है, जिसके तहत हौथियों ने हौथी ठिकानों पर अमेरिकी हवाई हमलों को रोकने के बदले में लाल सागर में अमेरिकी जहाजों पर हमलों को निलंबित करने पर सहमति व्यक्त की। गौरतलब है कि हौती समूह ने शुक्रवार को इजरायल के बेन गुरियन हवाई अड्डे पर मिसाइल हमले की जिम्मेदारी ली।

# भारत से तीन मुद्दों पर बातचीत होः आसिफ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने सोमवार को कहा कि पाकिस्तान और भारत के बीच बातचीत में कश्मीर, आतंकवाद और पानी के तीनों प्रमुख मुद्दे शामिल होने चाहिए। जियो न्यूज से बात करते हुए उन्होंने कहा कि ये तीनों मुद्दे ऐतिहास से जुड़े हुए हैं। इन पर चर्चा होनी चाहिए। वहीं पाकिस्तान के केंद्रीय मंत्री मोहसिन नकवी ने सोमवार को कहा कि भारत की सभी पांच मोर्चे पर हार हुई है। उन्होंने कहा कि भारत न सिर्फ थल सेना, नौ सेना और वायु सेना के मोर्चे पर हारा है, बल्कि डिप्लोमेसी और मीडिया के मोर्चे पर भी हार हुई है। नकवी ने कहा कि बलूचिस्तान में सक्रिय सभी भारतीय प्रॉक्सी को भी हराया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत पाकिस्तान पर दोबारा हमला करने से पहले दो बार सोचेगा। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि पाकिस्तान और भारत के बीच बातचीत में कश्मीर, आतंकवाद और पानी के तीनों प्रमुख मुद्दे शामिल होने चाहिए। उन्होंने कहा कि ये तीनों मुद्दे ऐतिहास से जुड़े हुए हैं। इन पर चर्चा होनी चाहिए। आसिफ ने कहा, पाकिस्तान और भारत के लिए इन मुद्दों को हल करने का एक बड़ा मौका है। दोनों देशों के बीच ज्यादातर संघर्ष कश्मीर मुद्दे के कारण हुए हैं। पाकिस्तान के संघीय गृहमंत्री मो. हसिन नकवी ने सोमवार को कहा कि भारत की सभी पांच मोर्चे पर हार हुई है। उन्होंने कहा कि भारत न सिर्फ थल सेना, नौ सेना और वायु सेना के मोर्चे पर हारा है, बल्कि डिप्लोमेसी और मीडिया के मोर्चे पर भी हार हुई है। नकवी ने कहा कि बलूचिस्तान में सक्रिय सभी भारतीय प्राक्सी को भी हराया जाएगा।

## इंडोनेशिया में विस्फोट से चार सैनिकों समेत 13 लोगों की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के पश्चिमी जावा प्रांत में सोमवार को इस्तेमाल करने की अवधि समाप्त हो चुके गोला-बारूद को नष्ट किए जाने के दौरान कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई। एक सैन्य अधिकारी ने यह जानकारी दी। इंडोनेशियाई सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल वाह्यु युधायाना ने बताया कि यह घटना जकार्ता समयानुसार सुबह 9:30 बजे गरुट रीजेंसी के सागरा गांव में हुई। पीड़ितों में चार सैनिक और नौ नागरिक शामिल हैं। उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इंडोनेशियाई सेना के चार कर्मी और समुदाय के नौ सदस्य मारे गए। उन्होंने कहा कि दो छेदों में विस्फोट सफलतापूर्वक किया गया हालांकि, जब टीम तीसरे छेद में डेटोनेटर तैयार कर रही थी, तो एक अप्रत्याशित विस्फोट हुआ।

# 3400 करोड़ का विमान गिफ्ट में मिलेगा ट्रम्प को

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को दुनिया का सबसे महंगा तोहफा मिलने वाला है। कतर सरकार ट्रम्प को तोहफा में लग्जरी बोइंग 747-8 जंबो जेट देने वाली है। इस विमान की कीमत 400 मिलियन डॉलर (लगभग 3400 करोड़ रुपये) है। ट्रम्प मंगलवार को कतर के दौर पर जाएंगे। तब इसका आधिकारिक तौर पर ऐलान किया जा सकता है। यह तोहफा किसी भी अमेरिकी राष्ट्रपति को मिलने वाला अब तक का सबसे महंगा विदेशी उपहार होगा। हालांकि ऐलान के बाद भी ट्रम्प को यह तोहफा अभी नहीं मिलेगा। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी के मुताबिक इसमें समय लग सकता है। 2029 में राष्ट्रपति ट्रम्प का कार्यकाल पूरा होने से पहले ही इस विमान का इस्तेमाल किया जा सकेगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक ट्रम्प इस विमान को अस्थाई रूप से एयर फोर्स वन के विकल्प के तौर पर इस्तेमाल करेंगे। एयर फोर्स वन अमेरिकी राष्ट्रपति का आधिकारिक विमान होता है। फिलहाल ट्रम्प का निजी विमान ट्रम्प फोर्स वन एक पुराना 757 जेट है, जो 1990 के दशक का है। इसे 2011 में खरीदा गया था।

कतर का प्लेन अभी के फोर्स वन से कहीं ज्यादा आधुनिक और शानदार है। हालांकि कतर ने इस बात से अब तक इनकार किया है कि प्लेन तोहफा में दिया जा रहा है। बीबीसी के मुताबिक सरकार के प्रवक्ता अली अल-अंसारी ने कहा कि प्लेन के ट्रांसफर को लेकर दोनों देशों के बीच बातचीत चल रही है। फिलहाल कोई फैसला नहीं किया गया है। ट्रम्प के कार्यकाल के अंत में यह प्लेन उनकी लाइब्रेरी को दान कर दिया जाएगा। हालांकि रिपोर्ट में कहा गया है कि तोहफा मिलने के बाद भी ट्रम्प इस प्लेन का तुरंत इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे।



सुरक्षा मंजूरी मिलने में कुछ समय लग सकता है। ट्रम्प तोहफा में मिले लग्जरी बोइंग 747-8 जंबो जेट का इस्तेमाल कुछ सालों बाद ही कर पाएंगे। ट्रम्प ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान दो बोइंग 747 को आधुनिक बनाने के लिए एक सौदा किया था, जिसका इस्तेमाल नए एयर फोर्स वन विमान के रूप में किया जाता। लेकिन बोइंग के साथ हुए सौदे में बार-बार देरी के कारण बजट से 2 बिलियन डॉलर से ज्यादा हो गया है। बोइंग ने कहा कि प्लेन की डिलीवरी में साल 2027 तक का वक्त लग सकता है। ट्रम्प इससे नाराज हुए थे। उन्होंने कहा था कि वह विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। इसके बाद ट्रम्प फरवरी में कतर के 747-8 प्लेन को देखने गए थे। तब यह प्लेन फ्लोरिडा में पाम बीच एयरपोर्ट पर खड़ा था। ट्रम्प ने कहा था कि वे बोइंग से खुश नहीं हैं। वे बहुत लेट डिलीवरी करते हैं, ऐसे में हम एक प्लेन खरीद सकते हैं, या कहीं से हासिल कर सकते हैं।